RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 243
नई दिल्ली, सोमवार, 10 जुलाई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

विक्रमसिंघे 21 जुलाई से भारत की दो दिवसीय यात्रा करेंगे

विदेश-10

उत्तर भारत में भारी वर्षा, बाढ़-भूस्खलन से 20 मौतें

हिमाचल में पांच, उत्तराखंड में आठ, जम्मू-कश्मीर में दो सैनिकों समेत चार की मौत, उप्र में तीन, राजस्थान में गई छात्र की जान

- दिल्ली समेत कई शहरों कस्बों में सड़कें जलमग्न, नदियां उफान पर, आवासीय क्षेत्रों, कार्यालयों में पानी भरने से जनजीवन अस्त-व्यस्त
- मानसून आने के बाद से अब तक 243.2 मिमी बारिश, जो सामान्य रूप से होने वाली वर्षा 239.1 मिमी से दो प्रतिशत अधिक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में उफनाई ब्यास नदी का पानी लोगों के घरों में घुस गया। दूसरी ओर वहीं जम्मू कश्मीर के पुंछ में भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में बहे दो लांस नायक तेलु राम और नायब सूबेदार कुलदीप सिंह के शव मिले (इनसेट)

उत्तर भारत के कई हिस्सों में रविवार को मूसलाधार बारिश हुई। इसे हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर आदि में भूस्खलन और अन्य वर्षाजनित घटनाओं में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई।

दिल्ली समेत कई शहरों-कस्बों में सड़कें जलमग्न हो गईं और आवासीय क्षेत्रों, कार्यालयों में पानी भरने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। नदियां पूरे उफान पर हैं। कारों, मकानों और पेड़ों के नदियों में बहने के भयावह फोटो और वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं। जुलाई के शुरुआती आठ दिनों में देश के ज्यादातर हिस्सों में भारी बारिश हुई, जिसने देशभर में वर्षा में कमी की भरपाई तो कर दी है, लेकिन लोगों की मुसीबतें भी बढ़ा दी हैं। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, मानसून के आगमन के बाद से अब तक 243.2 मिलीमीटर (मिमी) बारिश हुई है, जो सामान्य रूप से होने वाली वर्षा 239.1 मिमी से दो प्रतिशत अधिक है। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ में पांच लोगों की मौत हो गई, कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए और जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। इस बीच, प्रशासन ने दो दिनों के लिए विद्यालयों और कॉलेजों को बंद करने का आदेश दिया है। अधिकारियों ने बताया कि सभी प्रमुख नदियां उफान पर है। राज्य आपदा अभियान केंद्र के अनुसार, राज्य में बीते 36 घंटों में भूस्खलन की 14 बड़ी घटनाएं और अचानक बाढ़ आने की 13 घटनाएं हुईं।

इस दौरान 700 से अधिक सड़कें बंद कर दी गईं। राज्य में रावी, ब्यास, सतलुज, चिनाब सहित सभी प्रमुख नदियां उफान पर हैं। लाहौल और स्पीति के चंद्रताल में 200 लोग फंसे हुए हैं। शिमला और कालका के बीच यूनेस्को धरोहर रेल मार्ग सभी ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। जम्मू कश्मीर के पुंछ में भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में दो सैनिक बह गए। उनके शव बरामद कर लिए गए हैं। अधिकारियों ने (शेष पेज 9)

गृह मंत्री अमित शाह ने स्थिति का जायजा लिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लगातार बारिश के मद्देनजर स्थिति का रविवार को जायजा लिया। उन्होंने पंजाब तथा हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और दिल्ली तथा जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपालों से बात की। गृह मंत्री ने उन्हें बारिश से उत्पन्न स्थिति से निपटने में सभी केंद्रीय मदद का आश्वासन दिया। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में भारी बारिश को देखते हुए गृह मंत्री ने उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना से भी बात की और स्थिति की जानकारी ली। गृह मंत्री ने जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी बात की और भारी बारिश के कारण स्थगित की गई अमरनाथ यात्रा (शेष पेज 9)

17 ट्रेन रद्द, 12 के मार्ग परिवर्तित

उत्तर रेलवे ने क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश होने के चलते करीब 17 ट्रेन रद्द कर दी और अन्य 12 के मार्ग परिवर्तित किए गए हैं। उत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि जलभराव के कारण चार स्थानों पर यातायात स्थगित किया गया है। इनमें नोगांवां(अंबाला)-न्यू मोरिंडाअ नांगल डैम-आनंदपुर साहिब और कीरतपुर साहिब-भरतगढ़ रेलमार्ग शामिल हैं। उत्तर रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) दीपक कुमार ने कहा, लगातार हो रही बारिश के चलते, दिल्ली क्षेत्र से परिचालित की जाने वाली ट्रेन पर कड़ी नजर रखी जा रही है। रद्द की गई ट्रेन में फिरोजपुर कैन्ट एक्सप्रेस, अमृतसर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, चंडीगढ़ इंटरसिटी एक्सप्रेस और चंडीगढ़ से अमृतसर जंक्शन एक्सप्रेस शामिल हैं। मार्ग परिवर्तित की गई ट्रेन में मुंबई सेंट्रल से अमृतसर एक्सप्रेस, अमृतसर एक्सप्रेस, दौलतपुर चौक एक्सप्रेस शामिल हैं।

दिल्ली में 1982 के बाद सर्वाधिक बारिश, यमुना में बाढ़ का खतरा

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भारी बरसात से लोगों को आवागमन में भारी असुविधा हुई

- हथिनीकुंड बैराज से एक लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया
- आप सरकार ने सोमवार को सभी स्कूल बंद रखने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक पिछले 24 घंटे की अवधि में 153 मिलीमीटर (मिमी) बारिश दर्ज की गई। यह जुलाई के महीने में लगभग 40 वर्षों में एक दिन में सर्वाधिक है।

मौसम विभाग के अनुसार, इससे पहले 25 जुलाई 1982 को 169.9 मिमी बारिश हुई थी। भारी वर्षा के कारण आप सरकार ने सोमवार को सभी स्कूल बंद रखने के निर्देश दिए हैं। दूसरी ओर, हथिनी कुंड बैराज से एक लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, इससे शहर (शेष पेज 9)

गुरुग्राम में लोगों को घर से काम करने की सलाह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

दिल्ली से सटे मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में रविवार को भारी वर्षा के बाद जगह-जगह पर जलभराव हो गया और कई हिस्सों में यातायात जाम हो गया। प्रशासन ने कॉरपोरेट कार्यालयों को अपने कर्मियों से सोमवार के लिए घर से काम कराने तथा विद्यालयों को छुट्टी की घोषणा करने की सलाह दी है। भारी वर्षा से शहर में बहुत खराब स्थिति उत्पन्न हो गई है। सड़कों, उद्यानों, अंडरपास, बाजारों और यहां तक कि स्कूलों एवं (शेष पेज 9)

तेलंगाना चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा ने की बैठक

हैदराबाद हवाईअड्डे पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत करते भाजपा तेलंगाना इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष जी किशन रेड्डी

भाषा। हैदराबाद

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को यहां दक्षिणी और कुछ अन्य राज्यों के वरिष्ठ पार्टी नेताओं की एक बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों और अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। हैदराबाद में भाजपा के तेलंगाना मुख्यालय में आयोजित क्षेत्रीय सलाहकार बैठक में पार्टी महासचिव बी एल संतोष और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ पार्टी के सांसदों और विधायकों तथा राज्य इकाइयों के अध्यक्ष सहित अन्य लोग शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा की तेलंगाना इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने ट्वीट किया, जे पी नड्डा जी आज हैदराबाद में भाजपा की 12 राज्यों की इकाइयों के अध्यक्षों की बैठक को संबोधित करेंगे। इससे पहले, रेड्डी ने यहां बेगमपेट हवाई अड्डे पर नड्डा के आगमन पर उनका स्वागत किया था। रेड्डी ने हाल ही में कहा था कि दक्षिणी राज्यों में पार्टी को मजबूत करने के लिए एक कार्य योजना पर दिनभर की बैठक में चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा था कि बैठक में इस साल के अंत में तेलंगाना में होने वाले विधानसभा चुनाव पर भी बात की जाएगी।

वॉयस कॉल से दूरसंचार कंपनियों के राजस्व में भारी गिरावट

- ओटीटी के बढ़ते प्रयोग से दूरसंचार कंपनियों की कमाई में वॉयस कॉल की हिस्सेदारी 80% घटी
- एसएमएस सेवाओं से राजस्व में 94 प्रतिशत की कमी आई

भाषा। नई दिल्ली

दूरसंचार कंपनियों के राजस्व में वॉयस कॉल का हिस्सा पिछले 10 साल में 80 प्रतिशत तक घट गया है। वहीं एसएमएस सेवाओं से राजस्व में 94 प्रतिशत की कमी आई है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की ओर से जारी एक परिपत्र के अनुसार, यह गिरावट पिछले 10 साल में इंटरनेट आधारित कॉलिंग और संदेश सेवा का इस्तेमाल बढ़ने से आई है। ट्राई के अनुसार, इंटरनेट के इस्तेमाल से प्रति ग्राहक औसत राजस्व (एआरपीयू) जून, 2013 तिमाही से दिसंबर, 2022 तिमाही तक 10 गुना बढ़ गया है।

व्हॉट्सएप, गूगल मीट, फेसटाइम आदि संदेश और कॉलिंग ऐप का नियमन करने के लिए ट्राई ने हाल ही में जारी अपने परिपत्र में कहा कि संदेश, वॉयस कॉलिंग के लिए ओवर द टॉप (ओटीटी) ऐप के बढ़ते उपयोग से दुनियाभर में दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों की कमाई का प्रमुख जरिया अब संदेश और कॉल के बजाय इंटरनेट हो गया है। एआरपीयू के सभी प्रमुख घटकों में जून, 2013 से दिसंबर, 2022 तिमाही तक गिरावट हुई है। एआरपीयू दूरसंचार कंपनियों की वृद्धि को मापने का प्रमुख तरीका है।

ट्राई के दस्तावेज के अनुसार, दूरसंचार कंपनियों के कुल राजस्व में इंटरनेट से कमाई की हिस्सेदारी 2013 के 8.1 से लगभग 10 गुना बढ़कर दिसंबर, 2022 में 85.1 प्रतिशत हो गई है। हालांकि, इस दौरान दूरसंचार कंपनियों का एआरपीयू 123.77 रुपए से बढ़कर सिर्फ 146.96 रुपए हुआ है। आंकड़ों के अनुसार, जून, 2013 तिमाही और दिसंबर, 2022 तिमाही के बीच (शेष पेज 9)

गोलवलकर पर विवादास्पद पोस्टर साझा कर घिरे दिग्विजय सिंह

- मध्य प्रदेश में दो मामले दर्ज किए गए

भाषा। इंदौर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रमुख एमएस गोलवलकर को लेकर सोशल मीडिया पर विवादास्पद पोस्टर साझा कर विद्वेष फैलाने के आरोप में कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह के खिलाफ इंदौर एवं गुना में आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इंदौर शहर के पुलिस आयुक्त मकरंद देउस्कर ने संवाददाताओं को बताया, हमें यह शिकायत प्राप्त हुई थी कि सिंह ने उन बातों को गोलवलकर का कथन बताते हुए सोशल मीडिया पर साझा किया जो उन्होंने (पूर्व सर संघचालक) कभी कहीं ही नहीं थीं। इस शिकायत पर सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

देउस्कर ने बताया कि सिंह के खिलाफ आरोपों की जांच के बाद आगामी कदम उठाए जाएंगे। इंदौर के तुकोगंज पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि स्थानीय वकील और संघ कार्यकर्ता राजेश जोशी की शिकायत पर सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153-ए (धर्म के आधार पर दो समूहों के बीच वैमनस्य फैलाना), धारा 469 (ख्याति को नुकसान पहुंचाने के इरादे से जालसाजी), धारा 500 (मानहानि) और धारा 505 (सार्वजनिक शांति भंग करने के इरादे से भड़काऊसामग्री प्रसारित करना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। जोशी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि सिंह ने शनिवार को ट्विटर और फेसबुक पर गुरुजी (संघ हलकों में गोलवलकर का लोकप्रिय नाम) के नाम और तस्वीर वाला विवादास्पद पोस्टर साझा किया ताकि दलितों, पिछड़ों, मुसलमानों और हिंदुओं में वैमनस्य पैदा कर उन्हें संघर्ष के लिए उकसाया जा सके। शिकायत में कहा गया कि गोलवलकर के बारे में सिंह के फेसबुक पोस्ट से संघ कार्यकर्ताओं और समस्त हिन्दू समुदाय की धार्मिक आस्था कथित तौर पर आहत हुई है।

सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के बाद जोशी ने पीटीआई-भाषा से कहा, सोशल मीडिया पर सिंह के साझा किए गए पोस्टर में दलितों, पिछड़ों और मुसलमानों के बारे में गुरुजी के नाम और तस्वीर के दुरुपयोग से एकदम फर्जी बातें छापी गई हैं। ये बातें गुरुजी ने कभी नहीं कही थीं। संघ के एक स्थानीय पदाधिकारी ने मीडिया को भेजे बयान में आरोप लगाया कि सिंह ने इस संगठन की छवि धूमिल करने के लिए सोशल मीडिया पर गोलवलकर को लेकर मिथ्या और अनर्गल पोस्ट साझा किया।

उधर, वहीं, गुना से मिली रिपोर्ट के अनुसार केशव शर्मा की शिकायत के बाद दिग्विजय सिंह के खिलाफ गुना में भी रविवार दोपहर मामला दर्ज किया गया। केशव गुना के रहने वाले हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने (शेष पेज 9)

क्विक न्यूज

पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री ओपी सोनी आय से अधिक संपत्ति मामले में गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने 2016 से 2022 के दौरान आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में कांग्रेस के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री ओ.पी. सोनी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो के एक प्रवक्ता ने कहा कि 10 अक्टूबर, 2022 को मामले की जांच का आदेश दिया गया था, जिसके बाद सोनी के खिलाफ अमृतसर रेंज के सतर्कता ब्यूरो थाने में रविवार को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, एक अप्रैल 2016 से 31 मार्च 2022 तक की जांच अवधि के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री और उनके परिवार की आय 4,52,18,771 रुपए थी जबकि खर्च 12,48,42,692 रुपए था। आमदनी के मुकाबले खर्च 7,96,23,921 रुपए (176.08 प्रतिशत) अधिक था। उन्होंने दावा किया, इस दौरान आरोपी ओ. पी. सोनी ने अपनी पत्नी सुमन सोनी और बेटे राघव सोनी के नाम पर संपत्तियां अर्जित कीं। प्रवक्ता ने कहा कि इस मामले में विस्तृत जांच जारी है।

आदिवासी खा जाते हैं कीट, कीवी उत्पादन बढ़ा

- फसल को नुकसान पहुंचाने वाले चेफर बीटल को चुनकर स्वादिष्ट व्यंजन के रूप में खाते हैं अपाटानी जनजाति के लोग
- कीवी की फसल में नहीं करना पड़ता हानिकारक कीटनाशकों का उपयोग

अर्चना ज्योति। नई दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश की जीरो घाटी में स्वदेशी अपाटानी जनजातियां कीवी पर लगने वाले कीड़े- चेफर बीटल का सेवन कर बिना हानिकारक कीटनाशकों का उपयोग किए अपनी फसलों को बर्बाद होने से बचा रही हैं। करंट साइंस जर्नल में प्रकाशित एक शोध से पता चला है कि जिन क्षेत्रों में आदिवासियों द्वारा इन कीटों को खाने की परम्परा या आदत है, वहां कीवी की फसलों में न केवल जहरीले कीटनाशकों का उपयोग लगभग बंद हो गया है, बल्कि कीवी की उपज में वास्तव में बहुत अच्छी हो रही है।

अरुणाचल प्रदेश में लोगों की इस आदत के फसलों पर फायदे देख शोधकर्ताओं ने पर्यावरण के अनुकूल तरीके से कीट प्रजातियों के प्रबंधन के लिए अन्य क्षेत्रों में भी ऐसी एंटोमोफैगी प्रथाओं यानी कीटों को खाने की आदत को अपनाने के महत्व पर जोर दिया है। कीट प्रबंधन और एंटोमोफैगी का पारंपरिक ज्ञान 'उत्तर पूर्व भारत के अरुणाचल प्रदेश की अपातानी जनजाति द्वारा कीवी फसल प्रबंधन पर परिप्रेक्ष्य' शीर्षक वाले अध्ययन में जीरो घाटी और याचुली क्षेत्र के सात-सात गांवों के आदिवासी समुदाय के सदस्यों और कीवी किसानों के साक्षात्कार लिए गए हैं। साथ ही महत्वपूर्ण कीवी उत्पादक बोमडिला क्षेत्र के छह गांवों को भी इस शोध में शामिल किया गया है। शोध में खेतों में जाकर कीटों को एकत्र करने से संबंधित सभी गतिविधियों को तस्वीरों के माध्यम से दर्शाया गया है।

राजीव गांधी विश्वविद्यालय, रोनो हिल्स, ईटानगर में प्राणीशास्त्र विभाग की झरना चक्रवर्ती ने बताया कि हमने पाया कि अपातानी जनजाति के लोग चेफर बीटल की तीन किस्मों को अधिक पसंद करते हैं, जिन्हें स्थानीय रूप से जोजेर, डिकांग-डिलांग और सांको-तापू के नाम से जाना जाता है। ये क्रमश: एनोमला, फाइलोफागा और लेपिडियोटा प्रजातियों से संबंधित हैं और मिट्टी से निकलते हैं। मिट्टी से निकलने के बाद कीवी बागानों और जंगली शाहबलूत पेड़ों पर लिपटते हैं, जिससे बड़े पैमाने पर पत्तियां गिरती हैं। ग्रामीण इन कीड़ों को उस समय एकत्र करते हैं जब ये बड़ी संख्या में जमीन से निकलते हैं और उन्हें स्वादिष्ट व्यंजन के रूप में पका कर खाते हैं। आमतौर पर भृंगों के पंखों को हटाकर और फिर उन्हें भूनकर, धूम्रपान करके या उबालकर तैयार किया जाता है। चक्रवर्ती ने कहा कि अपातानी जनजाति का इतिहास खंगालने से पता चलता है कि किसी जमाने में आदिवासी जनजातियां इन कीटों का उपयोग अन्य वस्तुओं और सेवाओं के बदले में लेन-देन के रूप में किया करते थे। इसके अलावा, हाल के वर्षों में इस क्षेत्र में जैविक कीवी की खेती में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। विशेष यह कि इन बागवानी क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के कीटनाशक का उपयोग नहीं किया जा रहा है। जैविक कीवी फल उत्पादन में वृद्धि से अरुणाचल प्रदेश विशेष रूप से जीरो वैली को बहुत फायदा हुआ है।

यहां कीवी-आधारित उत्पादों में विशेषज्ञता वाले कई सूक्ष्म, लघु और मध्यम स्तर के कारोबार चल रहे हैं। शोधकर्ताओं ने अध्ययन के दौरान यह भी पाया कि जैसे-जैसे कीवी की खेती का विस्तार हुआ, खाद्य पॉलीफैगस बीटल जीरो वैली एग्रोइकोसिस्टम में चेस्टनट पेड़ों को छोड़कर कीवी पौधों की ओर अधिक आकर्षित हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जिन (शेष पेज 9)

राज्यपाल रवि तमिलनाडु की शांति के लिए खतरा: स्टालिन

- राष्ट्रपति को पत्र लिख कर आरएन रवि को हटाए जाने की मांग की

भाषा। चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राज्यपाल आर. एन. रवि की शिकायत करते हुए कहा है कि राज्यपाल सांप्रदायिक नफरत को भड़काते हैं और वह तमिलनाडु की शांति के लिए खतरा हैं। मुख्यमंत्री ने पत्र में जोर देकर कहा, राज्यपाल के व्यवहार और कदम ने साबित किया है कि वह पक्षपात करने वाले हैं और राज्यपाल के पद पर रहने के लायक नहीं है। रवि शीर्ष पद से हटाए जाने योग्य हैं।

स्टालिन ने राष्ट्रपति से कहा कि वह उन पर छोड़ते हैं कि रवि को पद से हटाया जाए या नहीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति फैसला करें कि भारत के संविधान निर्माताओं की भावना और गरिमा पर विचार करने के बाद तमिलनाडु के राज्यपाल को पद पर बनाए रखना क्या वांछित और उचित होगा। सरकार की ओर से यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, राष्ट्रपति मुर्मू को लिखे पत्र में स्टालिन ने आरोप लगाया कि रवि ने संविधान के अनुच्छेद 159 के तहत ली गई पद की शपथ का उल्लंघन किया है।

स्टालिन ने आठ जुलाई, 2023 को लिखे पत्र में कहा, रवि सांप्रदायिक नफरत को भड़का रहे हैं और वह तमिलनाडु की शांति के लिए खतरा हैं। मुख्यमंत्री ने पत्र में दावा किया कि हाल में राज्यपाल द्वारा मंत्री वी. सेंथिल बालाजी को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने संबंधी कदम से उनके राजनीतिक झुकाव का पता चलता है। राज्यपाल ने बाद में सेंथिल बालाजी को बर्खास्त करने संबंधी अपने फैसले को वापस (शेष पेज 9)

झमाझम वर्षा से डूबा शहर, प्राधिकरण की खुली पोल

● सड़कों से लेकर घरों में पानी भरने से लोग परेशान रहे, अंडरपास और ग्रीन बेल्ट में पूरे दिन पानी भरा रहा।

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

झमाझम बारिश और निकासी ठीक नहीं होने से नोएडा के सड़क पानी से डूब गई।

शहर में रविवार को भी दिनभर हुई वर्षा से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। सड़कों से लेकर घरों में पानी भरने से लोग परेशान रहे। अंडरपास और ग्रीन बेल्ट में पूरे दिन पानी भरा रहा। फ्लाईओवर के नीचे ढलाई वाले स्थान पर कई वाहन फंस गए।

जलभराव से वाहनों की रफ्तार थम गई। कई इलाकों में लोगों के घरों और बाजार में दुकानों में पानी भर गया। वर्षा से सबसे ज्यादा हालात डीएससी रोड पर हुए जहां घुटनों-घुटनों तक पानी भर गया। इस दौरान कई दोपहिया व चार पहिया वाहनों में पानी घुस गया जिससे लोगों की फजीहत हो गई। इस दौरान लोग पानी निकासी नहीं होने के कारण नोएडा प्राधिकरण को कोसते नजर आए। कई लोगों की कारों के सिलेंसर, इंजन में पानी घुस गया और गाडियां बंद हो गई। मानसून से लगातार वर्षा ने न सिर्फ शहर की सफाई व्यवस्था की न सिर्फ पोल खोल दी, बल्कि नोएडा प्राधिकरण के कार्यशैली पर भी सवालिया निशान लगा दिया। वर्षा की वजह से नालियों का पानी सड़कों पर बहने लगा है। नालियों की गंदगी सड़कों पर दिख रही है। प्लास्टिक, पत्ते व अन्य कचरा सड़कों पर फैल गए है। कुछ देर के बाद काफी कचरा उन्हीं नालियों में समा रहा है। दोपहिया वाहनों की चालकों की हालत तो और भी खराब थी। वह हाथ में वाहन लिए पानी के बीच काफी दूर पैदल चले। सेक्टर-95 स्थित महामाया फ्लाईओवर के नीचे, दलित प्रेरणा स्थल, सेक्टर-27 कार मार्केट, सेक्टर-38ए जीआइपी माल, सेक्टर-18ए स्थित डीएलएफ माल के पास सड़क के बाहर जलभराव हुआ। लगातार दूसरे दिन सुबह के समय से देर शाम तक कभी तेज तो कभी हल्की वर्षा होती रही। इससे घरों से बाहर जरूरी काम से निकलने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि रविवार होने के कारण राहत की बात यह है कि सड़क पर ट्रैफिक का दबाव कम है। लेकिन शहर के निचले हिस्से में पानी रुकने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकतम तापमान 27 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया। नोएडा का एक्यूआई 55 व ग्रेटर नोएडा का 66 दर्ज किया गया। स्काईमेट वेदर के मौसम विज्ञानी का कहना है कि मानसून की अक्षीय रेखा भारत-गंगा के मैदानी इलाकों के ऊपर से उत्तर की ओर जा सकती है। इसलिए अगले पांच दिनों तक वर्षा की गतिविधियां जारी रहने की उम्मीद है।

वहीं अगले दो से तीन दिनों तक भारी वर्षा होगी। अलनीनो का असर जुलाई के दूसरे पखवाड़े के बाद दिखना शुरू होगा जब बारिश की गतिविधियां कम हो सकती हैं। वहीं बीच में वर्षा रुकने के कारण लोग मौज मस्ती के लिए शापिंग माल और पार्क पहुंचे।

पार्क, बाजार, शापिंग माल में हलचल रही। लोगों ने खानपान के साथ शापिंग की। सेक्टर-18 स्थित डीएल एफ माल इंडिया, सेक्टर-38ए जीआइपी माल, सेक्टर-32ए स्थित लाजिक्स माल, सेक्टर-95 स्थित दलित प्रेरणा स्थल में शाम को चहल पहल रही। लेकिन वापसी के वक्त जाम से परेशानी हुई।

गाजियाबाद के 16 परिषदीय विद्यालयों का होगा कायाकल्प

● 16.95 करोड़ से संवारी जाएगी स्कूलों की सूरत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जिले के 16 परिषदीय विद्यालयों में 16.95 करोड़ की लागत से आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत निर्माण एवं सुंदरीकरण कार्य कराया जाएगा। इन विद्यालयों में आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत हुए सर्वे के आधार पर 19 पैरामीटर पूरे नहीं थे। इनमें चारदीवारी और शौचालय व टाइलीकरण की भी कमी थी। विद्यालयों को सुंदरीकरण एवं निर्माण कार्य के लिए चिह्नित किया गया था।

जल्दी ही इन विद्यालयों में मरम्मत एवं सुंदरीकरण कर सभी 19 पैरामीटर को पूरा किया जाएगा। कायाकल्प के लिए बजट पास हो चुका है और टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। इन विद्यालयों की दीवारों पर सुंदर चित्रकारी एवं पौधारोपण कर विद्यालय के परिसर को भी आकर्षक बनाया जाएगा। 16 परिषदीय विद्यालयों में फ्लोर टाइल्स, आइएसआइ मार्क इंटरलाकिंग टाइल्स एवं शौचालय का निर्माण कार्य, चारदीवारी, छत निर्माण एवं सबमर्सिबल लगाने आदि का कार्य विद्यालयों में जरूरत के आधार पर कराया जाएगा।

इनमें ज्यादातर विद्यालय ऐसे हैं जिनमें चारदीवारी व टाइलीकरण एवं सुंदरीकरण कार्य कराया जाना है। एक विद्यालय में छत का निर्माण कार्य होगा और इनमें पांच विद्यालयों में शौचालय का निर्माण कार्य होगा।

रवि कुमार एनजी बने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ

● अतिरिक्त प्रभार संभाल रही ऋतु महेश्वरी को हटाया गया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

रवि कुमार एनजी

उत्तर प्रदेश में शनिवार देर रात सरकार ने चार वरष्ठि अधकिारयिों का तबादला किया है। इसमें अपर सचिव से लेकर कमश्निर तक को इधर से उधर किया गया है। जानकारी के मुताबिक, करीब आठ महीने बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को स्थायी सीईओ मिल गया है।

उत्तर प्रदेश शासन ने गोरखपुर के कमिश्नर रवि कुमार एनजी को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का सीईओ बनाया है। ऋतु माहेश्वरी से ये जिम्मेदारी वापस ले ली है। हालांकि वह नोएडा प्राधिकरण की सीईओ बनी रहेंगी। दरअसल पिछले दिनों किसानों के दो महीने से अधिक समय तक चले धरने को समाप्त कराने को लेकर प्राधिकरण स्तर से कोई प्रयास नहीं किए गए थे। किसानों की मांगों को हल करने के लिए भी ठोस पहल नहीं की जा रही थी। करीब दो सप्ताह पहले मुख्यमंत्री का गौतमबुद्ध नगर दौरा हुआ था। उससे एक दिन पहले धरना समाप्त कराया गया था। इससे मुख्यमंत्री काफी नाराज थे। इसके बाद अटकलें लगने लग गई थीं कि जल्द ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से रितु माहेश्वरी को रवाना कर दिया जाएगा। बीते दिनों ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी और किसानों के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली थी, जहां किसानों ने अथॉरिटी पर गंभीर आरोप लगाते हुए अपनी मांगों को लेकर लंबे वक्त तक धरना दिया था।

करीब दो हफ्ते पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गौतमबुद्ध नगर के दौरे पर आए थे और उससे एक दिन पहले ही प्राधिकरण ने किसानों को समझा कर धरने को खत्म कराया था। नए सीईओ के आगे किसानों की मांग और सरकार के बीच मध्यस्थता करना सबसे बड़ी चुनौती होगी। किसानों की मांग है कि उन्हें नए भूमि अधिग्रहण कानून के तहत मुआवजा, 10 प्रतिशत आबादी भूखंड, 17.5 प्रतिशत कोटा, लीजबैक, प्राधिकरण की भूखंड परियोजना में, शिफ्टिंग पॉलिसी, रोजगार आदि मांगों को लेकर प्रदर्शन किया था।

कौन हैं रवि कुमार एनजी

रवि कुमार एनजी साल 2004 के आईएएस अधिकारी हैं। रवि कुमार एनजी 2004 बैच के यूपी कैडर के आईएएस हैं। उन्होंने अपने प्रशासनिक सेवा की शुरुआत यूपी के झांसी से की थी। वह अब तक लखनऊ, आगरा, गोरखपुर, उन्नाव, मथुरा और अंबेडकरनगर जैसे जनपदों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। कर्नाटक के रहने वाले रवि कुमार योगी सरकार में यूपी पर्यटन के महानिदेशक और संस्कृति एवं धार्मिक मामलों के सचिव के रूप में काम कर चुके हैं। साथ ही वो केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर वह पूर्व जल मंत्री उमा भारती के निजी सचिव रह चुके हैं। साल 2021 में उनका तबादला गोरखपुर मंडल का आयुक्त नियुक्त किया गया था।

सीमा और सचिन को देखने पहुंच रहे लोग

● लोग बोले-दोनों को अलग नहीं करना चाहिये, सीमा ने सरकार से भारतीय नागरिकता देने की मांग की

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पब्जी गेम खेलते समय प्यार में पड़ी पाकिस्तानी महिला सीमा और ग्रेटर नोएडा के सचिन से मिलने के लिए लोग उनके घर रबूपुरा पहुंच रहे हैं।

सीमा और सचिन से मिलने के लिए उनके घर रबूपुरा में लोगों का ताता लगा हुआ है। जब से वह जेल से वापस आए हैं। तभी से मीडिया और उसके अलावा आसपास के लोग उनसे मिलने के लिए पहुंच रहे हैं। पाकिस्तान के कराची की रहने वाली सीमा हैदर सचिन के प्यार में पाकिस्तान से भारत चली आई। लेकिन इस बात की भनक पुलिस को लग गई और दोनों लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया। हालांकि शुक्रवार को कोर्ट ने उन्हें शर्तों पर जमानत दे दी। जिसके बाद सीमा सचिन के घर पहुंच गई।

जैसे ही सीमा और सचिन अपने घर पर पहुंचे उसके बाद सचिन के घर पर मीडिया वालों का तांता लग गया। इसके अलावा आसपास रहने वाले लोग भी इन लोगों को देखने के लिए पहुंचे। सोशल मीडिया पर भी जमकर सीमा की रील और उनके प्यार की कहानी छाई हुई है। काफी लोगों ने कहा है कि गदर 3 की कहानी पहले से ही लीक गई है। सीमा और सचिन जल्दी ही गंगा स्नान के लिए जाएंगे।

सीमा ने कहा कि वह सचिन के साथ नेपाल के पशुपति मंदिर में शादी कर चुकी है लेकिन अब वह लोग गंगा स्नान करके आएंगे। पहले ही हिंदू धर्म अपना चुकी है और अपना जीवन सचिन के साथ ही हिंदू बनकर गुजारना चाहती है। सीमा हैदर पाकिस्तान के कराची से अपने 4 बच्चों को लेकर नेपाल के रास्ते होते हुए ग्रेटर नोएडा पहुंच गई थी। अब सीमा वापस पाकिस्तान नहीं जाना चाहती हैं। सीमा ने बताया था कि उसको भारत के लोग बहुत ही अच्छे लगे और यहां के सभी लोग प्यार करने वाले हैं भारत और पाकिस्तान में बहुत अंतर है। सीमा हैदर के द्वारा बनाई गई एक टिक टॉक की वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो इसने पाकिस्तान में ही सचिन के लिए बनाई थी। हालांकि सीमा ने भी बताया था कि गदर फिल्म के गाने उसे बहुत अच्छे लगते हैं। रबूपुरा में स्थित सचिन के घर पर शनिवार से ही लोगों की भीड़ जमा है। मीडिया वाले हों या आसपास रहने वाले लोग। दोनों को देखने पहुंच रहे हैं। सीमा सचिन ने बताया कि उन्हें लोगों का बहुत प्यार मिल रहा है और सभी आकर आशीर्वाद दे रहे हैं।

ज्ञात हो कि पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर गुलाम और उसके प्रेमी सचिन को शनिवार को नोएडा जेल से रिहा कर दिया गया। दोनों सुबह 11 बजे रबुपुरा स्थित सचिन के घर पहुंचे। यहां कपल ने मीडिया से बात की। सीमा ने कहा. मैंने सचिन से नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में शादी की थी। हिंदू धर्म भी अपना लिया है। इसके बाद भी दुनिया फ्रूफमांगती है। इसलिए अब मैं कोर्ट मैरिज करूंगी और गंगा भी नहाऊंगी। सचिन को तीन साल से जानती थी। उनके बगैर मैं नहीं रह सकती।

संक्षिप्त समाचार

फर्जी जीएसटी फर्म चलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार।

मोदीनगर में सड़क हादसे में युवक की मौत

गाजियाबाद। मोदीनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर मोदी स्टील फैक्टरी के पास देर रात दस बजे तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद आरोपी चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया है। नगर की राजबाला एन्कलेव कॉलोनी निवासी पवन कुमार 25 पुत्र मथुराप्रसाद परिवार के साथ रहते थे। शनिवार रात को वह बाइक से मोदीनगर से दुहाई अपने जीजा के पास जा रहे थे। जब वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर मोदी स्टील फैक्टरी के सामने पहुंचे तो पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। लोगों ने पवन कुमार को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मोदीनगर दिल्ली मेरठ मार्ग पर मोदी मंदिर के सामने रात को तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गए।

पति पर आपत्तिजनक फोटो वायरल करने का आरोप

नोएडा। कोतवाली सेक्टर-58 में एक महिला ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें आरोपित पर आपत्तिजनक फोटो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित करने का आरोप लगाया है। महिला ने अपने पति पर फोटो प्रसारित करने या कराने का संदेह भी जताया है। मूलरूप से जौनपुर की महिला ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में बताया है कि पिछले चार साल से उसका पति से घरेलू हिंसा और दहेज उत्पीड़न का केस चल रहा है। वह वर्तमान में सेक्टर.58 स्थित एक निजी कंपनी में नौकरी करती है। महिला के पास करीब चार साल का बेटा भी है। पीड़िता ने बताया कि पति पिछले तीन साल से उसकी बात नहीं हुई है, लेकिन पिछले कुछ समय से इंस्टाग्राम पर एक व्यक्ति आपत्तिजनक फोटो प्रसारित कर रहा है। वह फोटो करीब चार साल पुराने हैं और सिर्फ पति के पास हो सकते हैं। महिला को संदेह कि उसका पति उसे बदनाम करने के उद्देश्य से इंटरनेट मीडिया पर फोटो प्रसारित कर रहा है या करा रहा है। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

सभासद समेत तीन पर लगा छेड़छाड़ का आरोप

गाजियाबाद। मोदीनगर में एक कॉलोनी निवासी महिला से पीछा कर छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। महिला ने एक सभासद सहित तीन युवकों के खिलाफमोदीनगर थाने में तहरीर दी है। युवती ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को ट्वीट कर चेतावनी दी है कि यदि मेरी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई तो वह थाने के सामने आत्मदाह कर लेगी। महिला पुलिस पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगा रही है। महिला की चेतावनी के बाद शुक्रवार रात को सभासद सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। नगर की एक महिला परिवार सहित रहती है। महिला का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला एक युवक काफी समय से परेशान कर रहा और अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ करता है। शुक्रवार रात को सवा नौ बजे जब महिला अपना मोबाइल ठीक कराने निवाड़ी रोड पहुंची तो युवक भी पीछे पीछे आ गया। आरोप है कि युवक ने एक सभासद के साथ मिलकर अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ की। महिला ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी। महिला का आरोप है कि पुलिस सभासद को बचा रही है।

धर्मांतरण मामले में 650 पेज की चैट मिली

● पुलिस का दावा-राहिल 13 लड़कियों के संपर्क में था

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में धर्मांतरण सिंडिकेट से जुड़े लोगों की करीब 650 पेज की वॉट्सऐप चैट पुलिस को मिली है। इसमें एक व्यक्ति कह रहा है, मौत को याद करने कब्रिस्तान जाना है। इस चैट में प्रीप्रेशन ऑफ डेथ जैसे शब्द भी लिखे मिले हैं। एक अन्य चैट्स में राहिल उर्फ राहुल अग्रवाल अपनी ऑफिस सहकर्मी से कह रहा है। अल्लाह का डर अब और बढ़ गया है।

तू भी तौबा कर ले, हर उस चीज से, जिससे अल्लाह ने रोका है। बहुत कम वक्त है, सुकून में दाखिल हो जा। लड़की बोलती है, मैं हिम्मत नहीं जुटा पाती। इस पर राहिल कहता है. वो कहां से लाऊं, देखले तेरे सामने है हक और बातिल। लड़की बोलती है, मेरे सामने ही तो नहीं कुछ। ऐसा लगता है कि मुझे सब ठुकरा रहे। राहिल कहता है. एक तरफ मां-बाप, उनके झूठे रिवाज और उनकी मोहब्बत, दूसरी तरफ सच और थोड़ी कुर्बानी। गाजियाबाद पुलिस का कहना है कि राहिल उर्फ राहुल अग्रवाल इस तरह 13 हिन्दू लड़कियों के संपर्क में था। इसमें से तीन को वो ब्रेनवॉश की तरफ ले जा चुका था।

अपने ऑफिस की एक और लड़की का वो बेहद जल्द धर्मांतरण कराने वाला था। पुलिस को कुछ चैट्स डिलीट मिली हैं, जिन्हें रिकवर करने के लिए साइबर सेल की हेल्प ली जा रही है। मोबाइल फोरेंसिक जांच के लिए भेजे जाएंगे। ये रैकेट कहां तक फैला हुआ था, कितने युवक इस जाल में फंसे थे, इस पर पुलिस की तफ्तीश जारी है। माना जा रहा है कि ये सिंडिकेट काफी बड़ा है। ऐसे में पुलिस को विदेशी फंडिंग की भी संभावना दिख रही है।

महागुन मिलेनिया मॉल के पास धंसी सड़क

गाजियाबाद। निर्माणाधीन महागुन मिलेनियम मॉल के पास बारिश के कारण रविवार दोपहर सड़क और फुटपाथ धंस गया।

निर्माणाधीन मॉल के पास करीब 50 फीट गहरे गड्ढे में बारिश का पानी भर गया है। इसकी वजह से गोल चक्कर से ग्लास गेट की तरफ आने वाली सड़क व फुटपाथ निर्माणाधीन माल के सामने धंस गया। पुलिस ने एहतियात के तौर पर उस इलाके में आवागमन बंद कर दिया गया है और मोटर की मदद से निर्माणाधीन मॉल के गड्ढे से पानी निकालने का काम शुरू कर दिया गया है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक मूर्ति गोल चक्कर पर फ्लैट बायर्स भारी बारिश के बीच धरना प्रदर्शन करते रहे।

होमबायर्स का प्रदर्शन, एक ही मांग- आखिर कब मिलेगा घर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक मूर्ति गोल चक्कर पर फ्लैट बायर्स द्वारा लगातार हर रविवार को धरना प्रदर्शन किया जाता है। आज तेज बारिश के दौरान भी फ्लैट बायर्स द्वारा भीगते हुए रजिस्ट्री और पजेशन की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।

पिछले कई सालों से बायर्स आशियाना व मालिकाना हक दिलाने के लिए गुहार लगा रहे हैं। फ्लैट बायर्स पिछले 7 महीने से लगातार हर रविवार को प्रदर्शन रहे हैं। ग्रेटर नोएडा की अलग.अलग सोसाइटियों के निवासियों द्वारा हर रविवार की तरह इस रविवार भी घर खरीदारों ने एक मूर्ति गोल चक्कर पर प्रदर्शन किया।

घर खरीदार लगातार मांग कर रहे हैं कि रुके हुए प्रोजेक्ट में कंस्ट्रक्शन शुरू हो, वहीं जिन प्रोजेक्ट में घर मिल गए हैं। सुपरटेक इको विलेज तीन के रहने वाले चेतन कपूर ने बताया कि हम ना शीतलहर में रुके, ना ही भीषण गर्मी में यह प्रदर्शन थमा और ना ही यह कारवां बरसात में रुकने वाला है। अपने फ्लैट के पजेशन की मांग जारी रहेगी।

मास्टरमाइंड मनु की गिरफ्तारी के लिए छह राज्यों में दबिश

● नोएडा प्राधिकरण के खाते से 3.9 करोड़ निकालने का मामला, हर सप्ताह सिम बदलता था मास्टमाइंड

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

प्राधिकरण के खाते से 3.9 करोड़ रुपये निकाले जाने के मामले में वांछित गिरोह के सरगना मनु पोला की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम छह राज्यों में दबिश दे रही है।

वहीं इस गिरोह में पांच से ज्यादा जालसाजों के शामिल होने की बात सामने आई है। वहीं शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार अब्दुल खादर को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस की टीम को मनु पोला के कुछ मोबाइल नंबर मिले हैं। जांच में यह बात सामने आई है कि मनु चार से पांच मोबाइल रखता था। वह हर सप्ताह सिम बदल देता था। नोएडा पुलिस प्राधिकरण का फर्जी अधिकारी बनकर पैसे का ट्रांजैक्शन करने वाले अब्दुल खादिर की गिरफ्तारी के बाद सरगना मनु पोला समेत अन्य जालसाजों की तलाश में जुटी है। नोएडा पुलिस की छह टीमें गुजरात, पुडुचेरी, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल से लेकर अन्य राज्यों में दबिश दे रही है।

तीन बच्चों की मां और युवती का अनोखा प्रेम!

● थाने पहुंची- बोली सखी के साथ रहना चाहती है

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उत्तर प्रदेश के मैनपुरी से एक चौंका देने वाला मामला सामने आया है। यहां पर तीन बच्चों की मां अपने पति को छोड़कर अपनी सहली के साथ फरार हो गई। वह मैनपुरी से नोएडा चली आई। तीन बच्चों की इस मां का कहना है कि पति तो बेकार है, सखी तू ही सच्चा प्यार है।

इस मामले में सहेली तथा महिला के परिवार वालों ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस जब दोनों को खोजने में जुटी तो दोनों खुद थाने ही पहुंच गई। इस दौरान शादीशुदा महिला ने कहा कि वह अपनी सहेली के साथ ही रहना चाहती है। पूरा मामला मैनपुरी जनपद के कुरावली थाना क्षेत्र के हविलिया गांव का है। गांव निवासी संजीव की पत्नी खुशबू की मुलाकात करीब 6 माह पहले वंदना नामक एक युवती से हुई थी। बताया जा रहा है कि वंदना खुशबू के ससुराल में उससे आए दिन मिलने के लिए आती थी। लगातार वंदना के घर आने के चलते खुशबू का पति संजीव इसका विरोध करता था और वंदना द्वारा की जाने वाली हरकतों को देखकर वह नाराजगी प्रकट करता था। संजीव अपनी पत्नी खुशबू से कई बार कह चुका था कि वह वंदना से ना मिले। इस बात को लेकर दोनों में कहासुनी भी होती थी।

इधर बीते 27 अप्रैल को खुशबू अचानक अपने तीनों बच्चों के साथ गायब हो गई। खुशबू और तीनों बच्चों की काफी खोजबीन की गई लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली इसके बाद खुशबू के पति संजीव द्वारा कुरावली थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई।

वहीं वंदना भी अपने घर से गायब थी ऐसे में वंदना के पिता अशोक कुमार द्वारा भी बिछवां थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। गुमशुदगी दर्ज करने के बाद दोनों की तलाश पुलिस टीम द्वारा की जा रही थी। जांच पड़ताल में पता चला कि दोनों नोएडा में रह रही है। दोनों को पकड़ने के लिए पुलिस नोएडा जाने वाली थी उससे पहले ही वंदना और खुशबू थाने पहुंच गईं। इस दौरान खुशबू ने कहा कि उसका पति उसके साथ मारपीट करता है जिसके चलते वह वंदना के साथ नोएडा चली गई थी।

उसने पुलिस की पूछताछ में यह भी बताया कि वह बची हुई जिंदगी वंदना के साथ ही गुजारना चाहती है। वंदना से ही उसे सुख मिलता है।

काफी देर तक दोनों को समझाया गया लेकिन दोनों एक दूसरे के बगैर और आने के लिए तैयार नहीं हुई ऐसे में लिखा पढ़ी करवाने के बाद पुलिस ने उन्हें अपने मर्जी से जाने की इजाजत दे दी। महिला और युवती के प्रेम को लेकर इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

दिल्ली पानी-पानी, सड़क पर उतरी सरकार

अधिकारियों की छुट्टियां रद्द, मंत्रियों को भी जलभराव वाले स्थलों पर पहुंचने के निर्देश

● भारी बारिश से जखीरा में मकान व श्रीनिवासपुरी में स्कूल दीवार गिरी, कई जगह पेड़ ढहे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में लगातार दूसरे दिन भारी बारिश होने के कारण कई इलाके पानी-पानी हो गए। मथुरा रोड, आईटीओ, मिटों ब्रिज समेत कई सड़कों पर दो से तीन फुट तक पानी भर गया। इस वजह से लोगों को आवाजाही में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कनॉट प्लेस, मंडी आउस, विकास मार्ग, लाजपत नगर, नेब सराय, राजधानी पार्क, ओखला अंडरपास, दिल्ली गोल्फ क्लब के पास की सड़क, टिकरी कलां मेट्रो स्टेशन के पास और अपोलो जसोला मेट्रो स्टेशन के पास, बहादुरगढ़, नांगलोई, नजफगढ़ आदि इलाकों में जलभराव से यातायात बुरी तरह प्रभावित रहा। भारी बारिश के कारण मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सभी सरकारी अधिकारियों की रविवार की छुट्टी रद्द कर दी और उन्हें जलभराव वाले क्षेत्रों में रहने का निर्देश दिया।

इसी प्रकार मंत्रियों और महापौर को समस्याग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण करने को कहा। भारी बारिश से जखीरा में मकान व श्रीनिवासपुरी में स्कूल दीवार ढह गई। कई जगह पेड़ गिरे। अच्छी बात यह रही है कि इन घटनाओं में किसी के हताहत होने की सूचना है। इसके अलावा उत्तर रेलवे की अब तक 20 से ज्यादा ट्रेनों के आवागमन पर भी असर पड़ा है। दिल्ली सरकार के अधिकारियों के अनुसार, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को रविवार दोपहर तक जलभराव से संबंधित 38 शिकायतें मिलीं। ज्यादातर शिकायतें ओखला मेन रोड, कमला नगर, निलोठी, रणहोला, किराड़ी आदि से संबंधित थीं। पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी ने कहा, पीडब्ल्यूडी नियंत्रण कक्ष 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे की निगरानी के जरिए जलभराव की स्थिति पर नजर रख रहा है। सीसीटीवी कैमरों के अलावा उन्हें ईमेल, व्हाट्सऐप, सोशल मीडिया और फोन के माध्यम से भी लोगों की शिकायतें मिलती हैं।

दिल्ली यातायात पुलिस ने भी अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल के इलाकों में जलभराव के कारण यातायात प्रभावित होने के बारे में लोगों को सतर्क किया।

यातायात पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि कश्मीरी गेट, लाजपत नगर, नेब सराय, राजधानी पार्क, ओखला अंडरपास, दिल्ली गोल्फ क्लब के पास की सड़क, टिकरी कलां मेट्रो स्टेशन के पास और अपोलो जसोला मेट्रो स्टेशन के पास, मंडी हाउस, विकास मार्ग, आईटीओ में वाहनों की लंबी कतारें लग गई। इस बीच दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के केंद्रीय नियंत्रण कक्ष द्वारा सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक के साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक, मंगोलपुरी इंडस्ट्रियल एरिया-एक और पॉकेट बी औद्योगिक क्षेत्र, इंदर एन्क्लेव, ब्लॉक -डी समालका, फिरनी रोड, कंझावला गांव, लाडपुर माजरा रोड, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, सीलमपुर, शाहदरा, लोहे वाली गली, हौज काजी, चांदनी चौक, जंगपुरा, बिजवासन समेत अन्य इलाकों में जलभराव की स्थिति देखी गई। कश्मीरी गेट आईएसबीटी में भी यातायात जाम होने की सूचना है।

आईटीओ पर जलमग्न हुई सड़क पर रेंगते वाहन। सभी फोटो: रंजन डिमरी

रोहिणी के सेक्टर-23 में सड़क धंसी

नई दिल्ली। अभी लोग जनकपुरी में सड़क धंसने की घटना को भूले भी नहीं थे कि रविवार को रोहिणी सेक्टर 23 में सड़क धंसने की एक और घटना सामने आई है। इस मुद्दे पर भाजपा नेता ने कहा कि अब तो दिल्ली वाले बारिश में सड़क पर चलने से भी डर रहे हैं खासकर तब जब सड़कें पानी में जलमग्न हो। वहीं भारी बारिश के कारण पार्क, अंडरपास, दुकानों, बाजार और यहां तक कि अस्पताल परिसरों में भी पानी भर गया।

रोहिणी सेक्टर-23 में धंसी सड़क।

अशोक विहार फेज-3, बेगमपुर, झिलमिल कॉलोनी, तिमारपुर, डिफेंस कॉलोनी, करोल बाग, कीर्ति नगर और गोविंदपुरी में पेड़ उखड़ने की घटनाएं सामने आई हैं।

आज बंद रहेंगे सभी स्कूल : केजरीवाल

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि लगातार बारिश के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी के सभी स्कूल सोमवार को बंद रहेंगे। केजरीवाल ने कहा, पिछले दो दिनों में हुई मूसलाधार बारिश को देखते हुए और मौसम विभाग की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए सभी स्कूल सोमवार को बंद रहेंगे।

सभी सरकारी स्कूलों के निरीक्षण के आदेश

नई दिल्ली। श्रीनिवासपुरी में सरकारी स्कूल की चारदीवारी का एक हिस्सा ढह गया। सूत्रों के अनुसार चार माह पहले स्कूल भवन का पुनर्निर्माण कराया गया था जबकि शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि स्कूल की दीवार 35 साल पुरानी थी। इस दौरान आतिशी ने शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, प्रधानाचार्यों और उप-प्रधानाचार्यों को रविवार को सभी सरकारी स्कूलों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया।

आतिशी ने जलजमाव वाले क्षेत्रों का किया निरीक्षण

● बोली. पीडब्ल्यूडी 100 मिमी बारिश से निपटने के लिए तैयार, लेकिन शनिवार को हुई 150 मिमी बारिश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

शनिवार को अप्रत्याशित बरसात हुई। शहर में मात्र 12 घंटे में 126 मिलीमीटर बरसात हुई जो पिछले एक दशक में किसी भी एक दिन में हुई सबसे ज्यादा बारिश है। दिल्ली में बरसात के पिछले रिकॉर्ड देखे तो मानसून के दौरान प्रतिदिन अधिकतम 25-30 मिमी बारिश होती है लेकिन शनिवार को हुई बारिश इससे भी 4 गुणा अधिक हुई।

ऐसे में शहर में कई स्थानों पर जलजमाव की समस्या उत्पन्न हुई। ऐसे में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग मंत्री आतिशी ने रविवार को पीडब्ल्यूडी के अधिकारीयों के साथ जलजमाव से प्रभावित तिलक ब्रिज अंडरपास व जखीरा अंडरपास का दौरा किया। इस दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री ने तिलक ब्रिज व जखीरा अंडरपास स्थित पम्पिंग स्टेशन का भी निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने पीडब्ल्यूडी मुख्यालय स्थित मानसून कण्ट्रोल रूम का निरीक्षण कर शहर में जलजमाव की स्थिति का जायजा भी लिया। इस मौके पर आतिशी ने कहा कि, शनिवार को मात्र 12 घंटे में 126 मिमी बारिश हुई और 24 घंटे में 150 मिमी से ज्यादा बारिश हुई।

यानी कि मानसून में होने वाली कुल बारिश का 20 फीसदी पानी एक ही दिन बरसा है। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी इस सीजन में 100 मिमी बरसात से निपटने के लिए तैयार है लेकिन कल अप्रत्याशित तरीके से 150 मिमी बारिश हुई लेकिन फिर भी विभाग ने मुस्तैदी से काम किया। अपने सभी पम्पिंग स्टेशनों को चालू रखा और बारिश रुकने के 2 से 3 घंटे के भीतर अधिकांश स्थानों से जलभराव को दूर करने का काम किया गया।

पीडब्ल्यूडी मंत्री के बंगले में घुसा पानी।

मकान ढहने पर दो बच्चों को सुरक्षित निकाला गया

नई दिल्ली। भारी बारिश के कारण जखीरा इलाके में रविवार को एक मकान ढहने के बाद मलबे में फंसे आठ वर्षीय दो बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों के अनुसार, मलबे के नीचे और लोगों के फंसे होने का पता लगाने के लिए तलाश एवं बचाव अभियान चलाया गया।

दमकल विभाग के अनुसार, मलबे में फंसे दो लड़कों को सुरक्षित निकाल लिया गया। दोनों को मामूली चोटें आई थीं, इसलिए उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान आलम और मरालुद्दीन के रूप में हुई है।

मौसम है आशिकाना...

बीच सड़क पर खराब हुई गाड़ी तो सवारियों को लगाना पड़ा धक्का।

रिकॉर्ड बारिश होने से पेश आयी दिक्कत : महापौर

नई दिल्ली। महापौर शैली ओबरॉय ने जलभराव रोकने की तैयारियों का जायजा लेने के लिए रविवार को किशनगंज अंडर पास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि दिल्ली नगर निगम की जलभराव से निपटने की तैयारियां पूरी हैं।

रिकॉर्ड बारिश होने के कारण दिक्कत आयी है। एमसीडी के सभी 12 जोन में कंट्रोल रूम बनाए गए, जो कि 24 घंटे इलाके के निगरानी कर रहे हैं।

जलभराव की शिकायत मिलने पर तत्काल अस्थाई पंप लगाए जा रहे हैं। दिल्ली में जलभराव की समस्या आज की नहीं है। यह पिछले 20 सालों से बरकरार है।

पीडब्ल्यूडी मंत्री अपनी पहली परीक्षा में फेल, इस्तीफा दें : भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● मुख्यमंत्री पंचकुला में कर रहे राजनीतिक प्रचार : सचदेवा

दिल्ली में जगह-जगह भराव को लेकर भाजपा ने दिल्ली सरकार पर जमकर हमला बोला है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि यह शर्मनाक है कि जब पूरी दिल्ली में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है और लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। तब मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने पंचकुला जाकर राजनीतिक प्रचार कर रहे हैं।

अफसोस की बात है कि केजरीवाल सरकार में भ्रष्टाचार इतना अधिक है कि हाल ही में पुनर्निर्मित मथुरा रोड पर स्थित पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी का बंगला पानी में डूब गया है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी एवं सांसद रमेश बिधूड़ी ने कहा कि भारी बारिश में ही केजरीवाल सरकार के सभी दावों के पोल खुल गई बिधूड़ी ने आतिशी शिक्षा व्यवस्था की बड़ी-बड़ी बातें करती हैं लेकिन उनके कालकाजी विधानसभा क्षेत्र में एक स्कूल की दिवार गिरने के बाद उनके सभी दावों की पोल खुल गई।

अलग-अलग जगह करंट लगने से दो की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रीत विहार इलाके में एक कैफे की रसोई में काम करते वक्त करंट लगने से बुजुर्ग कर्मचारी की मौत हो गई।

इसके अलावा मंडावली के रहने वाले सतेंद्र नेगी को कैफे की रैक में बर्तन रखते हुए रसोई में लगे गीजर के बिजली बोर्ड से करंट लग गया। पुलिस ने कहा कि नेगी प्रीत विहार के ए ब्लॉक में स्थित कैफे में चपरासी का काम करता थे। उन्हें तुरंत पास के ही मेट्रो अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस उपायुक्त अमृता गुगुलोथ ने कहा कि अपराध शाखा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और प्रीत विहार पुलिस थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ 304 ए (लापरवाही की वजह से मौत) के तहत एक मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं एक अन्य घटना में पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में मिठाई की दुकान पर शनिवार को करंट लगने से उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद के रहने वाले 28 वर्षीय महिपत की मौत हो गई। महिपत पिछले 15 वर्षों से दुकान पर काम कर रहा था।

घटना के वक्त वह (महिपत) दूसरी मंजिल पर मसाला पीसने के लिए मिक्सी का प्रयोग कर रहा था कि तभी उसे करंट लग गया।

दिल्ली में लागू होगा गुजरात का कानून केंद्र से सिफारिश

नई दिल्ली। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने द गुजरात प्रिवेंशन आफ एंटी-सोशल एक्टिविटीज एक्ट 1985 को राष्ट्रीय राजधानी में भी लागू करने की सिफारिश की है।

गृह मंत्रालय को प्रस्ताव भेज दिया गया है। इसके तहत खतरनाक अपराधियों, यातायात नियम तोड़ने वाले और संपत्ति हड़पने वालों द्वारा होने वाली असामाजिक व खतरनाक गतिविधियां रोकने के लिए उन्हें एहतियातन हिरासत में लेने का प्रावधान है। सरकार के गृह विभाग ने को राजधानी क्षेत्र दिल्ली में गुजरात के इस कानून को लागू करने को केंद्र शासित प्रदेश अधिनियम की धारा अधिसूचना जारी करने के लिए कहा।

जहां एक तरफ जलभराव से लोग परेशान हुए, वहीं बारिश के पानी में अढ़खेलियां करता दिखा बचपन।

आनंद विहार में मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन का रास्ता साफ

उपराज्यपाल ने आनंद विहार और पटपड़गंज में 11,719 वर्ग मीटर भूमि हस्तांतरण को दी मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर के रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम परियोजना के तहत आनंद विहार रैपिड स्टेशन पर मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन का रास्ता साफ हो गया है।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने आनंद विहार और पटपड़गंज में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम को 11,719 वर्ग मीटर जमीन के हस्तांतरण को मंजूरी दे दी। यह परियोजना वर्ष 2020 से लंबित थी। आनंद विहार में मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन (एमएमआई) परियोजना प्रोजेक्ट और पटपड़गंज में वेंटिलेशन शाफ्ट के निर्माण के लिए स्थायी आधार पर एनसीआरटीसी को

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना

जमीन हस्तांतरण के लिए 14.82 करोड़ रुपये और अस्थायी आधार पर निर्माण गतिविधियों के लिए भूमि हस्तांतरण हेतु 1.13 करोड़ रुपये का भुगतान करना होगा।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम परियोजना के लिए काफी लंबे समय से लंबित भूमि हस्तांतरण को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना के लिए बाढ़ नियंत्रण एवं सिंचाई विभाग को जमीन का हस्तांतरण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम को करना था।

भूमि का हस्तांतरण कर दिए जाने के बाद आनंद विहार इलाके में मल्टी मॉडल इंटेग्रेशन हासिल करने में मदद मिलेगी और यहां स्टेशन और यातायात को सुचारू करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही पटपड़गंज में वेंटिलेशन शाफ्ट का भी निर्माण किया जा सकेगा।

उपराज्यपाल कार्यालय के अनुसार, एनसीआरटीसी ने 10 जून 2020 को लिखे अपने पत्र में दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर के लिए आनंद विहार में जमीन की जरूरत के बारे में सूचित किया था और आनंद विहार में मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन के निर्माण के लिए जमीन देने को कहा था जहां रेलवे स्टेशन, आईएसबीटी और मेट्रो स्टेशन भी स्थित है। इसके साथ ही पटपड़गंज में वेंटिलेशन शाफ्ट के निर्माण के लिए भी जमीन मांगी थी।

तीन साल की देरी के बाद आखिरकार बाढ़ नियंत्रण एवं सिंचाई विभाग 29 मई 2023 को एलजी की मंजूरी के लिए इस संबंध में फाइल भेजी थी। एनसीआरटीसी को आनंद विहार में ट्रंक ड्रेन-दो के किनारे कुछ अवधि के लिए 2297 वर्ग मीटर भूमि की आवश्यकता है जहां निर्माण गतिविधियां की जाएंगी। वहीं एमएमआई ट्रैफिक सर्कुलेशन और रैपिडएक्स स्टेशन के लिए स्थायी आधार पर 8129 वर्ग मीटर भूमि की आवश्यकता है। इसी तरह पटपड़गंज में गाजीपुर ड्रेन के किनारे निर्माण गतिविधियों के लिए अस्थायी आधार पर 953 वर्ग मीटर भूमि और स्थायी आधार पर वेंटिलेशन शाफ्ट के लिए अतिरिक्त 340 वर्ग मीटर भूमि की आवश्यकता है। कुल भूमि पार्सल 11,719 वर्ग मीटर है।

दिल्ली और एनसीआर में आसपास के शहरों के बीच वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सड़कों पर भीड़ और प्रदूषण को कम करने के लिए आरआरटीएस की परिकल्पना की गई है। इससे एनसीआर के लोगों को किफायती और सुरक्षित मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम की सुविधा प्रदान की जा सकेगी।

डीडीए फ्लैटों के लिए बुकिंग आज से

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● शुल्क जमा करने के लिए 15 मिनट का मिलेगा, इस दौरान राशि जमा नहीं हुई तो ब्लाक किए फ्लैट को फिर से सभी के खोल दिया जाएगा

दिल्ली विकास प्राधिकरण की पहले आओ- पहले पाओ आवासीय योजना के फ्लैटों की बुकिंग सोमवार दोपहर 12 बजे से की जा सकेगी। डीडीए ने 30 जून को शाम पांच बजे से पंजीकरण प्रक्रिया

शुरू की थी। अब तक करीब छह हजार लोग पंजीकरण करा चुके हैं। योजना के तहत नरेला में 923 ईडब्ल्यूएस फ्लैट, लोकनायक पुरम, रोहिणी, सिरसपुर और नरेला में कुल 4,460 एलआइजी फ्लैट, नरेला और द्वारका में 199 एमआईजी फ्लैट तथा जसोला में 41 एचआइजी फ्लैट शामिल हैं।

डीडीए अधिकारियों के मुताबिक सोमवार दोपहर 12 बजे के बाद dda.org.in´ eservices.dda.org.in में फ्लैट बुकिंग के लिए विंडो खुल जाएगी। इसमें ईडब्ल्यूएस, एलआइजी, एमआइजी और एचआइजी फ्लैटों के लिए लोगों को अपनी प्राथमिकता के अनुसार चयन करते हुए फ्लैट का चयन करना होगा।

इसके बाद वेबसाइट विंडो में वह फ्लैट लाल रंग के निशान के साथ नजर आएगा। जिसके तहत डीडीए द्वारा अगले 15 मिनट के लिए उस फ्लैट को ब्लॉक कर दिया जाएगा, ताकि कोई अन्य उस का चयन न कर सके। फ्लैट का चयन करने के बाद पेमेंट गेट वे खुलेगा। पेमेंट गेट वे के तहत ईडब्ल्यूएस, एलआइजी, एमआइजी व एचआइजी फ्लैटों के अनुसार निर्धारित बुकिंग शुल्क जमा करना होगा।

बुकिंग शुल्क जमा करने के लिए 15 मिनट का समय मिलेगा। यदि 15 मिनट के दौरान बुकिंग शुल्क जमा नहीं हुआ तो ब्लाक किए फ्लैट को डीडीए की तरफ से फिर से सभी के खोल दिया जाएगा।

यहां यह भी बता दें कि ईडब्ल्यूएस के लिए बुकिंग राशि 50,000, एलआइजी फ्लैट के लिए एक लाख, एमआइजी फ्लैट के लिए चार लाख और एचआइजी फ्लैट के लिए 10 लाख रुपये रखे गए हैं।

रविवार शाम तक हुई बरसात में गुरुग्राम की सड़कें दिखीं पानी-पानी

गुरुग्राम में सेक्टर-10 के साथ सड़क पर भरे बरसाती पानी से गुजरते वाहन।

गुरुग्राम में एकलव्य चौक (हीरो होंडा चौक) पर भरा बरसाती पानी।

सभी फोटो : संजय कुमार मेहरा

गुरुग्राम में बरसाती पानी के प्रबंधों का जायजा लेते डीसी निशांत कुमार यादव।

बरसात के कारण ढही नागरिक अस्पताल के सामने पार्क की दीवार।

दोपहर तक हुई 150 एमएम बारिश से कई फुट जमा हो गया पानी

डीसी समेत तमाम अधिकारी पानी में घूमकर सोचते रहे इंतजाम

यातायात जाम खुलवाने को यातायात पुलिसकर्मी भी पानी में तैनात रहे

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

रविवार की अलसुबह से हो रही बरसात ने एक बार फिर से गुरुग्राम पानी-पानी हो गया। यहां बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गये। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे, द्वारका एक्सप्रेस-वे समेत सभी सड़कें पानी में डूबी रहीं। स्वयं डीसी अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ विभिन्न स्थानों पर जलभराव का जायजा लेते रहे। कुल मिलाकर जलभराव से निपटने के दावे अभी तक फेल ही नजर आ रहे हैं।

कई जगह दुपहिया, चारपहिया वाहन बरसाती पानी में डूबे नजर आए। नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 के आपातकालीन विभाग समेत कई स्थानों पर जलभराव हो गया। डीसी ने कंपनियों को सोमवार तक कर्मचारियों से वर्क फ्रॉम होम के लिए कहा है। रविवार को सबसे अधिक जलभराव एकलव्य चौक (हीरो होंडा चौक), बसई, सेक्टर-10, जयपुर हाईवे के दोनों ओर सर्विस लेन, सेक्टर-9, अशोक विहार, शीतला माता रोड, सेक्टर-5, लक्ष्मण विहार, धनवापुर रोड, सेक्टर-4/7 रोड पर नजर आया। पानी में से निकलना लोगों की मजबूरी थी। इसलिए लोग परेशानियों झेलकर भी पानी में से निकल रहे थे। बसई में भी जलभराव काफी रहा। कई बार यहां जलभराव ना होने देने के उद्देश्य से बड़ी पाइन लाइन भी डाली जा चुकी है, लेकिन यहां पानी क्यों भरता है इसका अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। पहले तो बसई के लोग यहां जलभराव को लेकर विरोध भी जताते थे, लेकिन प्रशासन की ओर से इस विषय को गंभीरता से नहीं लेने के चलते अब लोगों ने विरोध करना भी छोड़ दिया है। सब कुछ भगवान भरोसे है।

एकलव्य चौक है जलभराव का हॉट स्पॉट

बात करें एकलव्य चौक (हीरो होंडा चौक) की तो यह चौक जलभराव का हॉट स्पॉट है। यहां जयपुर जाने के दौरान फ्लाईओवर शुरू होने से लेकर खत्म होने तक हीरो होंडा कंपनी की लेन पानी से लबालब रही। छोटे बड़े वाहन यहां से रेंगते हुए निकले। काफी जलभराव के कारण पानी में बंद भी हो गए। यहां वाहनों को पुलिसकर्मी धक्का लगाकर एक तरफ करवा रहे थे। कुछ लोग अपनी रेहड़ियों में लोगों को पानी पार करवा रहे थे। कंपनियों में ड्यूटी पर जाने के लिए कर्मचारी इन रेहड़ियों में बैठकर पानी में से सड़क पार कर रहे थे। सुभाष चौक से एकलव्य चौक की तरफ आने वाले वाहन भी पानी में रेंगते हुए निकले। जयपुर की तरफ खेड़कीदौला-नरसिंहपुर के बीच सर्विस लेने में भरे पानी में निकलने का प्रयास कर रहे दुपहिया वाहन चालकों के वाहन बंद हो गये। उनके लिए और अधिक परेशानी खड़ी हो गई।

इन स्थानों पर अधिक जलभराव हुआ

गुरुग्राम बस अड्डा, सेक्टर-31, इफको चौक, शंकर चौक, सेक्टर-18, सेक्टर-10, पुराना नागरिक अस्पताल, सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल, सेक्टर-9, ईएसआई अस्पताल के सामने की सड़क, धनवापुर गांव, राजेंद्रा पार्क, वजीराबाद, दौलताबाद, धनकोट, गाड़ौली से सेक्टर-10 चौक के बीच जलभराव रहा। एकलव्य चौक का अंडरपास, इफको चौक अंडरपास, सिगनेचर टावर चौक अंडरपास, राजीव चौक अंडरपास में भी बारिश का पानी भर गया। कई स्थानों पर तो घरों में भी पानी भर गया।

गुरुग्राम में बरसात के कारण गुरुग्राम-जयपुर हाइवे पर सर्विस लेने व हाइवे पर भरे बरसाती पानी के कारण लगा जाम।

बरसात के बावजूद जिला प्रशासन की टीम लगातार एक्टिव

गुरुग्राम में बरसात से हुए जलभराव की निकासी का कार्य तेज किया। जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव भी सुबह से फील्ड में सक्रिय रहे। वे बरसात के बीच जल निकासी प्रबंधों के इंतजामों की निरीक्षण करते रहे। उनके साथ पब्लिक हेल्थ, एचएससवीपी, सिचांई एवं जल संसाधन विभाग, एमसीजी, एमसीएम तथा जीएमडीए के अधिकारी मौजूद रहे। डीसी ने ताऊ देवीलाल स्टेडियम, हीरो होंडा चौक, नरसिंहपुर, सेक्टर-10 तथा सुभाष चौक आदि स्थानों पर जाकर निरीक्षण किया। डीसी ने बताया कि जल निकासी के लिए अतिरिक्त पम्प सेट लगाए गए हैं।

सेक्टर-14 की समस्याओं को लेकर एकजुट हुए प्रमुख लोग

गुरुग्राम के सेक्टर-14 में बैठक के दौरान नवीन गोयल का स्वागत करते प्रमुख लोग।

गुरुग्राम। रेजिडेंट अवेयरनेस के कन्वीनर कल्याण सिंह शर्मा की ओर से सेक्टर-14 की समस्याओं को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल को भी आमंत्रित किया गया।

उन्होंने आश्वस्त किया कि वे जनसमस्याओं को दूर कराने के लिए सभी के साथ हैं। बैठक में रिटायर्ड आईआरएस एडवोकेट, अजय शर्मा प्रधान गुड़गांव विकास मंच, दिनेश अग्रवाल प्रधान आरडब्ल्यूए सेक्टर-14, पवन कुमार जिंदल प्रेसिडेंट दौलताबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन एरिया, संजीव अग्रवाल प्रधान आरडब्ल्यूए सेक्टर-14, जेबी शर्मा रिटायर्ड एडीशनल सेशन जज समेत अनेक लोग मौजूद रहे। कल्याण सिंह शर्मा ने सेक्टर-14 के सामुदायिक केंद्र के अधूरे पड़े निर्माण को लेकर क्षेत्रवासियों की ओर से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में इसके निर्माण का काम शुरू हुआ था, जो कि आज तक भी पूरा नहीं हो पाया है। सेक्टर-14 शहर का प्रमुख सेक्टर है। यहां सामाजिक, राजनीतिक क्षेत्र के लोगों के अलावा रिटायर्ड अधिकारी तक रहते हैं। सामुदायिक केंद्र का निर्माण नहीं होने के कारण लोगों को अपने पारिवारिक कार्यक्रम करने के लिए दूसरे क्षेत्रों में जाना पड़ता है। यह मामला ग्रीवेंस कमेटी तक भी जा चुका है, लेकिन अभी तक इसके निर्माण को लेकर कुछ नहीं हुआ है। सेक्टर-14 में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं है। सेक्टर-14 के दोनों ओर एमजी रोड व पुराना दिल्ली रोड पर फ्लाईओवर बनाए गए हैं। ऐसे में यहां के लोगों को सेक्टर से बाहर निकलने में काफी दिक्कत आ रही है।

सड़क हादसे में दो की मौत, एक महिला सहित दो घायल

मेवात। गुरुग्राम अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग 248ए पर ऑटो तथा डंपर की भिड़ंत में दो युवकों की मौत होने के अलावा महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी मृतक व घायल ऑटो में सवार होकर जा रहे थे। उसी दौरान मालब तथा आकेड़ा गांव के बीच तेज रफ्तार की वजह से यह सड़क हादसा हुआ। जिसमें 2 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया और एक महिला सहित 2 लोग अस्पताल में मौत व जिंदगी के बीच जंग लड़ रहे हैं।

घटना शाम करीब 7 बजे के बाद की बताई जा रही है। अभी तक मिली जानकारी के मुताबिक मृतक व घायल रहपुआ गांव के बताए जा रहे हैं। आकेड़ा पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंच गई है। मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सीएससी नूंह भिजवा दिया गया है, जबकि महिला सहित घायल 2 लोगों को इलाज के लिए राजकीय शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड़ पहुंचा दिया गया है। कुल मिलाकर खूनी सड़क एक बार फिर इस हादसे की वजह से लाल हुई है। इलाके के लोग लगातार हो रहे हादसों की वजह से इस राष्ट्रीय राजमार्ग को खूनी मार्ग का नाम दे चुके हैं। इलाके के लोग इतने लंबे समय से इस मार्ग को फोरलेन बनाने की मांग कर रहे हैं।

देश में मां-बेटे, प्रदेश में बाप-बेटे की पार्टी बन गई है कांग्रेस

गुरुग्राम के हल्का बादशाहपुर में भाजपा के पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

मोदी सरकार की निवेशपरक नीति से गुरुग्राम को मिला वैश्विक शहर का दर्जा

गुरुग्राम। रविवार को भारी बरसात के बावजूद बादशाहपुर विधानसभा के पन्ना प्रमुख सम्मेलन में पहुंचे पन्ना प्रमुखों की अच्छी-खासी संख्या को देखकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ गदगद नजर आए। जोश से लबरेज धनखड़ ने कहा कि पन्ना प्रमुखों के इसी जोश के दम पर 2024 में भाजपा एतिहासिक जीत हासिल करेगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा पन्ना प्रमुखों की यह सेना 2024 का चुनावी रण जीताने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यकर्ताओं का यह जोश और उत्साह ही भाजपा की असली ताकत है। ओमप्रकाश धनखड़ ने कांग्रेस को झूठ की दुकान बताया। ओमप्रकाश धनखड़ ने सभी कार्यकर्ताओं से 2024 में केंद्र और प्रदेश में भाजपा सरकार को पुनः स्थापित करने के लिए संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि नौ सालों में मोदी ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं, इसलिए देश की तरक्की के लिए मोदी जी को 2024 में भी प्रधानमंत्री बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को जी जान से काम करना है। कांग्रेस पर तंज कसते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी ने नौ साल में जिस जज्बे से दुनिया में भारत का मान बढ़ाया, उसकी कांग्रेस शासन में कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। हरियाणा में कांग्रेस बाप-बेटे की पार्टी और देश में मां-बेटे की पार्टी बनकर रह गई है। उन्होंने कहा कि इनके नेताओं को गरीबों की नहीं, बल्कि अपने अपने परिवार की चिंता है।

अनियमित अंतराल पर उपवास के डायबिटीज पर प्रभाव को जानने में लोगों की दिलचस्पी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

डॉ. अपराजिता प्रधान
एंडोक्रिनोलॉजिस्ट एवं डायबिटोलॉजिस्ट
निदेशक, वेदांता सुपर-स्पेशियलिटी क्लिनिक द्वारका

अनियमित अंतराल पर उपवास के सेहत पर संभावित फायदों की वजह से लोग इसमें काफी दिलचस्पी लेने लगे हैं। खाने और उपवास की अवधियों में लगातार फेरबदल करने से संभावित तौर पर सेहत को होने वाले फायदों में वजन घटाने में मदद मिलना, टाइप-2 डायबिटीज से पीड़ित लोगों में इंसुलिन की जरूरतों को कम करना शामिल है। हालांकि इस तरह के नतीजे बेहद आशाजनक हैं, लेकिन डायबिटीज से पीड़ित लोगों के लिए लंबे समय तक उपवास के बारे में विचार करते समय बेहद सावधानी बरतना आवश्यक है।

छोटे स्तर पर इंसानों पर किए गए कई अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि, अनियमित अंतराल पर उपवास वजन घटाने के साथ-साथ डायबिटीज से पीड़ित व्यक्तियों में इंसुलिन की जरूरतों को कम करने पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। इन नतीजों से कई लोगों में उत्साह और दिलचस्पी जगी है। हालांकि, इस बात को स्वीकार करना बेहद जरूरी है कि इस तरह के उपवास को लेकर लोगों में दिलचस्पी जानवरों पर किए गए अध्ययनों से प्रेरित है, लिहाजा यह बात पूरी तरह स्पष्ट है कि इसके लिए इंसानों पर अतिरिक्त शोध करने की जरूरत है। क्लिनिकल सेटिंग्स में उपवास की प्रक्रिया को लागू करते समय, हमें केवल जानवरों के अध्ययन पर निर्भर रहने के बजाय इंसानों पर किए गए शोध के नतीजों पर भरोसा करना चाहिए। उपवास से लंबे समय में होने वाले फायदे, खास तौर पर दिल की बीमारियों से संबंधित खतरे को कम करने में इससे होने वाले फायदे पर अभी भी इंसानों पर किए गए बड़े स्तर के अध्ययन और स्पष्टीकरण की जरूरत है। महामारी विज्ञान के अध्ययनों, पायलट इंटरवेंशनल परीक्षणों तथा क्रमरहित तरीके से किए गए कुछ अन्य परीक्षणों के नतीजे बताते हैं कि, सामान्य तौर पर किसी व्यक्ति को उपवास से मिलने वाला फायदा इसके संभावित जोखिमों से कहीं अधिक हैं, इसके बावजूद इस बात को समझना बेहद जरूरी है कि डायबिटीज से पीड़ित व्यक्तियों की ज़रूरतें भी विशिष्ट होती हैं। इसी वजह से ऐसे लोगों को उपवास शुरू करने और बनाए रखने के बारे में बड़ी सावधानी से सोच-विचार करने की जरूरत होती है। इस पहलू को समझना सबसे ज्यादा जरूरी है कि, डायबिटीज को नियंत्रित करने में उपवास के फायदों के स्पष्ट तौर पर नजर आने अथवा इसे पूरी तरह अनुभव करने में कई महीनों से लेकर वर्षों तक का समय लग सकता है।

चिकित्सकों को डायबिटीज को नियंत्रित करने में उपवास के संभावित फायदों और अभी तक अज्ञात जोखिमों, दोनों पहलुओं को अच्छी तरह समझते हुए उपवास पर संतुलित नजरिए से सोच-विचार करना चाहिए। हालांकि, दवाइयों के अच्छी तरह उपयोग तथा ब्लड शुगर लेवल की नियमित तौर पर निगरानी के साथ, डायबिटीज से पीड़ित मरीजों के बीच अनियमित अंतराल पर उपवास को प्रोत्साहन दिया जा सकता है और इसे सुरक्षित तरीके से अमल में लाया जा सकता है। हालांकि यह दावा किया जाता है कि अनियमित अंतराल पर उपवास से डायबिटीज को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

विनायक मिशन्स रीसर्च फाउन्डेशन ने 16वां दीक्षांत समारोह एवं स्थापना दिवस मनाया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विनायक मिशन्स रीसर्च फाउन्डेशन डीम्ड टू बी युनिवर्सिटी (वीएमआरएफ डीयू) ने अन्नपूर्णा ऑडिटोरियम, विनायक मिशन्स किरूपनंदा वरियर मेडिकल कॉलेज, सीरागापड़ी, सलेम में अपने 16वें सालाना दीक्षान्त समारोह एवं स्थापना दिवस का आयोजन किया।

कार्यक्रम का आयोजन श्री कैलाश सत्यार्थी, नोबल शांति पुरस्कार विजेता, अन्नपूरानी शन्मुगसुन्दरम, ट्रस्टी, दातो सीरी, डॉ. एस श्रवणन, प्रो-चांसलर, डॉ.एएस गणेशन, चांसलर एनवी चन्द्रशेखर, वाईस प्रेजिडेन्ट की मौजूदगी में हुआ। ग्रेजुएट होने वाले बैच को बधाई देते हुए नोबल शांति पुरस्कार विजेता, कैलाश सत्यार्थी ने कहा, 2023 के ग्रेजुएशन करने वाले बैच को बहुत-बहुत बधाई। आपकी नई भूमिकाओं में आपके सामने जो अवसर आते हैं, उनका लाभ उठाने और अपने सपनों को साकार करने के लिए तैयार हो जाइए। उन सभी प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त कीजिए, जिनकी वजह से आप आज इस मुकाम तक पहुंचे हैं। भविष्य में बड़े सपने देखने की ताकित रखिए, अपनी क्षमता को पहचानिए और निर्णायक फैसले लीजिए। याद रखिए कि सामाजिक नियमों को चुनौती देकर आप बड़ा बदलाव ला सकते हैं। सहानुभूति को अपनाइए, क्योंकि आज हमारे समाने मौजूद दुनिया की अधिकतम चुनौतियों को सहानुभूति के साथ ही हल किया जा सकता है। महात्मा गांधी के शाश्वत सिद्धातों से प्रेरणा लीजिए, जो आपको बेहतर भविष्य की दिशा में मार्ग दर्शन दे सकते हैं। दीक्षान्त समारोह के प्रवक्ताओं का धन्यवाद करते हुए प्रोफेसर डॉ. पीके सुधीर, वाईस चांसलर ने कहा, मैं सभी ग्रेजुएट्स और उनके परिवारों को बधाई देना चाहता हूं, सभी छात्रों को पेशेवर जीवन में सफलता के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं। वीएमआरएफ (डीयू) में अध्ययन करते हुए आपने नैतिक मूल्यों, सहानुभूति और नेतृत्व के जो गुण हासिल किए हैं, उन्हें अपने जीवन में अपनाकर हमारा नाम रौशन कीजिए। लुईस पाश्चर के शब्दों को हमेशा याद रखिए, ''विज्ञान किसी देश को नहीं जानता, क्योंकि ज्ञान मानवता से ताल्लुक रखता है और यह वह मशाल है जो दुनिया को रौशन करती है। अपने शिक्षा एवं कौशल के साथ आगे बढ़ते हुए दुनिया को रौशन कीजिए और हमारी युनिवर्सिटी का गौरव बढ़ाते रहिए। आप सभी को भविष्य में सफलता के लिए शुभकामनाएं। डॉक्टर ऑफ साइंस की ऑनोरेरी डिग्री प्रोफेसर सालोमोन पप्पिश, तमिल स्कॉलर, टेलीविज़न पर्सनेलिटी एवं पट्टीमंदरम, मॉडरेटर को दी गई तथा डॉक्टर ऑफ साइंस प्रोफेसर डॉ. एमआर राजगोपाल, पैलिएटिव केयर फिज़िशियल एवं फाउंडर चेयरमैन, पैलियम इंडिया हैं।

बरसात में डूबी कॉलोनी के लोगों को रेड क्रॉस ने पहुंचाया खाना

बरसात में डूबी कॉलोनी के लोगों के लिए खाना लेकर पहुंची रेड क्रॉस की टीम।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

रविवार को हुई बरसात के कारण बादशाहपुर की कोटा कॉलोनी में करीब 400 लोग बरसात के पानी में फंस गए। उनके लिए खाना-पीना भी दुभर हो गया। घरों में भी पानी भर गया। रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से उन्हें तुरंत सहायता उपलब्ध कराई गई।

रविवार को हुई मूसलाधार बरसात में अनेक जगहों पर जलभराव हो गई। बादशाहपुर की कोटा कालोनी भी एक तरह से डूब गई। लोगों को काफी परेशानी हुई। जैसे ही रेड क्रॉस सोसायटी में इस बारे में जानकारी पहुंची तो सचिव विकास कुमार की ओर से सहायता पहुंचाने के लिए टीम तैयार की गई। टीम में रेडक्रॉस की ओर से अतुल कुमार पाराशर, गुरुद्वारा सिंह सभा सेक्टर-39 से गगनदीप सिंधू, सिविल डिफेंस से रंजन खाना आदि लेकर मौके पर पहुंचे।

वहां बरसात के पानी में फंसे लोगों को खाना उपलब्ध कराया। साथ ही हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार ने कहा कि जनसेवा करना ही रेड क्रॉस का उद्देश्य है। शहर की संस्थाओं, समाजसेवियों को साथ लेकर जरूरतमंदों, वंचितों तक सहायता पहुंचाने में सदा अग्रणी रहते हैं।

हरियाणा प्रभारी बिप्लब कुमार देब से सरपंच सुंदर लाल के नेतृत्व में मिला प्रतिनिधिमंडल

बिप्लब कुमार देब ने सरकार की योजनाओं को जनता के बीच प्रचारित करने की कही बात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

बीजेपी हरियाणा प्रभारी बिप्लब कुमार देब से मुलाकात के दौरान पौधा सौंपते सरपंच सुंदर लाल।

भारतीय जनता पार्टी के हरियाणा प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब से पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रभारी ने हरियाणा सरकार की जनहित की योजनाओं को जनता के बीच प्रचारित करने की बात कही। हरियाणा में तीसरी बार कमल खिलाने के लिए उन्होंने सभी को काम करने के लिए प्रेरित किया।

सरपंच सुंदर लाल यादव ने बताया कि हरियाणा भाजपा प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं से अपील किया है कि वे मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा शुरू किए गए परिवार पहचान पत्र और प्रॉपर्टी आईडी के पूर्ण रूप से लागू होने से हरियाणा के लोगों को लाभ होगा। इससे जरूरतमंद लोगों तक सरकार का लाभ पहुंचाने में मदद मिलेगी।

सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष और पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव ने प्रभारी बिप्लब कुमार देब की ओर से दिए गए दिशा-निर्देशों पर जमीनी स्तर पर काम करेंगे। पहले भी सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर प्रचार-प्रचार किया है। अब और अधिक सक्रियता के साथ योजनाओं को आमजन के बीच पहुंचाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं बनाकर उन पर काम शुरू किया गया है। बिना पर्ची, बिना खर्ची के पूरी निष्पक्षता व ईमानदारी से काम करने वाली मनोहर सरकार में अनेक योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है।

फरीदाबाद में निकाय चुनाव की तैयारी शुरू, वार्डबंदी प्रस्ताव के लिए 17 को मीटिंग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

फरीदाबाद में निकाय चुनाव को लेकर सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। फरीदाबाद, गुरुग्राम और मानेसर निकाय चुनाव को लेकर राज्य के शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने एडहॉक कमेटी की मीटिंग बुलाने के निर्देश दिए हैं। इसको लेकर विभाग की और से डीसी को लेटर जारी किया गया है। साथ ही मीटिंग कर वार्डबंदी को लेकर जल्द से जल्द प्रस्ताव भी मांगा है।

फरीदाबाद-गुरुग्राम में इलेक्शन के लिए एडहॉक कमेटी मीटिंग बुलाने के निर्देश

17 जुलाई को बुलानी होगी मीटिंग

शहरी स्थानीय विभाग की और से जारी लेटर में कहा गया है कि डीसी ही एडहॉक कमेटी का अध्यक्ष होता है। इसलिए तीनों शहरों में निकाय चुनाव को लेकर

17 जुलाई को मीटिंग बुलाकर वार्डबंदी का पूरा प्रस्ताव बनाया जाए। इसके अलावा मीटिंग में वार्डबंदी के नक्शे, प्रस्तावित वार्डों की जनसंख्या का तय प्रोफोर्मा की जानकारी भी दी जाए।

20 को भेजना होगा मुख्यालय

संबंधित जिलों के सभी डीसी को हिदायत दी गई है कि नोटिफिकेशन के प्रस्ताव को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में किया जाए। इसके साथ ही इस कार्य में उन्हीं कर्मचारियों और अधिकारियों को लगाया जाए जिन्हें इसकी पूरी जानकारी हो। विभाग की और से यह भी कहा गया है कि इस प्रस्ताव को 20 जुलाई तक भिजवा दिया जाए।

आठ को हो चुकी अहम मीटिंग

निकाय चुनाव को लेकर वार्डबंदी के काम को लेकर हरियाणा सीएम के प्रधान सचिव ने आठ जुलाई को मीटिंग की है। इस मीटिंग में शहरी स्थानीय निकाय विभाग को तय समय पर वार्डबंदी का पूरा काम करने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले 24 जून को भी वार्डबंदी को लेकर एक अहम मीटिंग की जा चुकी है।

प्राइवेट अस्पताल में अवैध तरीके से किया जा रहा था गर्भपात

स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंचने से पहले डॉक्टर मरीज लेकर फरार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

प्राइवेट अस्पताल में अवैध तरीके से किए जा रहे गर्भपात की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम के पहुंचने से पहले डॉक्टर दंपत्ति मरीज को लेकर फरार हो गए। मौके पर पहुंची टीम ने अस्पताल का ताला खोलकर भारी मात्रा में दवाइयां, गर्भपात में उपयोग किए जाने वाले औजार, रिकार्ड रजिस्टर, जांच रिपोर्ट व सैंपल बरामद किए। टीम ने उसे जब्त कर लिया है।

टीम ने डॉक्टर को मौके पर बुलाने के लिए संपर्क भी किया, लेकिन दोनों ने फोन बंद कर लिया। टीम ने अस्पताल में ताला लगाकर

चाभी पुलिस को सौंप दी और डॉक्टर दंपत्ति के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस डॉक्टर दंपत्ति की तलाश में जुटी है। मामला छांयसा और अटाली गांव का है। पीएनडीटी के नोडल अधिकारी एवं डिप्टी सीएमओ डॉ. मानसिंह ने बताया कि विभाग को सूचना मिली थी कि मोहना रोड अटाली और मोहना रोड मुख्य बस स्टैंड छांयसा स्थित एनकेएएस अस्पताल में अवैध तरीके से गर्भपात व लिंग परीक्षण किया जाता है। ये दोनों अस्पताल डॉ. मनीष और डॉ. आयुषी चलाते हैं। दोनों पति पत्नी हैं। सूचना पर स्वास्थ्य विभाग ने टीम गठित कर पुलिस टीम के साथ अस्पताल में छापेमारी की। डॉ. मानसिंह ने बताया कि दोनों अस्पताल बेसमेंट में चलाए जा रहे हैं। पहले अटाली अस्पताल में छापा मारा तो वहां एक युवक मौके पर मिला। उसने बताया कि डॉ. आयुषी छांयसा वाले अस्पताल में मरीज देख रही हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम जब छांयसा पहुंची, उसके पहले ही डॉक्टर दंपत्ति मरीज को लेकर फरार हो गए। टीम ने मकान मालिक को बुलाकर अस्पताल का ताला खुलवाया। वहां भारी मात्रा में दवाइयां, औजार, कई मरीजों की रिपोर्ट व अन्य सामान बरामद हुआ है। स्वास्थ्य विभाग ने दोनों डॉक्टर दंपत्ति के खिलाफ केस दर्ज करा दिया है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

ऑटो में डिलीवरी होने पर बच्चे की मौत, लापरवाही का आरोप

एफआरयू के कर्मचारियों ने बाद में डिलीवरी होने की बात कर महिला को वापस भेजा

> **शिकायत** के आधार पर स्टाफ के खिलाफ कमेटी का गठन करके जांच की जाएगी। जांच में दोषी पाए जाने पर कार्रवाई होगी।
>
> – **डॉ. रीता, एफआरयू-एक**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सेक्टर-30 स्थित प्रथम रेफरल यूनिट (एफआरयू) के कर्मचारियों की लापरवाही से ऑटो में प्रसव होने से नवजात की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि एफआरयू के कर्मचारियों ने बाद में डिलीवरी होने की बात कर महिला को वापस भेज दिया था, जबकि रास्ते में ऑटो में बच्चा हो गया। परिजनों ने स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर को इस बारे में शिकायत दी है।

भारत कॉलोनी नहर निवासी सचिन ने बताया कि पत्नी अनीता का छह माह से एफआरयू से उपचार चल रहा है। शनिवार सुबह छह बजे दर्द होने पर उसे एफआरयू लेकर आ गया। यहां जांच करने के बाद स्टाफ ने बताया कि अभी प्रसव का समय नहीं हुआ है। इस पर पत्नी को वापस ऑटो में लेकर आने लगे। ऑटो में पत्नी को ज्यादा दर्द होने लगा तो निजी अस्पताल लेकर जाने लगा। इस दौरान रास्ते में ऑटो में ही डिलीवर हो गई। निजी अस्पताल पहुंचने से पहले नवजात की मौत हो गई। पत्नी को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। सचिन ने बताया कि अनीता का उपचार स्वास्थ्य केंद्र पर समय रहते हो जाता तो उनके बच्चे की मौत नहीं होती। केंद्र के स्टाफ की लापरवाही की शिकायत दे दी है। अनीता को पहले दो बार गर्भपात हो चुका है। यह उसका तीसरा बच्चा था, जोकि पूरे नौ महीने सुरक्षित रहा, लेकिन केंद्र की लापरवाही के कारण इसे भी खो दिया।

राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के दांतों की जांच की

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

सिविल सर्जन डॉ. लोकवीर के दिशा निर्देशन व डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी मार्गदर्शन में नागरिक अस्पताल के दंत विभाग में मुख व दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में दंत चिकित्सक डॉ. कविता व डॉ. ज्योति द्वारा बच्चों के मुंह, मंसूडों व दांतों की जांच की गई।

शिविर में निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर में बच्चों को मुख व दंत संबंधी रोगों के बारे में भी जागरूक किया गया। शिविर में दांतों में कैविटी होना, दांतों में कीड़ा लगना, दांतो का पीलापन, मसूड़ों में सूजन व खून आना आदि रोगों की जांच व चिकित्सा की गई। डिप्टी सिविल सर्जन एवं डेंटल सर्जन डॉ. रामेश्वरी ने बच्चों को मुंह के कैंसर के लक्षण, कारण, बचाव व उपचार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को बीड़ी, सिगरेट न पीने तथा तंबाकू, गुटखा न खाने के लिए प्रेरित किया। दंत चिकित्सक डॉ. कविता ने ब्रश करने की विधि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमें दिन में दो बार सुबह खाना खाने के बाद व रात को सोने से पहले ब्रश अवश्य करना चाहिए।

डॉक्टर ज्योति ने बच्चों को चिप्स, चॉकलेट न खाने की सलाह दी। आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉ. रूप ने बच्चों को संतुलित भोजन करने व फास्ट फूड और जंक फूड न खाने की सलाह दी। इस अवसर पर डेंटल सर्जन डॉ. कविता व डॉ. ज्योति, आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉ. रूप व डॉ. संगीता तथा स्कूली छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

छात्रा से छेड़छाड़ का विरोध, भाई-पिता पर जानलेवा हमला

पलवल। नाबालिग से स्कूल जाते समय छेड़छाड़ की गई। शिकायत करने गए छात्रा के भाई और पिता को गांव के युवक सहित सात लोगों ने घर में घुसकर कुल्हाड़ी, लाठी व डंडों से पीटकर घायल कर दिया। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। महिला थाना प्रभारी सुशीला के अनुसार 11वीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा ने शिकायत में बताया कि गांव का ही वीरपाल नामक युवक पिछले दो माह से उसके साथ स्कूल आते-जाते समय छेड़छाड़ कर रहा था, जिसके बारे में उसने अपने परिजनों को बताया तो भाई शिकायत करने आरोपी वीरपाल के घर जा रहा था, लेकिन रास्ते में वह मिल गया। पीड़िता के अनुसार भाई ने जब उससे शिकायत की तो वीरपाल और उसके साथी करन व अरुण ने भाई को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन उसका भाई घर भाग आया। उसके पीछे-पीछे वीरपाल, करन, अरुण, इंद्र, हीरालाल व गोपी का लड़का हाथों में लाठी, डंडे व कुल्हाड़ी लेकर उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने भाई के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता ने बताया कि उसके पिता ने भाई को बचाने का प्रयास किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई। झगड़े का शोर सुनकर आस-पड़ोस के लोग एकत्रित होने लगे तो आरोपी उसे व उसके परिजनों को मारने की धमकी देकर चले गए।

भारत विकास परिषद संस्कार शाखा का शपथ ग्रहण संपन्न

अनिल गर्ग प्रधान, सुनीता सचिव, छाबड़ा बने कोषाध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

भारत विकास परिषद संस्कार शाखा द्वारा सुंदरकांड का पाठ एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन नीलकंठ महादेव मंदिर सेक्टर-8 में किया गया। जिसमें संस्कार शाखा के सदस्यों, भारत विकास परिषद की अन्य शाखाओं से आए पदाधिकारी एवं सेक्टर 8 के स्थानीय निवासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सुंदरकांड के पाठ के साथ हुई। सुंदरकांड का पाठ शाखा महिला संयोजिका किरन शर्मा, उनकी टीम और संस्कार शाखा की महिलाओं द्वारा किया गया। सारा दिन बारिश होने के बावजूद भी मंदिर में उपस्थित शाखा के सभी गणमान्य सदस्यों, अन्य शाखा से आए पदाधिकारियों, सेक्टर-8 कॉलोनी निवासी एवं अन्य सभी भक्तजनों ने मंत्रमुग्ध सुंदरकांड के पाठ का हिस्सा बन कर प्रोग्राम की शोभा बढ़ाई।

सुंदरकांड के पाठ के पश्चात संस्कार शाखा के दायित्वधारियों अध्यक्ष अनिल गर्ग, सचिव सुनीता रानी, कोषाध्यक्ष अनिल छाबड़ा, महिला संयोजिका किरन शर्मा को सेवा कार्यों को करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए एसएन बंसल

संरक्षक भारत विकास परिषद हरियाणा दक्षिण प्रांत द्वारा शपथ दिलाई गई। उसके बाद प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं संस्कार शाखा सदस्य सुरेंद्र जग्गा ने शाखा में नए बने सदस्यों सतीश गर्ग सपत्नीक शैली गर्ग, ऊषा शर्मा, गीता शर्मा, वीरेंद्र बंसल सभी को भी शाखा की सदस्यता की शपथ दिलाई। सभी नए सदस्यों का पटका पहना कर स्वागत व सम्मान किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में हरियाणा दक्षिण प्रांत के संरक्षक एसएन बंसल, क्षेत्रीय महासचिव राजकुमार अग्रवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र जग्गा को शाखा द्वारा पटका पहना कर एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया। शाखा सदस्य प्रेम पसरीचा की तरफ से संस्कार शाखा के सभी सदस्यों के लिए इस कार्यक्रम में टी शर्ट दी गई, उनको भी पटका पहनाकर और पौधा देकर स्वागत किया गया। शाखा संरक्षक अमर बंसल ने कहा सुंदरकांड हिंदू महाकाव्य रामायण का एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जो भगवान हनुमान के वीरतापूर्ण कारनामों पर केंद्रित है और सुनने वालों को आशीर्वाद, साहस और शति प्रदान करता है।

शाखा अध्यक्ष अनिल गर्ग ने भारत विकास परिषद के बारे में बताते हुए कहा कि भारत विकास परिषद पांच सूत्रों सेवा, संस्कार, समर्पण, संपर्क, सहयोग पर कार्य करता है और आज का कार्यक्रम इन्हीं पांचों सूत्रों पर आधारित है। शाखा सचिव सुनीता रानी ने कार्यक्रम में संस्कार शाखा परिवार अन्य सभी शाखाओं से आए पदाधिकारियों स्थानीय निवासियों के प्रति धन्यवाद और आभार व्यक्त किया और मानवता की सेवा के लिए एक साथ होने के लिए एकता के महत्व पर जोर देते हुए एक बेहतर समाज बनाने के लिए सभी से आग्रह किया। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद सभी ने भोजन प्रसाद का आनंद लिया और तृप्ति की भावना के साथ जरूरतमंद लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रेरित हुए।

क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर करते थे ठगी

टीम ने पर्दाफाश कर छह आरोपियों को गुरुग्राम के फर्जी कॉल सेंटर से दबोचा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

साइबर थाना सेट्रल प्रबंधक सतीश कुमार के नेतृत्व में टीम ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने व अपडेट करने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी एनसीआर में अब तक करीब 200 वारदातों को अंजाम दे चुके हैं।

एसीपी साइबर अभिमन्यु गोयत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में शुभम, विकास, रोहित कुमार, मनीष, अभिषेक और अजय का नाम शामिल है। आरोपी शुभम, विकास और अभिषेक झारखंड के जिले जमशेदपुर, रोहित उत्तर प्रदेश के

बिजनौर जिले, मनीष बिहार के शहरसा जिले तथा अजय झारखंड के हजारी बाग जिले का रहने वाला है। शुभम, मनीष, अजय वर्तमान में गुरुग्राम में रह रहे हैं। विकास, अभिषेक फरीदाबाद में तथा रोहित दिल्ली का रहने वाला है। आरोपी दिल्ली में नौकरी करने के दौरान एक दूसरे से मिले थे। उन्होंने फरीदाबाद के ओल्ड में रहने वाले ज्ञान प्रकाश के साथ डीबीएस बैंक के क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने व अपडेट करने के नाम पर 28 जून को झांसा देकर 25914/- रुपये धोखाधडी से हड़पे थे। जिसकी शिकायत शिकायतकर्ता द्वारा साइबर थाना बल्लभगढ़ में दी। जिसपर कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। साइबर पुलिस टीम ने आरोपियों को सूचना से गुरुग्राम के सेक्टर-18 से फर्जी कॉल सेंटर चलाते हुए काबू किया है। सभी आरोपियों को मामले में पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस रिमांड के दौरान सामने आया कि आरोपी शुभम, विकास, अजय और अभिषेक स्कूल, कॉलेज समय से एक दूसरे को जानते है। आरोपी रोहित और मनीष ने उनके साथ दिल्ली में कॉल सेंटर में काम किया था। आरोपी विकास और अभिषेक कॉल करके लोगों अपने जाल में फंसाते थे। आरोपी अजय का पैसे निकालने का काम था। आरोपी शुभम सुपरवाइजर का काम तथा डाटा उपलब्ध करने का काम करता है। आरोपी रोहित टीम लीडर काम करता है। आरोपी मनीष मॉनिटरेट का काम करता है। वारदात का मुख्य आरोपी मनीष है। उसने पूछताछ के दौरान 60 मोबाइल फोन, 52 सिम, 16 चैक बुक, छह पास बुक, 18 डेबिट कार्ड के साथ 17500/-रुपये बरामद किए गए हैं। आरोपियो द्वारा प्रयोग में किए गए खातों से करीब 200 वारदातों में 60-70 लाख का लेनदेन है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आजकल के आधुनिक दौर में लोग मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए क्रेडिट कार्ड पर अधिक निर्भर हो रहे हैं।

बुखार का इंजेक्शन लगाते ही चार साल का बच्चा कोमा में गया

डॉक्टर पर लगा लापरवाही का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एनआईटी दो जे ब्लाक में परिवार के साथ रहने वाला करीब चार साल का बच्चा इलाज के दौरान कोमा में चला गया। डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगा है।

बच्चे के स्वजन की शिकायत पर पुलिस ने डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। एनआईटी दो जे ब्लाक के रहने वाले नरेंद्र वधवा ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि 23 दिसंबर 2022 को दोपहर करीब एक बजे वे अपने पोते योग वधवा को बुखार होने पर इलाज के लिए एनआईटी पांच ए ब्लाक स्थित लिटिल बुड मदर केयर अस्पताल लेकर आए थे। यहां डॉक्टर भीमसेन ने इलाज शुरू किया। दवा लेकर वे वापस घर चले गए। उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ तो वे बच्चे को वापस अस्पताल लेकर पहुंचे। डाक्टर ने नर्स को बच्चे को इंजेक्शन लगाने के लिए कहा। आरोप है कि नर्स ने जैसे ही बच्चे को इंजेक्शन लगाया उसकी हालत बिगड़ने लगी। हालत काबू से बाहर होने पर डॉक्टर ने बच्चे को किसी बड़े अस्पताल लेकर जाने के लिए कहा। एंबुलेंस का प्रबंध करके वे बच्चे को तुरंत एस्कोर्ट्स अस्पताल लेकर पहुंचे।

करीब एक घंटे इलाज के बाद बच्चे को अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। बच्चा 10 से 12 दिन वेंटिलेटर पर रहा। उसके इलाज में 18 से 20 लाख रुपये खर्च हो गए, मगर उसका दिमाग अभी भी ठीक से काम नहीं कर रहा है। पुलिस ने डॉक्टर भीमसेन के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

संक्षिप्त समाचार

स्कूल योगासन प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

पलवल। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन पलवल के तत्वावधान में योगासन प्रतियोगिता का आयोजन गुरमेश सिंह के सानिध्य में वेदांता पब्लिक स्कूल रामनगर में गायत्री महामंत्र उच्चारण के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि करतार नगर सैलौटी, अध्यक्षता जितेंद्र छोंकर ने की तथा मंच संचालन योगी जगबीर सिंह आर्य ने किया। निर्णायक की भूमिका मुकेश कुमार बघेल, सविता नागर, ममता सोनी, रजनी सैनी, सुमित राजपूत ने निभाई। विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि व अतिथिगणों ने सम्मानित किया। प्रतियोगिता के दौरान सर्वश्रेष्ठ योगी का खिताब मयंक को मिला व मुकेश कुमार उपविजेता रहा। तथा लड़की वर्ग में कुमारी सांची विजेता व रेनू उपविजेता रही। लड़कों में पांच से सात आयु वर्ग में तुषार, पंकज, अनिकेत, आठ से 10 वर्ग में मयंक, विकास, सुमित, जतिन, 10 से 12 आयुवर्ग में मोहित, यश, रूद्र, हर्षित, 12 से14 आयुवर्ग में पीयूष, दुष्यंत, क्षेत्रपाल, प्रशांत, 14 से 16 आयुवर्ग में अंकित, साहिल, नईम, 16 से 18 आयुवर्ग में अजय, रोहित, सुशांत विजेता रहे। लड़कियों में पांच से सात आयुवर्ग में कुमारी प्रिया, छवि, तन्वी, काव्या, आठ से 10 आयुवर्ग में सांची, दिव्या, खुशी, 10 से 12 आयुवर्ग में राधिका, नेहा, रेनू, 12 से 14 आयुवर्ग में रागनी, गोरी, धनिया, तानिया विजेता रही। प्रतियोगिता के समापन व पुरस्कार वितरण के उपरांत स्कूल संचालक जितेंद्र छोकर व योगाचार्य गुरमेष सिंह ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

वृंदावन दर्शन करने जा रही महिला की हादसे में मौत, पति गंभीर

पलवल। हाईवे पर बंचारी गांव के पास हादसे में महिला की मौत हो गई है। उसका पति गंभीर रूप से घायल हुआ। दोनों स्कूटी पर दिल्ली से प्रेम मंदिर वृंदावन दर्शन के लिए जा रहे थे कि अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। मुंडकटी थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मुंडकटी थाना प्रभारी सचिन के अनुसार रोहिनी सेक्टर-18 पुरानी दिल्ली निवासी रामसेवक ने बताया कि वह प्रेस का काम करता है। आठ जुलाई को वह और उसकी पत्नी पुष्पा देवी दोनों स्कूटी पर दिल्ली से वृंदावन दर्शन करने जा रहे थे। देर शाम जब वे हाईवे पर बंचारी गांव के निकट स्थित पैट्रोल पंप के पास पहुंचे तो पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी और वे सड़क पर गिर गए। वाहन चालक अपने वाहन को लेकर होडल की तरफ फरार हो गया। वहीं दुर्घटना में लगी चोटों के कारण पत्नी पुष्पा देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसे राहगीरों ने सवारी का इंतजाम करके पलवल के निजी अस्पताल में दाखिल करा दिया। पीड़ित ने पुलिस को फोन किया। सूचना मिलते ही मुंडकटी थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। पुष्पा के शव को कब्जे में लिया और पति के बयान दर्ज करके केस दर्ज किया।

जानलेवा हमला करने का आरोपी हथियार सहित गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 प्रभारी की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम मनोज कुमार है, वह बल्लभगढ़ के पन्हेडा कलां का रहने वाला है। टीम ने उसे सूचना पर अटाली के सीएनजी पंप के पास से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर एक देसी कट्टा बरामद किया गया। आरोपी से लाईसेंस पेश करने की बात कही तो वह पेश नहीं कर पाया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने देसी कट्टा अपने चचेरे भाई जेकी से लिया था। जिसकी वर्ष 2020 में हत्या कर दी गई थी। आरोपी पर पहले हत्या का मामला अदालत में विचाराधिन है, आरोपी मामले में जमानत पर है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश के कोसी में हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी ने अभी कुछ दिन पहले अपने गांव में किसी व्यक्ति पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई थी। जिसमें आरोपी को पुलिस एक दिन के रिमांड पर लिया है।

अवैध हथियार सहित एक गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम सोनी है, वह रोशन नगर पल्ला का रहने वाला है। उसकी तलाशी लेने पर एक देसी पिस्तौल बरामद की गई। आरोपी से पिस्तौल के संबंध में लाईसेंस पेश करने की बात कही तो वह लाईसेंस पेश नहीं कर पाया। आरोपी के खिलाफ थाना पल्ला में अवैध हथियार रखने का मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी देसी पिस्तौल को अपने शौक के लिए उत्तर प्रदेश से किसी अंजान व्यक्ति से 3200/-रुपये में खरीद कर लाया था। आरोपी प्राईवेट कंपनी में काम करता है। पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है।

स्नैचिंग की वारदात को आठ घंटे में सुलझाया, दो आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। थाना सुरजकुंड की पुलिस टीम चौकी दयालबाग ने स्नैचिंग की वारदात को सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में इशांत और पियूष का नाम शामिल है। दोनों आरोपी फरीदाबाद के शिव दुर्गा विहार लक्कड़पुर फाटक के रहने वाले है। पुलिस को सात जुलाई की रात को करीब दो बजे सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर आरोपियों की तालश शुरु कर दी। आठ जुलाई की सुबह करीब आठ बजे इशांत को शिव दुर्गा विहार से तथा आरोपी पियूष को लक्कड़पुर फाटक के पास से गिरफ्तार किया है। मोटरसाइकिल को शिव दुर्गा विहार से तथा मोबाइल फोन को पियूष से बरामद किया गया है। दोनों आरोपी नशा करने के आदि हैं। आरोपियों ने नशे की पूर्ति के लिए स्नैचिंग की वारदात को अंजाम दिया था। पूछताछ के बाद दोनों को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

कॉलेज की विद्यार्थियों को दी आर्थिक सहायता

पलवल। पर्यावरण को संरक्षित करने की आवश्यकता के प्रति छात्रों को संवेदनशील बनाने के लिए सरस्वती महिला महाविद्यालय और इनर व्हील क्लब पलवल तेजस्विनी द्वारा पौधारोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरस्वती स्कूल एवं महिला महाविद्यालय के जरूरतमंद विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर सरस्वती शिक्षण संस्थान की निदेशिका मनीषा मंगला, इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष मनीषा सुमित मंगला, कोषाध्यक्ष पूजा गुप्ता, क्लब की कार्यकारिणी सदस्य सरिता मित्तल, वीणा मित्तल, कोमल मित्तल, रुचि सिंगला, सुनीता सिंह एवं डॉ. अमिता गुप्ता उपस्थित थे।

राजस्थान प्रकरण

कांग्रेस में समझौता

राजस्थान में मुख्यमंत्री तथा 'प्रतीक्षारत' मुख्यमंत्री के बीच समझौते के किसी फार्मूले पर सहमति बन गई है। राजस्थान में आगामी चुनावों के लिए अपनी संभावनाओं का आंकलन करने तथा रणनीति बनाने के लिए हालिया बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व प्रतीक्षारत मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच किसी प्रकार के समझौता फार्मूले पर सहमति हुई है क्योंकि दोनों ने फिलहाल 'युद्धविराम' की घोषणा कर दी है। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी, राजस्थान के एआईसीसी प्रभारी सुखजिंदर रंधावा, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद डोटासरा, पायलट तथा राज्य के अनेक विधायक व मंत्री उपस्थित थे। गहलोत ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिया। कांग्रेस ने जोर दिया है कि वह राजस्थान विधानसभा चुनाव जीत सकती है बशर्ते कि एकता बनी रहे तथा उन लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो जो अनुशासन का पालन नहीं करते हैं तथा पार्टी मंचों के बाहर बोलते हैं। हालांकि, पार्टी ने संकेत किया कि वह इस वर्ष के अंत में होने वाले चुनाव में मुख्यमंत्री के किसी चेहरे की घोषणा नहीं करेगी। कांग्रेस ने दावा किया कि उसने वार्ता के माध्यम से सभी मुद्दों का समाधान कर लिया है तथा गहलोत व उनके पूर्व उप-मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच मतभेद दूर हो गए हैं जो अक्सर सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे के खिलाफ बोला करते थे। वास्तव में उनको इसलिए एकसाथ काम करने की जरूरत है ताकि राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी को चुनावों में पराजित करने की परंपरा समाप्त हो सके।

लेकिन यह करने की तुलना में कहना ज्यादा आसान है। चुनाव वाले तीन बड़े राज्यों-मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में राजस्थान कांग्रेस के लिए सत्ता में वापसी के मामले में सबसे बड़ी चुनौती है। राजस्थान परंपरानुसार हर चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी को पराजित कर देता है। कांग्रेस में व्याप्त भयंकर गुटबाजी के चलते भाजपा का काम और आसान हो गया है, भाजपा राज्य में अपना संगठन मजबूत करने तथा गहलोत सरकार के खिलाफ जनता में माहौल बनाने का काम कर रही है। ऐसे में गहलोत जानते हैं कि सचिन से कोई टकराव पार्टी की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाएगा, लेकिन सचिन के साथ वर्तमान समझौता ज्यादा कुछ बदलने में सफल नहीं होगा। गहलोत ने सत्ता-विरोधी लहर का मुकाबला करने के लिए समाज के हर वर्ग को लक्षित अनेक योजनायें शुरू की हैं, लेकिन उनको चुनावी राजनीति माना जा रहा है। दूसरी ओर भाजपा आलाकमान ने भले ही अभी पूर्व मुख्यमंत्री विजयराजे सिंधिया को मुख्यमंत्री उम्मीदवार न घोषित किया हो, पर निश्चित रूप से वे राज्य में भाजपा की सबसे कद्दावर नेता हैं।

राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह ने अनौपचारिक रूप से चुनाव अभियान की शुरुआत कर दी है। अमित शाह की एक बैठक में उनसे पहले वसुंधरा राजे सिंधिया ने भाषण देकर पार्टी में अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है। गहलोत सरकार पर आरोप है कि उसने राज्य में 'तुष्टीकरण' को बढ़ावा दिया है तथा सरकार की लचर पैरवी के कारण ही जयपुर विस्फोट के आरोपियों को सजा नहीं मिल पाई है। भाजपा का आरोप है कि यदि एनआईए हस्तक्षेप न करती तो गहलोत सरकार कन्हैयालाल के हत्यारों को भी गिरफ्तार न करती। इसके साथ ही पायलट-गहलोत टकराव के कारण राज्य का विकास प्रभावित हुआ है तथा गहलोत सरकार के कुप्रबंधन के अनेक मामले सामने आ चुके हैं।

चुनाव के पहले मतदाताओं की सोच

भारतीय मतदाताओं ने कई बार अपनी बुद्धिमत्तापूर्ण सोच से मतदान में राजनेताओं को आश्चर्यचकित किया है। सवाल है कि अगले साल वे क्या करेंगे?

वीके बहुगुणा
(लेखक, पूर्व वन अधिकारी हैं)

वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के पहले राजनेता पूरे देश में इसकी तैयारियां व बयानबाजी करने लगे हैं। इस बार देश की विभाजित राजनीति विदेश तक पहुंच गई जहां कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी-विरोधी 'जहरीले' भाषण दिए तथा विदेश में रहने वाले लोगों से भारत में लोकतंत्र की रक्षा में सहायता का अनुरोध किया। दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी ने मई, 2023 में आस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा में सिडनी में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए अपनी सरकार की नौ साल की उपलब्धियां याद दिलाईं। भाजपा ने चुनाव प्रचार अभियान शुरू कर दिया है और गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि भाजपा इस चुनाव में 300 सीटें जीतेगी।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा के साथ मिल कर राज्य में 20 साल से अधिक समय तक सरकार चलाई, पर अब वे तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव के साथ मिल कर विपक्ष को एकजुट करने तथा भाजपा नीति राजग को सत्ता से हटाने की रणनीति बनाने में जुट गए हैं। मई, 2023 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव बड़े बहुमत से जीतने के बाद कांग्रेस और उसके सहयोगियों के हौसले बुलंद हैं। यदि भाजपा को सत्ता की दौड़ से किनारे किया जा सके तो पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी विपक्ष का नेता बनने का सपना देख रही हैं। इस प्रकार सभी राजनीतिक पार्टियां 2023 में राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व तेलंगाना के साथ ही 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रचार अभियान शुरू कर चुकी हैं। 'खैरातों' व 'धर्म' तथा 'लीक से हट कर की जाने वाली घोषणायें' फिर शुरू हो गई हैं। 'किसान पंचायतें' तथा अन्य संगठन व नेता ऐसी घोषणाओं में व्यस्त हो गए हैं जिनसे सत्ता तक पहुंचने के लिए मतदाताओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया जा सकता है। देश की जनसंख्या 142 करोड़ से अधिक हो गई है और भारत ने सबसे बड़ी जनसंख्या वाले देश के रूप में चीन को पीछे धकेल कर पहले स्थान पर कब्जा कर लिया है।

भारत जैसा लोकतांत्रिक देश विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों से भरा पड़ा है। इसके साथ ही युवा जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा आज भी बेरोजगार है। ऐसे में राजनीतिक पार्टियां लोगों को भांति-भांति से आकर्षित कर अपने पक्ष में लाना चाहती हैं। इसके लिए वे 'खैरातों' जैसे अनैतिक तरीके भी अपनाने को तैयार हैं और इसे असामान्य नहीं माना जा रहा है। ऐसे परिदृश्य में आम आदमी या मतदाता के लिए राजनेताओं की लफ्फाजियों में सत्य की तलाश करना तथा अपना नेता चुनना लगातार कठिन होता जा रहा है। लेकिन भारतीय मतदाताओं ने बड़ी सावधानी से अपने वोटों का प्रयोग कर कई बार राजनेताओं को आश्चर्यचकित कर दिया है। इस मामले में भारतीय मतदाताओं का कोई मुकाबला नहीं किया जा सकता है। आपातकाल का युग समाप्त होने के बाद से ही भारतीय मतदाता बहुत बुद्धिमत्तापूर्ण तरीके से अपने लिए सर्वश्रेष्ठ संभावित विकल्प चुनने का प्रयास करते रहे हैं। लेकिन इसके साथ ही हालिया वर्षों में मतदाताओं के चरित्र में व्यापक परिवर्तन आए हैं और कभी-कभी वे 'खैरातों के लालच' में भी फंसते देखे गए हैं। हमें सही सूचनाओं के आधार पर अपने ईमानदार मतदाताओं के लिए 2024 के लोकसभा चुनाव हेतु राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों का विश्लेषण करना चाहिए। आज भारतीय लोकतंत्र के समक्ष सबसे बड़ी बाधा विकास के फलों का समतापूर्ण वितरण है। बढ़ती जनसंख्या तथा संपदा के असमान वितरण के कारण गरीबी उन्मूलन सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। इन परिस्थितियों के कारण ही बहुत से लोग 'खैरातों के वादों' के जाल में फंस जाते हैं। किसी जीवन्त अर्थव्यवस्था में कुछ भी मुफ्त नहीं हो सकता है। 'खैरातें' बांटने का वादा करने वाली राजनीतिक पार्टियां करदाताओं का पैसा लुटाने का वादा करती हैं और इस बात की जरा भी चिन्ता नहीं करती हैं कि क्या सरकारी खजाना इनका बोझ उठा सकता है। वे इसकी गणना बिल्कुल नहीं करती हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था जीवन्त है तथा हमारे द्वारा प्रयोग की जा रही राजकोषीय व्यावहारिकता के कारण उस पर वैश्विक घटनाओं का ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ता है। खैरातों से आर्थिक स्थिरता पर बहुत बुरा असर पड़ेगा। ऐसे में निर्वाचन आयोग या सर्वोच्च न्यायालय को 'स्वत:' ही संवैधानिक निष्ठा के संरक्षक के रूप में इनके खिलाफ कदम उठाने चाहिए। मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्यरक्षा को छोड़ दें तो यह चुनाव प्रक्रिया का दुरुपयोग तथा नैतिक रूप से असंवैधानिक है। लेकिन कोई राजनीतिक पार्टी मुफ्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व स्वास्थ्यरक्षा का वादा नहीं करती है। देश को जनसंख्या नियंत्रण पर एक कानून तथा उसके कठोर क्रियान्वयन की आवश्यकता है जिसमें जनसंख्या नियंत्रण के लिए दंडात्मक उपाय शामिल हों। 73वें संविधान संशोधन के साथ सरकार ने दो बच्चों से अधिक वाले माता-पिता को पंचायत चुनावों में भाग लेने पर प्रतिबंध लगा दिया है। हमारी राजनीतिक पार्टियों द्वारा सच्चे लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन जरूरी है। यह लोकतंत्र की दीर्घकालीन जीवन्तता के लिए बहुत आवश्यक है और इसमें संसद व विधानसभाओं के साथ ही पार्टियों के भीतर संवाद व विचार-विमर्श जरूरी है। हमारे राजनेता अक्सर कार्यपालिका के कामों में हस्तक्षेप के लिए न्यायपालिका की आलोचना करते हैं, पर वे भूल जाते हैं कि उनके पूर्वाग्रही कार्यों में न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना पड़ता है। हमारे परस्पर विरोधी राजनेता छोटे-छोटे मामलों जैसे बहुमत सिद्ध करने के लिए राज्य विधानसभा का सत्र बुलाने जैसे मुद्दों पर उच्च न्यायालयों व सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाते हैं।

इसके लिए व्यापक चुनाव सुधारों की आवश्यकता है। एक और महत्वपूर्ण मुद्दा विदेशियों द्वारा विदेशियों को सुनियोजित तरीके से देश में प्रवेश पर नियंत्रण करना है जो दस्तावेज खरीदते हैं। इस संबंध में कुछ राजनीतिक दलों का पक्षपाती एजेंडा महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। विदेशियों की इस घुसपैठ से अतीत में अनेक राज्यों में तनाव पैदा हुआ है। समय आ गया है कि उपयुक्त व कठोर विधिक उपायों से ऐसे अवैध आप्रवास से निपटा जाए। इसके लिए दस्तावेज खरीदने में सहायता करने वाले सरकारी कर्मचारियों की जवाबदेही तय कर उनको दंड दिया जाना चाहिए। एक महत्वपूर्ण मुद्दा राजनीति का अपराधीकरण समाप्त करना है। अधिकांश राजनीतिक पार्टियां न केवल अपराधियों की सहायता लेती हैं, बल्कि जघन्य अपराधों के जिम्मेदार अपराधी बार-बार राज्य विधानसभाओं व संसद में चुन कर लोकतंत्र का नाम खराब करते हैं। यदि इस प्रवृत्ति पर रोक न लगाई गई तो इससे देश में कानून-व्यवस्था को गंभीर खतरा पैदा हो जाएगा। पिछले कई वर्षों से यह बात पूर्णत: स्पष्ट है। नागरिकों के दृष्टिकोण से चुनावों में घनबल व बाहुबल का प्रयोग बड़ा मुद्दा है। यहां तक कि राष्ट्रीय पार्टियां भी टिकट के उम्मीदवारों से पैसा लेती हैं और ऐसा निर्वाचन आयोग की निगरानी के बावजूद होता है। ऐसे में कोई मध्यवर्गीय व्यक्ति लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने के बारे में सोच भी नहीं सकता है। ऐसे धनवान लोग चुनाव जीतने के बाद भारी भ्रष्टाचार में संलिप्त हो जाते हैं। इस प्रका चुनावों में धनबल और बाहुबल का प्रयोग भारतीय लोकतंत्र के समक्ष बहुत बड़े खतरे के रूप में सामने आ रहा है।

भारतीय लोकतंत्र में क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं के प्रति अज्ञान व इनसे जुड़ी समस्याओं के समाधान के प्रति भारी अनदेखी की जाती है। इसके लिए उपयुक्त मंचों का अभाव है। विडंबना है कि अधिकांश राजनीतिक दलों की विफलता के कारण उल्टे अक्सर मतदाताओं पर आरोप लगाया जाता है कि वे अपनी मांगों को सामने लाने में विफल रहते हैं या वे चुनावों के दौरान राजनीतिक पार्टियों की प्रचार मशीन से अनावश्यक रूप से प्रभावित हो जाते हैं। एक और महत्वपूर्ण मुद्दा 'पुरानी पेंशन योजना'-ओपीएस लागू करने की मांग है जिसे विपक्ष ने हालिया राज्य विधानसभा चुनावों में उठा कर लाभ प्राप्त किया है। भाजपा इस मामले में रक्षात्मक है। कुछ शर्तों के साथ पुरानी पेंशन योजना लागू की जा सकती है, जैसे यह 25 साल बाद लागू हो और इसके अनावश्यक प्राविधान हटा दिए जाएं। इसके बजाय 'नई पेंशन योजना'-एनपीएस के माध्यम से अंतिम वेतन के कम से कम 50 प्रतिशत की गारंटी पेंशन के रूप में की जा सकती है। राजनीतिक दलों को बेरोजगारी व सुधारों पर ध्यान देने के साथ ही नौकरशाही में लाल-फीताशाही तथा निर्णय लेने में पूर्वाग्रह समाप्त करने के प्रयास करने चाहिए। उम्मीद करनी चाहिए कि इनमें से मतदाताओं की ओर से उठाए कुछ मुद्दों को इस साल होने वाले विधानसभा चुनावों तथा 2024 के आम चुनाव में समुचित महत्व मिलेगा।

सरकारी योजनाओं से वंचित मुसहर समुदाय

> मुसहर समुदाय, जिसे महादलित भी कहा जाता है, बिहार में सबसे वंचित समुदायों में से एक माना जाता है।

वंदना कुमारी
(लेखिका, ग्रामीण क्षेत्रों पर लेखन में सक्रिय हैं)

गरीबी, बीमारी, भुखमरी और स्वच्छता की भारी कमी ने मुसहर समुदाय का जीवन दयनीय बना दिया है। बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के मुसहरी ब्लॉक की एक महिला ने शौचालय की कमी के कारण बाहर शौच करने के डर को साझा करते हुए कहा, बाढ़ के दौरान यहां उपद्रवियों से ज्यादा सांप और बिच्छू का डर होता है। मुसहर समुदाय, जिसे महादलित भी कहा जाता है, बिहार में सबसे वंचित समुदायों में से एक माना जाता है। दुर्भाग्य से, उन्हें देश में विभिन्न स्वच्छता योजनाओं से बाहर रखा गया है, जिससे उनके पास खुले में शौच पर निर्भर रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। वार्षिक बाढ़ से जूझते हुए और सामाजिक सीढ़ी के सबसे निचले पायदान पर रहने वाला, हाशिए पर रहने वाला मुसहर समुदाय जब सरकारी योजनाओं और लाभों तक पहुंचने की बात करता है तो लगातार खुद को सूची में सबसे नीचे पाता है।

2020 में, केंद्र सरकार ने 2024-2025 तक खुले में शौच मुक्त प्लस (ओडीएफ प्लस) स्थिति प्राप्त करने पर ध्यान देने के साथ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के चरण 2 की शुरुआत की। इस चरण का उद्देश्य खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) स्थिति की स्थिरता सुनिश्चित करना और ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार करना है। चरण 1 के तहत, सभी गांवों, ग्राम पंचायतों, जिलों और राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने 2 अक्टूबर, 2019 को खुद को खुले में शौच मुक्त घोषित कर दिया। लेकिन वास्तविकता में कई समुदायों की स्थिति अभी भी पहले जैसी है। हालांकि, इस उपलब्धि के बावजूद, अभी भी कुछ समुदाय ऐसे हैं जो खुले में शौच करना जारी रखते हैं। इसका मुख्य कारण स्वच्छ भारत मिशन योजना तक उनकी पहुंच की कमी या प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित होना है, जिससे हुई प्रगति बाधित हुई है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत पूरे भारत में लगभग 10.9 करोड़ व्यक्तिगत घरेलू शौचालय (आईएचएल) और अकेले बिहार में 1 करोड़ से अधिक शौचालयों के निर्माण के बावजूद, मुशहरी ब्लॉक में खुले में शौच की समस्या बनी हुई है। शौचालय के अभाव के कारण इस क्षेत्र के ग्रामीण शौच के लिए बाहर जाने को मजबूर हैं. स्वयं शौचालय बनाना उनके लिए एक व्यवहार्य विकल्प नहीं है क्योंकि उनकी अल्प आय मुख्य रूप से उनके अस्तित्व पर खर्च होती है। इसके अलावा, इन गांवों के कई पुरुष बेहतर अवसरों की तलाश में अन्य क्षेत्रों में चले जाते हैं, और इस चुनौतीपूर्ण स्थिति से निपटने के लिए महिलाओं को पीछे छोड़ देते हैं। विशेष रूप से महिलाओं को बदमाशों की अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करने में अपमाजनक स्थितियों का सामना करना पड़ता है। इस ब्लॉक की एक महिला ने साझा किया, इन चुनौतियों के बावजूद, हम इस कठिनाई को सहना जारी रखते हैं, अक्सर सिर झुकाकर घर लौटते हैं। इस क्षेत्र में बाढ़ के कारण पैदा हुई गरीबी और लाचारी ने यहां रहने वाले लोगों के जीवन को और भी कठिन बना दिया है। उनकी ख़राब स्थिति के कारण, उनके पास स्थायी आवास और पर्याप्त शौचालय सुविधाओं दोनों का अभाव है। बार-बार आने वाली बाढ़ ने कई लोगों को बार-बार कठिनाइयों का सामना करने के लिए मजबूर किया है, जिससे बेघर होने और खुले में शौच करने की आवश्यकता हुई है। मुशहरी ब्लॉक के कई गांवों में, जहां भूख और गरीबी व्याप्त है, वहां के निवासी गंदगी में रहते हैं। आबादी का एक बड़ा हिस्सा मलेरिया, टाइफाइड, तपेदिक, अस्थमा और यौन संचारित रोगों (एसटीडी) जैसी बीमारियों से पीड़ित है।

जिले के इस हिस्से में गरीबी, बीमारी, भुखमरी और स्वच्छता की भारी कमी ने जीवन को दयनीय बना दिया है। यह स्थिति केवल इसी ब्लॉक तक सीमित नहीं है; जिले के 16 अलग-अलग प्रखंडों के दर्जनों मुसहर समाज की स्थिति भी गरीबी, अशिक्षा और स्वच्छता के मामले में बेहद गंभीर है। महादलितों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कई कल्याणकारी योजनाओं और सरकारी कार्यक्रमों के अस्तित्व के बावजूद, बिहार के विभिन्न जिलों में सैकड़ों महादलित बस्तियों की वास्तविकता आंखें खोलने वाली है, खासकर जब स्वच्छता के मामले की बात आती है।

एक निवासी राकेश कुमार ने इस क्षेत्र में लोगों को हो रही लगातार परेशानी पर दुख जताया। आधा साल, वे बाढ़ विस्थापन से पीड़ित होते हैं, और शेष महीने वसूली के लिए समर्पित होते हैं। कोई नदी के कटाव की पीड़ा झेलता है, तो कोई पलायन का दर्द झेलता है। प्रति माह केवल दस कार्य दिवसों के साथ, उनके पास बीस बेकार दिन बचे हैं। नतीजतन, शिक्षा और स्वच्छता की उपेक्षा की जाती है, राकेश ने कहा। एक सकारात्मक बात यह है कि राजवाड़ा भगवान गांव में पंचायत की मुखिया जयंती देवी ने स्वच्छता पहल के तहत शौचालय बनाने का इरादा जताया है। इस क्षेत्र में बहुत से लोग अभी भी खुले में शौच से जुड़ी कमियों के बारे में पूरी तरह से जागरूक नहीं हैं। गांव के कुछ लोगों, जिनमें थोड़ी जागरूकता है, ने अपने स्वयं के शौचालय बनाने की पहल की है। ये अस्थायी शौचालय बांस के तख्तों और खंभों का उपयोग करके बनाए गए हैं। दुर्भाग्य से, गांव की महिलाएं दिन में इन शौचालयों का उपयोग करने में शर्म महसूस करती हैं, जयंती ने प्रकाश डाला।

मुसहर समुदाय के लोगों को तब तक ऐसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता रहेगा जब तक कि उनके विशिष्ट मुद्दों को संबोधित करने वाली योजनाएं बेहतर एवं प्रभावी ढंग से विकसित नहीं की जातीं। इस मामले में, बाढ़ के प्रति लचीले घरेलू शौचालयों और सामुदायिक शौचालयों का निर्माण और उपयोग करके बाढ़-प्रवण क्षेत्रों में स्वच्छता सुविधाओं तक पहुंच में सुधार किया जा सकता है।

आप की बात

वर्षावन संरक्षण

ब्राज़ील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा ने दावा किया है कि वे अपने बोल्सोनारो द्वारा अमेजन वर्षावन को किए नुकसान को रोकने में कुछ हद तक सफल रहे हैं। इस साल के पहले छह महीने में क्षेत्र में वनों की कटाई में 33.6 प्रतिशत की गिरावट आई है। हालांकि, इस दावे की वैज्ञानिकों व विषेशज्ञों द्वारा पुष्टि जरुरी है। लूला दा सिल्वा ने अपने चुनाव घोषणापत्र में वन संरक्षण को सबसे ऊपर रखा था। अमेज़न जंगल केवल दक्षिण अमेरिका के लिए महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि पूरी धरती के लिए इस क्षेत्र को हरा भरा रखना जरुरी है। यह वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड का लगभग 25 प्रतिशत अवशोषित करता है। यह प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के माध्यम से पृथ्वी के वायुमंडल में कुल ऑक्सीजन का 6 प्रतिशत पैदा करता है। इससे अमेज़ॅन वर्षावन को पृथ्वी ग्रह का फेफड़ा कहा जाता है। ब्राजील सरकार का यह प्रयास प्रशंसनीय है जिसका पर्यावरणविदों समेत सारी दुनिया को स्वागत करना चाहिए। लेकिन अमेजन वनों का काफी हिस्सा ब्राजील के बाहर है। अत: सारी दुनिया के वर्षावनों के साथ अन्य प्राकृतिक वनों का संरक्षण भी पर्यावरण तथा धरती पर मानव समेत अन्य जीव-जंतुओं के जीवन के लिए आवश्यक है।

-जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर

खालिस्तानियों को चेतावनी

भारत ने कनाडा ब्रिटेन और अमेरिका में सक्रिय खालिस्तानी चरमपंथियों की अराजक गतिविधियों को लेकर कहा कि ऐसी हरकतें अस्वीकार्य हैं। इन देशों को सख्त और सीधा संदेश देना इसलिए आवश्यक है क्योंकि वह अपने यहां के खालिस्तानी अतिवादियों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्यवाही करने के बजाय जुबानी जमा खर्च कर रहे हैं। सबसे शर्मनाक रवैया कनाडा सरकार का है। वहां के प्रधानमंत्री ने खालिस्तानियों के धमकी भरे व हिंसा की पैरवी करने वाले पोस्टरों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बता दिया। यह निर्लज्जता की पराकाष्ठा ही नहीं, एक तरह से अतिवाद को खुले तौर पर दिया जाने वाला प्रश्रय है। अमेरिका व ब्रिटेन की सरकारें भी अपने यहां के खालिस्तानियों के खिलाफ ढुलमुल रवैया अपनाए हुए हैं, इसलिए वहां भी अराजक व भारत-विरोधी गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। ऐसा रवैया अपनाकर वे भारत के साथ-साथ अपने लिए भी मुसीबत खड़ी कर रहे हैं। भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और कनाडा, ब्रिटेन, अमेरिका समेत अनेक पश्चिमी देशों के हित भारत से जुड़े हैं। ऐसे में सरकार से इन देशों के खिलाफ और कठोर कदमों की उम्मीद है।

- सदन जी, पटना

स्वागत योग्य कदम

सरकार द्वारा व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम लागू किया जाना स्वागत योग्य कदम है। इंटरनेट व स्मार्टफोन के युग में लोगों को इनका भरपूर सहयोग मिल रहा है और अधिकांश काम घर बैठे हो जाते हैं। मगर इस सुविधा के कुछ दुष्परिणाम भी सामने आने लगे हैं! डाटा चोरी के साथ-सथ लोगों के बैंक अकाउंट से पैसे हड़प लेना सबसे बड़ी परेशानी का सबब है। इस अधिनियम के साथ-साथ अब सरकार को लोगों को अपने अकाउंट की सुरक्षा के बारे में भी पर्याप्त जानकारी उपलब्ध करवाना चाहिए ताकि वे ठगी का शिकार न हों। इसके साथ ही बोगस पैन कार्ड, आधार कार्ड, आदि बनाने वाले लोगों को सख्त सजा का प्रावधान होना चाहिए। यही लोग फर्जी अकाउंट खोलने में सहायता देते हैं। ये रोहिंग्या व अन्य अनाधिकृत रूप से देश में प्रविष्ट लोगों के आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी बना देते हैं। कुछ पैसों के लालच में ये देश के साथ गद्दारी करते हैं। इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए कठोर कानून व उनका त्वरित क्रियान्वयन जरूरी है ताकि कोई इस प्रकार की धोखाधड़ी करने के पहले हजार बार सोचने को मजबूर हो जाए।

- विभूति बुपक्या, खाचरोद

कटु यथार्थ

पुस्तक अल्लाह की फैक्ट्री के हिंदी अनुवाद को राष्ट्रभाषा पुरस्कार मिलना गौरव की बात है। हैरानी है कि मूल लेखक से अधिक ख्याति और इनाम अनुवादक को मिला। पुस्तक में वर्णित गरीब बच्चों की बदहाली व्यथित करने वाली है। भारत ही नहीं दुनिया के अधिकांश गरीब देशों में गरीबी का सबसे ज्यादा खामियाजा बच्चों को ही उठाना पड़ता है। बच्चों में भी लड़कों के मुकाबले लड़कियों को और अधिक कष्ट सहने पड़ते हैं। दुनिया भर में सबसे अधिक संतानोत्पत्ति के जिम्मेदार गरीब परिवार ही हैं। जब वे बच्चों का पालन पोषण ठीक से करने की क्षमता नहीं रखते हैं तो फिर संतति निरोध के साधन उपलब्ध होने के बावजूद बच्चों की लाइनें क्यों लगा लेते हैं। इतना ही नहीं जनसंख्या नियंत्रण कानून से भी सबसे ज्यादा आपत्ति इसी वर्ग को है। अब एक या दो बच्चों वाले अभिभावक सरकारी खजाने में भरपूर टैक्स देते हैं और सरकार उसी टैक्स का उपयोग अधिक बच्चों वाले गरीब परिवारों के पालन-पोषण में करती है। इस कटु यथार्थ के प्रति जागरूकता व समुचित कार्रवाई जरूरी है।

- सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

काशी के सुगम दर्शन के लिए सरकार ने की पुख्ता तैयारी

● बुजुर्गों, दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क ई-रिक्शा और व्हील चेयर का इंतज़ाम'

● मंदिर प्रशासन ने भक्तों के लिए चिकित्सीय सुविधा के भी किये हैं इंतज़ाम

सावन का पहला सोमवार आज

लखनऊ/वाराणसी। भव्य श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर विस्तारीकरण के बाद पहली बार सावन दो महीने तक रहेगा। सावन के प्रथम सोमवार से पहले ही मुख्यमंत्री के निर्देश पर वाराणसी में सारी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है, जिससे शिवभक्तों को बाबा के सुगम दर्शन का अवसर प्राप्त हो सके। शिव भक्तों की भीड़ को देखते हुए योगी सरकार की ओर से विश्वनाथ धाम में सुरक्षा और सुविधा के बेहतर इंतज़ाम किये गये हैं। अधिकारियों के अनुसार श्रद्धालुओं को इस बार आधे घंटे के भीतर ही बाबा के दर्शन कराने की तैयारी है।

बुजुर्गों दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क ई रिक्शा और व्हील चेयर का इंतज़ाम होगा। कतारबद्ध होकर दर्शन के लिए बैरिकेडिंग लगाई गई है। मंदिर प्रशासन ने भक्तों के लिए चिकित्सीय सुविधा के भी इंतज़ाम किये गये हैं। काशी में आस्था का जनसैलाब उमड़ने की संभावना को देखते हुए योगी सरकार ने भक्तों के सुगम दर्शनए सुविधा और सुरक्षा के लिए ख़ास इंतजाम किये हैं। श्री काशी विश्वनाथ धाम के एसडीएम शम्भू शरण ने बताया कि धाम में आने वाले भक्तों को 30 मिनट में दर्शन कराने का प्रयास होगा।

श्रद्धालुओं के लिए रेड कार्पेट बिछाकर पुष्प वर्षा किया जाएगा। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में पहुंचते ही कई जगहों पर लगी बड़ी एलईडी टीवी से बाबा के दर्शन का सजीव प्रसारण होता रहेगा। इसके अलावा भक्तों के लिए पीने का पानीए पंखा कूलर आदि का इंतजाम भी किया गया है। साथ ही बरसात से बचाव के भी उपाय किये गए हैं। एसडीएम ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए 5 जगहों पर चिकित्सा की व्यवस्था रहेगी। मैदागिन और गोदौलिया पर बुजुर्गों के लिए ई.रिक्शा और व्हीलचेयर का निःशुल्क इंतज़ाम रहेगा। मंदिर प्रशासन ने लोगों से धाम और क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त रखने की अपील की है।

घायलों का समुचित उपचार कराया जाएः मुख्यमंत्री

● सीएम ने प्रदेश में आकाशीय विद्युत, डूबने तथा अतिवृष्टि से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में आकाशीय विद्युतए डूबने तथा अतिवृष्टि से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत व्यक्तियों के परिजनों को अनुमन्य राहत राशि तत्काल वितरित किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री जी ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्हांने विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं में घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिये हैं। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार प्रदेश में विगत 24 घण्टों में आकाशीय विद्युत से 17, डूबने से 12 तथा अतिवृष्टि से 05 जनहानि हुई हैं। इनमें आकाशीय विद्युत से जनपद बागपतए इटावाए उन्नावए आगरा व बलिया में 01-01, जनपद जालौनए कानपुर देहातए कन्नौज व गाजीपुर में 02-02 तथा मैनपुरी में 04 जनहानि हुई है। डूबने से जनपद संत कबीर नगर में 01, बदायूं में 02 व बरेली में 04 तथा जनपद रायबरेली में 05 जनहानि हुई है। अतिवृष्टि से जनपद एटाए कन्नौज व कौशाम्बी में 01-01 तथा जनपद मुजफ्फरनगर में 02 जनहानि हुई है।

विपक्षी दलों ने षड़यंत्रों का सहारा लेना शुरू कर दिया हैःभूपेन्द्र चौधरी

● लोकसभा सीटों पर जीत का संकल्प कार्यकर्ताओं के परिश्रम से पूर्ण होगाःधर्मपाल

● भाजपा मुख्यालय में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक आयोजित

लखनऊ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने रविवार को पार्टी पदाधिकारियों के साथ प्रदेश भाजपा मुख्यालय में महाजनसम्पर्क अभियान सहित आगामी कार्यक्रमों को लेकर आयोजित बैठक में चर्चा की। बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों के साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष तथा जिलों के प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि लोकसभा चुनाव का समय नजदीक आ रहा है। ऐसे में सपा, बसपा, कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों ने झूठ, फरेब, भ्रम सहित विभिन्न षड़यंत्रों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। ऐसे में हमारी संगठनात्मक मजबूती तथा जनता से सम्पर्क व संवाद की सतत प्रक्रिया के साथ मोदी सरकार व योगी सरकार की उपलब्धियां विपक्षी दलों के षड़यंत्रों का मुंहतोड़ जवाब भी देंगी और भाजपा की बडी जीत का माध्यम भी बनेगी। उन्होंने कहा कि महा जनसम्पर्क अभियान प्रभावी रूप से आगे बढ़ रहा है। अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार के 9 वर्ष की उपलब्धियों तथा दृढ़ इच्छा शक्ति के राजनैतिक निर्णयों के साथ प्रत्येक घर तक घर.घर सम्पर्क अभियान से दस्तक तथा विशिष्ठ जनों से सम्पर्क का कार्य करना है। चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक में केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा तय कार्यक्रमों तथा अभियानों के साथ संगठनात्मक कार्यों को मूर्त रूप देने का कार्य भी शीघ्र पूर्ण करना है।

प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि महा जनसम्पर्क अभियान के तहत 15 जुलाई तक घर घर सम्पर्क एवं सम्पर्क से समर्थन अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव का वातावरण तैयार हो रहा है और इसके साथ ही हम सभी की जिम्मेदारी भी बढ़ रही है। संगठन की मजबूत संरचना, संगठनात्मक कार्यों में सभी का समायोजन तथा सभी के साथ समन्वय से सफलता सुनिश्चित होती है। प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर जीत का संकल्प कार्यकर्ताओं के परिश्रम से पूर्ण होगा। प्रत्येक कार्यक्रम व अभियान की सफलता सुनिश्चित करने की बड़ी जिम्मेदारी आप सभी के ऊपर है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में प्रशिक्षण के द्वारा संगठन की विचारधारा से परिपूर्ण, अनुशासितए निष्ठावानए समर्पित तथा सेवाभावी कार्यकर्ताओं के निर्माण की सतत प्रक्रिया है। महा.जनसम्पर्क अभियान के पश्चात आगामी दिनों में प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जाएगी।

सपा मजदूर सभा की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम द्वारा अनुमोदित समाजवादी मजदूर सभा उत्तर प्रदेश की 21 सदस्यीय प्रदेश कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। समाजवादी मजदूर सभा प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल श्रमिक प्रयागराज द्वारा 3 प्रदेश उपाध्यक्ष पूनम श्रीवास्तव आजमगढ़, महबूब अली बागपत एवं चन्द्रमणि राय सोनभद्र के अलावा 14 प्रदेश सचिव और 4 सदस्य बनाये गए हैं। तमसीर खान मेरठ, उमाशंकर मौर्य जौनपुर, आशीष कुमार गुप्ता गाजीपुर, संदीप गुप्ता मेरठ, नवाब कुरैशी गौतमबुद्धनगर, शोभनाथ तिवारी गोण्डा, विनोद गाजीपुर, राजेन्द्र बेलदार संतकबीरनगर, दयाराम अहिरवार बांदा, सुघर सिंह शाक्य कन्नौज, रमेश यादव मऊ, अभिषेक कौशिक औरैया, राधेश्याम यादव प्रयागराज, देवानंद सिंह प्रयागराज प्रदेश सचिव बनाये गये, धर्मवीर फिरोजाबाद, पवन कुमार बिन्द प्रयागराज, तेज सिंह वर्मा आगरा सहित वीएस विमल गाजियाबाद प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाये गये है।

सरकारी भवनों व मॉल में लगायी जायेगी ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफाइब्रिलेटर मशीन

लखनऊ। स्वास्थ्य के क्षेत्र में तेज प्रगति कर रही योगी सरकार प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक नई पहल शुरू करने जा रही है। सरकार उत्तर प्रदेश सचिवालय समेत समस्त सरकारी भवनों, मॉल आदि जगहों पर ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफाइब्रिलेटर ईडी या शॉक मशीन स्थापित करेगी। मुख्य सचिव ने अंतिम मुहर लगा दी है। आगामी 1 अगस्त से लोकभवन, इंद्राभवन, शक्तिभवन और एनेक्सी में ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफाइब्रिलेटर लगाने का कार्य शुरू हो जाएगा। इस मशीन के लगने से कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में सरकारी भवनों में ही मरीज को जरूरी कार्डियक फर्स्ट एड प्रदान किया जा सकेगा।

ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफाइब्रिलेटर या शॉक मशीन के माध्यम से मरीज के हृदय के समीप मशीन को लगाकर तात्कलिक रूप से रोगी व्यक्ति को एक शॉक दिया जाता हैए जिससे व्यक्ति का हृदय अपनी गति से कार्य करने लगता है और रोगों को समीपवर्ती अस्पताल में चिकित्सा हेतु भेजे जाने का समय मिल जाता है। मशीन द्वारा रोगी के हृदय के समीप दो स्थानों पर दिए जाने वाले इलेक्ट्रिक शॉक से उसे प्राथमिक चिकित्सा प्राप्त हो जाती है। यह चिकित्सा हृदयघात के समय हाथ में दी जाने वाली सीपीआर प्राथमिक चिकित्सा से अधिक कारगर है। मशीन के संचालन एवं प्रयोग के लिए सचिवालय के अंदर सभी चिकित्सालयों एलोपैथिक, होम्योपैथिक व आयुर्वेदिक के चिकित्सकों एवं सभी भवनों के व्यवस्थापकों को प्रशिक्षित किया जा चुका हैए क्योंकि यह मशीन इन्ही के संरक्षण में रखी जाएगी। मशीन से सचिवालय के सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों को हृदयघात से प्राथमिक चिकित्सा प्रत्येक भवन में प्राप्त होगी और सचिवालय में हृदयघात से बचाव से संबंधित सकारात्मकता का माहौल रहेगा।

क्या है सडन कार्डिएक अरेस्ट

दरअसल सडन कार्डियक अरेस्ट का मतलब है कि दिल अचानक धड़कना बंद कर देता है। देश में हर साल कार्डियक अरेस्ट से होने वाली मौतों का आंकड़ा लगभग 07 लाख है।

प्यास बुझाने के साथ स्कूलों की सूरत भी बदलेगा जल जीवन मिशन

● नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की अनूठी पहल से संवरेंगे विन्ध्य बुंदेलखंड के स्कूल ● पहले चरण में 9 स्कूलों का होगा कायाकल्प, कान्वेंट स्कूलों की तर्ज पर दी जाएंगी सुविधाएं

लखनऊ। योगीराज में विन्ध्य और बुंदेलखंड के विद्यालयों की सूरत बदलने जा रही है। जल जीवन मिशन प्यास बुझाने के साथ ही योगी के यूपी में बेसिक शिक्षा परिषद के 9 विद्यालयों का कायाकल्प भी करेगा। स्कूलों की सूरत बदलने की यह पहल बिना किसी सरकारी बजट के होगी। जल जीवन मिशन में काम कर रही कम्पनियां अपने सीएसआर फण्ड से कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालयों को कान्वेंट स्कूलों की तर्ज पर सुविधाएं देंगी। इन विद्यालयों में विज्ञानए कम्प्यूटर की नई लैब बनेगी। बच्चे लैब में ही गणित के गुर भी सीखेंगे। स्मार्ट क्लास होंगेए मिड.डे.मील के के लिए डाइनिंग शेड भी बनेगा। मल्टीपल हैण्डवाशिंग यूनिट के साथ.साथ सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों के लिए भी पर्याप्त स्थल व खेल मैदान भी होगा। स्कूलों की नई चारदीवारी और नए कक्ष भी बनेंगे। पहले चरण में विन्ध्य.बुंदेलखंड के विद्यालयों में एक.एक विद्यालय का चयन किया गया है। अन्य स्कूलों के चयन की प्रक्रिया भी संचालित की जा रही है।

नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव के मुताबिक जल जीवन मिशन में काम कर रही कम्पनियां अपने सीएसआर फण्ड से गरीब बच्चों की पढ़ाई के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों का कायाकल्प करेंगी। प्रमुख सचिव ने ग्रामीण क्षेत्र के छात्र.छात्राओं को बेहतर और आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराकर इन विद्यालयों को मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के रूप में विकसित करने के निर्देश दिये हैं। बता दें कि पहले चरण में 12.78 करोड़ की लागत से बुन्देलखण्ड क्षेत्र के 07 जनपद (चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, बांदा, झांसी, जालौन, ललितपुर) और विन्ध्य (मिर्जापुर एवं सोनभद्र) के 1.1 कम्पोजिट विद्यालयों को मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के रूप में विकसित किया जाना है। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि योगी सरकार सही मायने में जल जीवन मिशन की वाटरलाइन को ग्रामीण क्षेत्र की लाइफलाइन बनाने में जुटी है। ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल देने के साथ उनके स्वास्थ्य, रोजगार, शिक्षा और सामाजिक जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रही है।

भाजपा ने सामाजिक बंटवारे की खाई को और चौड़ा कियाः कांग्रेस

लखनऊ। कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में दलितों, अति पिछड़ों के मिले संवैधानिक अधिकारों को छीनने के मामले मोदी शासनकाल अपनी सारी हदें लांघ चुका हैं। दलितों पिछड़ों के साथ घोर अत्याचार की खबरें सोशल मीडिया और मीडिया में लगातार देश में देखने को मिल रही हैं। आरएसएस व भारतीय जनता पार्टी की नफरत विघटन के एजेंडे ने सामाजिक बंटवारे की खाई को और चौड़ा कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने कहा कि दलित पिछड़ों को घोड़ी पर बैठने पर, मूछ रखने पर, बीजेपी नेता द्वारा मध्य प्रदेश का पेशाब करने वाला मामला हो, अब यह ताजा मामला उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में जहां एक दलित कर्मचारी से पैर चटवाने का घृणित कृत्य सामने आया हों । अब तो यह स्पष्ट हो चुका है कि दलित पिछड़ों को मिले संवैधानिक अधिकार, आरक्षण को बीजेपी समाप्त करके ही दम लेगी। ऐसे वीभत्स कृत्य करके दलितों पिछड़ों में भय आतंक का वातावरण बनाकर उन्हें हमेशा हमेशा के लिए दबा कुचला बनाए रखना चाहती है।

कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने कहा कि महज वोट के खातिर प्रधानमंत्री मोदी से प्रेरित मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह भी सामाजिक न्याय की अपनी अकर्मण्यता और नाकामी को छुपाने के लिए किसी एक दलित को पकड़ कर कैमरे के सामने उसकी सेवा सत्कार करने का केवल अभिनय किया है। श्रीवास्तव ने बताया आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत सहित तमाम प्रमुख बीजेपी नेताओं ने कई बार आरक्षण व्यवस्था की मुखालफ्त करते हुए पुनः आरक्षण समीक्षा की बात स्पष्ट रूप से कही है। देश भर में भाजपा सरकारें सामाजिक समरसता और प्रेम का वातावरण बनाने में पूरी तरीके से विफ्ल साबित हुई हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने बताया कि अति पिछड़ों दलितों को संवैधानिक अधिकार ना प्राप्त हो पाए इसलिए 2017 में सामाजिक न्याय के लिए गठित रोहिणी आयोग की रिपोर्ट आज तक सार्वजनिक नहीं की जा रही है और 9 वर्षों में आयोग का कार्यकाल 16 से 17 बार बढ़ाया जा चुका है। इसके साथ ही उप्र में विधानसभा चुनाव 2017 के तुरंत बाद सदन में आ चुकी जस्टिस राघवेंद्र कमेटी की 400 पन्ने की रिपोर्ट को भी मोदी सरकार ने दरकिनार कर दिया है जिसमें सामाजिक न्याय की पैरवी कर दी गई है। सामाजिक न्याय के लिए पिछड़ेएअति पिछड़े और सार्वजनिक पिछड़ों को कैटिगराइज करने की बात कही गई है।

पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत अब तक 34.72 लाख आवास किये गये आवंटित

● आवास निर्माण में प्रतिशत की दृष्टि से उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर ● प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले आवासविहीन परिवारों को छत देने के लिए दृढ़ संकल्पःकेशव

लखनऊ। हर किसी को सुंदर आशियाना का सपना होता है, कुछ लोग किसी तरह से आशियाना बना लेते हैं तो कुछ लोग मकान खड़ा करने में जिंदगी गुजार देते हैं। फिर भी सपना पूरा नहीं होता। ऐसे में गरीबों के सपनों को सरकार पूरा कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना से ग्रामीणों के सपने को नये पंख लग रहे हैं। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना.ग्रामीण के अन्तर्गत प्रदेश में 2016-17 से अब तक 34.72 लाख आवास आवंटित किये गयेए जिसके सापेक्ष 29.68 लाख आवास पूर्ण कराये जा चुके है। आवास प्लस की सूची से लक्ष्य प्राप्त करने वाला उत्तर प्रदेश एदेश का पहला राज्य है।वर्ष 2016-17 से 2021-22 तक आवास निर्माण में प्रतिशत की दृष्टि से उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। 91 प्रतिशत आवासों का निर्माण 10 महीने के भीतर कराया गया हैए जबकि राष्ट्रीय औसत 69 प्रतिशत है। सभी भूमिहीन पात्र लाभार्थियों को पट्टा उपलब्ध कराते हुए आवास का निर्माण पूर्ण कराया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण भारत सरकार की एक अति महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अन्तर्गत सभी बेघर परिवारों एवं कच्चे तथा जीर्ण.शीर्ण मकानों में रह रहे परिवारों को 2024 तक बुनियादी सुविधायुक्त पक्का आवास उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य रखा गया है। योजना 1 अप्रैल, 2016 से लागू की गयी तथा इसका शुभारम्भ 20 नवम्बर, 2016 को उत्तर प्रदेश के जनपद आगरा से किया गया था।

योजनान्तर्गत सामाजिक आर्थिक जातिगत जनगणना.2011 एवं वर्तमान में आवास प्लस के आधार पर तैयार की गयी स्थायी पात्रता सूची से आवासों का आवंटन किया जा रहा है। सामान्य क्षेत्र के लिए आवास की लागत 1.20 लाख तथा नक्सल प्रभावित जनपद के लिए 1.30 लाख की धनराशि आवास निर्माण के लिए दी जाती है। धनराशि तीन किश्तों में सीधे लाभार्थियों के खाते में पीएफएमएस के माध्यम से अन्तरित की जाती है। आवास निर्माण का क्षेत्रफ्ल 25 वर्गमीटर रखा गया है किन्तु जगह की उपलब्धता के आधार पर लाभार्थी द्वारा निर्धारित क्षेत्रफ्ल में अपनी सुविधानुसार आवास का निर्माण किया जा सकता है। आवास के लाभार्थी को शौचालय के निर्माण के लिए 12 हजार रुपए की धनराशि स्वच्छ भारत मिशन से मनरेगा से 90 -95 दिवस का रोजगार दिये जाने का प्राविधान है। योजना में लाभार्थियों को बिजली कनेक्शन, गैस कनेक्शन एवं वाटर कनेक्शन जैसी बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दिये जाने का प्राविधान किया गया है। प्रदेश में आवास के लाभार्थी परिवार को मनरेगा एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जैसी गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास भी किया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत यथा सम्भव महिला मुखिया अथवा पति व पत्नी के संयुक्त नाम पर आवास आवंटित किया जाता है।

आवास निर्माण के लिए पात्र भूमिहीन लाभार्थियों को प्राथमिकता पर पट्टा देकर आवास उपलब्ध कराने की व्यवस्था योजना में की गयी है। प्रधानमंत्री आवास योजना.ग्रामीण आवासविहीन परिवारों को पक्का छत देने की महत्वपूर्ण योजना हैए जिसमें अन्य कई योजनाओं के कनवर्जेन्स से लाभार्थी परिवार को विभिन्न सुविधाएं देते हुए उसके सामाजिक स्तर को ऊँचा उठाते हुए मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया गया है। उत्तर प्रदेश में, देश में सर्वाधिक 1.23 लाख ग्राम पंचायतों में विभिन्न वर्षों में सोशल आडिट की कार्यवाही की गयी है और वर्तमान में 29 हजार राजमिस्त्रियों के प्रशिक्षण की कार्यवाही प्रगति पर है क्लस्टर में आवास निर्माण को प्राथमिकता दी जाती है। उत्तर प्रदेश द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना.ग्रामीण के क्रियान्वयन में लगातार अच्छा कार्य किया गया है। तथा प्रदेश की उपलब्धि सराहनीय रही है। गत वर्षो में योजना में उत्कृष्ट कार्य के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालयए भारत सरकार द्वारा प्रदेश को कई पुरस्कार भी दिये गये है। उत्तर प्रदेश द्वारा योजना में पारदर्शिता के दृष्टिगत योजना का व्यापक प्रचार.प्रसार करते हुए सार्वजनिक कार्यक्रमों में मा0 जनप्रतिनिधियों के हाथों से आवास का स्वीकृत पत्र एवं पूर्ण आवासों की चाभी वितरण भूमि पूजन एवं गृह प्रवेश का कार्यक्रम व्यापक पैमाने पर आयोजित कराते हुए लाभार्थियों के अन्दर जागरूकता एवं सार्वजनिक रूप से योजना के लाभार्थियों को सम्मान उपलब्ध कराया गया है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले आवासविहीन परिवारों को छत देने के लिए दृढ़ संकल्प है तथा पूरी पारदर्शिता के साथ योजना का लाभ सम्बन्धित हितग्राही तक पहुचाने का प्रयास कर रही है।

यूपी में किसी की भी जिंदगी सुरक्षित नहीं हैः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भाजपाराज में किसी की भी जिंदगी सुरक्षित नहीं है। अपराधी खुलेआम कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रहे है। हर रोज हत्याए लूट, बलात्कार की घटनाएं घट रही है। मुख्यमंत्री जी के अनुसार तो अपराधी या तो जेल में या राज्य के बाहर भाग गए है। फिर आखिर आपराधिक घटनाएं कौन और कैसे कर रहा हैघ् जनता को धोखा कौन दे रहा हैघ

भाजपा राज में कानून व्यवस्था को चुस्त.दुरूस्त करने की कहानी यह है कि राजधानी लखनऊ के इन्दिरानगर में विद्युत उपकेन्द्र में दिनदहाड़े तमंचा लगाकर लूट हो गई। लुटेरे फरार है। झांसी जनपद में सब्जी विक्रेता को लाठी डंडो से पीटकर टमाटर की लूट हो गई। सोने.चांदी या रुपयों की लूट की जगह दबंग अब टमाटर भी लूटने लगे हैं। मेरठ के सरधना की पुलिस चौकी से ही पुलिसकर्मी की बाइक चोर चुरा ले गए।

अखिलेश ने कहा कि भाजपाराज में तो अब भाजपाई भी मारे जाने लगे हैं। पांच साल में 21 सौ से ज्यादा गोवंश को कटान से बचाने वाला और 70 से ज्यादा गोकशों की गिरफ्तारी कराने वाला मेरठवासी गोरक्षक पुलिस सुरक्षा मांगता रहा शूटरों ने गोलियों से उसे छलनी कर दिया। दबंगों की हिम्मत इतनी बढ़ गई है कि कानपुर में किदवईनगर में कॉलेज से घसीटकर लड़की की मांग भर दी गई। कुशीनगर से युवती को अगवाकर नेपाल में गैंगरेप के बाद बेच दिया गया।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा शासित मध्य प्रदेश के सीधी जिले की शर्मनाक घटना की तरह उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में एक दलित युवक को चप्पल चाटने पर मजबूर किया गया। भाजपाई राज में दलित उत्पीड़न की यह कलंकित करने वाली घटना है। बहन.बेटियां सश्रा संरक्षित अपराधियों की शिकार हो रही है। कन्नौज में परीक्षा देने गई छात्रा का अपहरण कर रेप के बाद हत्या की गई। प्रतापगढ़ में पट्टी कोतवाली के एक गांव में रात को बाहर सो रहे एक वृद्ध को कुछ लोग उठा ले गए और उसे तालाब में डुबो कर मार डाला।

अखिलेश ने कहा कि समाजवादी सरकार में कानून व्यवस्था और पुलिस रिस्पांस सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए अत्याधुनिक उपकरणों से लैस गाड़ियों वाली यूपी डायल 100 पुलिस सेवा शुरू की गई थी ताकि लोगों को तत्काल मदद मिल सके। भाजपा सरकार ने उसे 112 बनाकर बर्बाद कर दिया है। महिला अपराध नियंत्रण के लिए 1090 वूमेन पावर लाइन सेवा शुरू की गई थी। भाजपा सरकार में जनता का उत्पीड़न हो रहा है। अब जनता समझ गई है कि बिना भाजपा सरकार को हटाये सुखचैन कतई नहीं मिलेगा।

सपा व्यापार सभा 13 जुलाई को जीएसटीएन में हुए बदलाव का करेगी विरोध

लखनऊ। समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं व्यापारी वैश्य.नेता प्रदीप जायसवाल ने बताया कि व्यापारी अहित में शनिवार देर रात्रि को केंद्रीय वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) द्वारा एक अधिसूचना जारी कर जीएसटीएन को धनशोधन निवारण अधिनियम 2002 के तहत डाल दिया गया है। यह धारा 66 की उपधारा के खण्ड द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए शामिल करने का फैसला लिया है, इसका मतलब यह है कि अब जीएसटी से जुड़े मामलों में प्रवर्तन निदेशालय सीधा दखल दे सकेगी। जीएसटी करापवंचन करने वाले फर्म, व्यापारी या संस्था के खिलाफ सीधे कार्यवाही कर सकती है, जिसके तहत सरकार या सार्वजनिक प्राधिकरण को व्यापारियों द्वारा गैर कानूनी तरीके से कमाए गए धन और संपत्ति को जब्त करने का अधिकार दिया गया है। इस व्यापारी विरोधी फैसले का समाजवादी व्यापार सभा कड़े शब्दों में निन्दा और विरोध करती है। प्रदेश मुख्य महासचिव यासिर सिद्दीकी ने बताया कि आगामी 13 जुलाई को प्रदेश के हर जिला मुख्यालय में समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन पत्र जिलाधिकारी के मार्फत देकर इस फैसले का विरोध किया जाएगा। वाराणसी में प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल, कानपुर में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता, झांसी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय सूद, महाराजगंज में प्रदेश उपाध्यक्ष विजय जायसवाल और लखनऊ में प्रदेश प्रमुख महासचिव यासिर सिद्दीकी से व्यापारियों ने विरोध दर्ज करवाया।

योगी सरकार नवंबर में करेगी कृषि कुंभ का आयोजन

● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर सकते हैं उद्घाटन

● खेतीबाड़ी से संबंधित हर अत्याधुनिक तकनीक का होगा जीवंत प्रदर्शन

● तकनीकी सत्रों में जाने-माने कृषि विशेषज्ञों से सीधे रूबरू हो सकेंगे किसान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश की योगी सरकार नवंबर माह में कृषि कुंभ का आयोजन करने जा रही है। लखनऊ में प्रस्तावित कृषि कुंभ का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर सकते हैं। योगी सरकार 2.0 का यह पहला कृषि कुंभ है। इसके पहले योगी 1.0 में 2018 में 25 से 28 अक्टूबर तक पहली बार प्रदेश में कृषि कुंभ का आयोजन लखनऊ स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में हुआ था। इस बार भी आयोजन स्थल वही होगा। कृषि कुंभ किसानों के साथ खेतीबाड़ी को केंद्र में रखकर उपकरण बनाने वाली कंपनियों के लिए भी एक बेहतरीन अवसर साबित होगा। इनको अपनी तकनीकों एवं उत्पादों के जीवंत प्रदर्शन एवं सक्षम क्रेताओं के समक्ष प्रचार.प्रसार का अवसर मिलेगा। इस कुंभ में कृषि के साथ खेतीबाड़ी से जुड़े सभी विभाग अपनी सभी योजनाओं के साथ स्टाल लगाएंगे। खेतीबाड़ी की बेहतरी के लिए किए जा रहे कार्यों का जीवंत डिमांस्ट्रेशन भी देंगे। इसमें पशुपालन, गन्ना, रेशम, मत्स्य, उद्यान, उप्र भूमि सुधार निगम आदि शामिल हैं।

इन विषयों पर होगा फोकस

कृषि कुंभ में फसल विविधीकरण, जैविक खेती, भूजल संरक्षण, फल-फूल की खेती, हाइड्रोपोनिक्स, वर्टिकल गार्डन, औषधीय पौधों की खेती। पशुपालन के उन्नत तरीकों के अलावा कुक्कुट, तीतर, बटेर, बकरी पालन, मछली के साथ बत्तख पालन, सिंघाड़े एवं मखाने की खेती, रंगीन एवं सजावट के लिए मछली पालन, रेशम की खेती, ऊसर भूमि का सुधार, एग्रो फारेस्ट्री, आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी।

आयोजित होंगी कार्यशालाएं

इस मौके पर कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यशालाएं भी होंगी। संस्थान के सभागार के अलावा आयोजन स्थल पर इनके लिए अलग से तीन सभागार होंगे। अलग.अलग सत्रों के विषय एवं पैनल विशेषज्ञों का चयन उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद करेगा।

प्रस्तावित विषयों में गौ आधारित प्राकृतिक खेती, मोटे अनाजों की उपयोगिताए कृषि क्षेत्र में कृषक उत्पादक संगठन एफपीओ की भूमिका, डिजिटल खेती, कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप, कृषि यंत्रीकरण के लाभए पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन होंगे। इसके अलावा कुछ कंपनियों एवं संस्थाओं से एमओयू भी होंगे। अंतराष्ट्रीय कृषि कुंभ के जरिये प्रदेश के किसान वैश्विक स्तर की तकनीक से वाकिफ होंगे। इनमें से कुछ प्रगतिशील एवं नवाचारी किसान इनका प्रयोग करेंगे। इनको देखकर आसपास के किसान भी। क्रमशः यह सिलसिला बन जाएगा। ऐसा होने पर किसानों की आय बढ़ेगी। वह खुशहाल होंगें। लगातार यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और हम सबकी मंशा भी है। यही आयोजन का उद्देश्य भी है।

प्रेस क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों के सम्मान पर नहीं आने देंगे आंच-शिवम

मोहम्मदी.खीरी। प्रेस क्लब मोहम्मदी की मासिक बैठक वरिष्ठ पत्रकार विमल सिंह की अध्यक्षता में वातानुकूलित सभागार नगर पालिका परिषद में संपन्न हुई।संगठन विस्तार के लिए हुआ विचार.विमर्श।प्रेस क्लब अध्यक्ष शिवम राठौर ने बैठक में कहा कि प्रेस क्लब के सभी पदाधिकारियों के सम्मान में कोई भी आंच नहीं आएगी बशर्ते आप लोग भी पत्रकारिता क्षेत्र में अपनी गरिमा बनाकर कार्य करें जब तक आप सभी के पास रोजगार नहीं होगा तब तक आप सफलता प्राप्त नहीं कर सकते हैं।पत्रकारिता सिर्फ2 घंटे करें शेष समय में अपना काम करें साफसुथरी पत्रिकारिता आप कर सकते हैं।आप अगर गलत नहीं है कोई भी अधिकारी आप के खिलाफकार्रवाई नहीं कर पाएगा।जनहित से जुड़ी समाचारों को आप सभी प्रकाशित करें।मोहम्मद इलियास ने जो लगातार तीन बार बैठक में सम्मिलित नहीं हुआ उनको ग्रुप से बाहर करने का सुझाव रखा जिस पर सभी पदाधिकारियों ने सहमति प्रदान की प्रेस क्लब मोहम्मदी के तीन सदस्यों को ग्रुप से हटाया गया।शाहनवाज एवं अश्वनी राजपूत ने कांवरियों के शुगम यात्रा के लिए चर्चा की।महामंत्री तनवीर ने हम सबके बीच जो पत्रकार साथी नहीं रहे उनके पत्थर लगाने की बात पालिका अध्यक्ष से दूरभाष से बात रखी।वरिष्ठ पत्रकार विमल सिंह ने सभी पदाधिकारियों को प्रेस क्लब मोहम्मदी पदाधिकारियों के आईडी कार्ड वितरित किए।इस मौके पर रियासत अलीए अमित कुशवाहा जाकिर खान शमशाद तोहिद मंसूरी सिदाकत मंसूरी बबली गोपाल मिश्रा विनीत सिंह अनुज कुमार वाहिद अली जसवंत सिंह अर्जुन राठौर शारिब अली शुभम कुमार पिरोज मंसूरी कपिल कुमार सहित प्रेस क्लब मोहम्मदी के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

महिलाओं से दोस्ती की हसरत में

ठगे गए 15 लाख

भारत में रहकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे नाइजीरियन, फेसबुक पर विदेशी महिलाओं के नाम से प्रोफाइल बनाते और फिर दोस्ती कर ठग लेते हैं रकम



शाहजहांपुर । शाहजहांपुर में पुलिस ने फेसबुक के माध्यम से ऑनलाइन ठगी को अंजाम देने वाले नाइजीरिया के एक नागरिक को गिरफ्तार किया है । पुलिस के पकड़ में आए नाइजीरिया के नागरिक ने फेसबुक पर महिला के नाम से अकाउंट बनाया जिसके बाद मैसेंजर के माध्यम से दोस्ती को बढ़ाया । शाहजहांपुर के जलालाबाद में रहने वाले बृजेश से दोस्ती की और दो अलग-अलग खातों में 15 लाख की भारी रकम को ट्रांसफर कराया ।

पीड़ित को जब यह पता लगाकर उसके साथ ठगी हो गई है तो उसने इस संबंध में 9 अगस्त 2022 को थाना जलालाबाद में लिखित सूचना दी कि उनके मोबाइल पर एक काल आई, जिसने अपने अलग-अलग दो खातों में 15 लाख रुपये डलवाकर उनके साथ ठगी कर ली गई है। इस सम्बन्ध में थाना जलालबाद पुलिस ने 565ध्2022 धारा 420 व 66(डी) आईटी एक्ट मुकदमा के तहत मामला दर्ज किया । शाहजहांपुर पुलिस ने इसके फोन को सर्विलांस पर लगाने के बाद जब उसकी लोकेशन को ट्रेस किया । पुलिस को ठगी करने वाले नाइजीरियन व्यक्ति की लोकेशन दिल्ली की मिली जिसके बाद पुलिस ने नाइजीरियन व्यक्ति को गिरफ्तार किया ।इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक संजीव बाजपेई ने बताया गिरफ्तार नाइजीरियाई नागरिक से पूछताछ में में जानकारी सामने आई ठगी करने वाले ें डनतचील ने करीना व्हाइट व अन्य नाम से प्रोफाइल बनाकर फेसबुक के माध्यम से दोस्ती की उसके बाद विदेश में महंगे गिफ्ट के नाम पर अलग-अलग खातों में लगभग 15 लाख की रकम को ट्रांसफर कराया । अंग्रेजी महिलाओं से दोस्ती की हसरत रखने वाले बृजेश को जब यह एहसास हुआ कि उसके साथ ठगी हो गई है तो उसने इस मामले को पुलिस तक पहुंचाया जिसके बाद पुलिस ने लगातार प्रयास कर नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार करने में सफलता पाई ।

पौधारोपण कर एबीवीपी ने मनाया 75वां स्थापना दिवस

स्वास्थ्य शिविर और संगोष्ठी का आयोजन

लखीमपुर.खीरी। 75 वें स्थापना दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नि:शुल्क स्वास्थ शिविरए संगोष्ठी व पौधरोपण आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया।एबीवीपी के विभाग संयोजक अमन गुप्ता ने बताया कि वाल्मीकि सेवा बस्ती में हेल्थ कैंप के माध्यम से 200 से अधिक लोगों नि:शुल्क जांच का लाभ लिया। नगर के युवराज दत्त महाविद्यालय में पौधारोपण किया गया एवं जिला पंचायत सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में विशेष आमंत्रित सदस्य रुपेश अवस्थी ने कहा कि परिषद अपने स्थापना काल से विद्यार्थियों तथा राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रही है।विभाग संगठन मंत्री शिवानंद ने कहा अपनें 75 वर्षों की यात्रा में अभाविप ने एक लंबा रास्ता तय करते हुए देश में राजनीतिए पत्रकारिताए शिक्षा आदि क्षेत्रों में कार्य करने वाली चरित्रवान पीढ़ी तैयार की है और आने वाले वर्षों में अभाविप देश व मनुष्यता के लिए नई पीढ़ी व नई ऊर्जा के साथ अच्छा कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रांत सह मंत्री हरप्रीत सिंह ने परिषद के स्थापना तथा उनके आदर्शों के बारे में बताते हुए छात्र.छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विभाग संयोजक अमन गुप्ता ने कहा अभाविप की स्थापना देश के आजादी के तुरंत बाद छात्र.छात्राओं को नेतृत्व और एक सही मार्गदर्शन के साथ उनके भविष्य को दिशा प्रदान करने के लिए की गई थीण् संगठन तब से लेकर आज तक भारत के शिक्षा व्यवस्था को लेकर संघर्ष करती रही हैजिला प्रमुख धीरज श्रीवास्तव ने बताया विद्यार्थी कल का नही अपितु आज का नागरिक हैए एवं हम सभी विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्त्ता व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राज्यपाल निर्माण का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर विभाग प्रमुख डॉण् माधव चतुर्वेदी प्रांत कार्यसमिति सदस्य अमन वर्मा प्रांत कार्यकारिणी सदस्य साक्षी अवस्थीए दीपांशु वर्माए जिला संयोजक लक्ष्मी पांडेए जिला सह संयोजक विनीत अवस्थीए नगर मंत्री शेखर तिवारीए रुचिए सक्षम यादवए हर्षए ऐश्वर्य सिंहए प्रखर मिश्राए मानस ठाकुरए कृष्णा गुप्ताए अभयए प्रशांत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समर्थन अभियान के तहत सभा का हुआ आयोजन

मोहम्मदी.खीरी। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुनील सिंह के निर्देशानुसार महा संपर्क अभियान के तहत ब्लाक सभागार मोहम्मदी में ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई की अध्यक्षता में संपर्क से समर्थन अभियान के तहत सभा का आयोजन किया गया। सभा को जिला महामंत्री ज्योतिर्मय बरतरियाए सौरभ गुप्ता महेंद्र बाजपेई ने संबोधित किया। सभा में सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। 9090902024 पर सभी कार्यकर्ता मित्रों से मिस कॉल कर पूर्ण रूप से सफल समर्थन कराया गया। बैठक में नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ताए नगर उपाध्यक्ष सुशील वर्माए अंकित मिश्रए संजय चतुर्वेदीए संजय सिंहए रितेश शुक्लाए प्रधान संघ अध्यक्ष केके अवस्थीए अश्विनी शुक्ला अमित गुप्ता आकाश अवस्थीए सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता प्रधान वीडीसी उपस्थित रहे।

बूढ़े बाबा के दर्शन को सैकड़ो किमी दूर से आते हैं श्रद्धालु

ओयल.खीरी। कस्बा ओयल क्षेत्र से लगभग 5 किलोमीटर दूर बेहजम रोड पर ग्राम बनिका ग्राम में बूढ़े बाबा का मंदिर है जो लगभग 200 वर्ष पुराना है। प्रकृति संपूर्ण रुप से इस देवस्थान पर मेहरबान है। मंदिर के सामने एक सुंदर तालाब है इस तालाब में एक कुआं है जिसके कारण तालाब चल सदैव भरा रहता है। एक अन्य कारण पास में नहर का होना है जो तालाब को कभी भी सूखने नहीं देती है। गांव वालों का कहना है काढिले कहार नामक एक बूढ़े बाबा हुआ करते थे जिन्होंने मंदिर के नीयू रखी थी। यह मंदिर इतना पुराना है इसका सही अंदाजा कोई भी नहीं लगा पा रहा। मंदिर के पास में एक अन्य मंदिर हनुमान का स्थित है। मंदिर के चारों ओर विशालकाय पीपल नीम के वृक्ष लगे हुए हैं जो किसी देव से कम नही लगते हैं। भीषण से भीषण गर्मी में भी यहां पर तापमान काफी कम रहता है गांव वाले गर्मी से राहत पाने के लिए इस मंदिर में रहते हैं। यहां की मान्यता के बारे में गांव वाले बताते हैं जो भी मन्नत आप सच्चे मन से मांगेंगे वह मन्नत आपकी पूरी हो जाएगी। सैकड़ों किलोमीटर दूर.दूर से भक्त यहां पर मन्नत मांगने आते हैं।

एसएस कॉलेज मे तीन दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

शाहजहाँपुर, । एसएस कॉलेज के वाणिज्य विभाग में परियोजना रिपोर्ट लेखन पर चल रही तीन दिवसीय कार्यषाला का समापन हो गया। कार्यषाला के अन्तिम दिन 72 प्रतिभागियों ने अलग-अलग विषयों पर परियोजना रिपोर्ट तैयार करके प्रस्तुत की। विषेषज्ञों द्वारा सभी प्रतिभागियों के प्रस्तुतिकरण का मूल्यांकन करके उनकी ग्रेडिंग की गई। परियोजना की गुणवत्ता के आधार पर 15 प्रभिभागियों को ए ग्रेड, 44 प्रतिभागियों को बी ग्रेड तथा 13 प्रतिभागियों को सी ग्रेड प्राप्त हुआ। ए ग्रेड प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों में अदिति खन्ना, अक्षिता मिश्रा, सुयषी सक्सेना, तरूषी वाथम, वैष्णवी मिश्रा, आदित्य गोस्वामी, वेदान्त सिंह, अमान सिद्दीकी, कषिष सिक्का, दिलीप कुमार, पलक राठौर, कषिष खण्डेलवाल, सुमित कुमार, नितांषी गुप्ता, वैभव सिंह सम्मिलति थे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो? आर?के? आजाद तथा वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो? अनुराग अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया। डॉ? रूपक श्रीवास्तव के संचालन में हुए कार्यक्रम के अन्त में बोलते हुए प्रो? आजाद ने कहा कि कार्यषालाओं तथा परियोजनाओं के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व का बहुमुखी विकास होता है और उन्हें व्यावहारिक ज्ञान की प्राप्ति होती है। प्रो? अनुराग ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वाणिज्य के छात्रों को स्वरोजगार उन्मुख बनाने के लिये नई षिक्षा नीति ने महाविद्यालयों का स्थानीय उद्योगों से सम्बन्ध स्थापित करने तथा इन्क्यूवेषन सेन्टर खोलने को प्रोत्साहित किया गया है जो छात्रों को परम्परागत षिक्षा के साथ कौषल विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। समापन सत्र में डॉ? देवेन्द्र सिंह, डॉ? कमलेष गौतम, डॉ? गौरव सक्सेना, डॉ? अजय वर्मा, डॉ? सन्तोष प्रताप सिंह, डॉ? सचिन खन्ना आदि षिक्षक भी उपस्थित थे।

पशुओं के अवशेषों के ठोस निस्तारण को 5 बंद गाड़ियों को चलाये जाने के निर्देश

शाहजहाँपुर, । नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा सावन माह के दृष्टिगत एवं जन सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नगर क्षेत्र में खुले स्थान पर लगाई जाने वाली मीट विक्रेताओं के सम्बंध में नगर स्वास्थ्य अधिकारी व समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों के साथ बैठक की गई। बैठक में नगर आयुक्त ने नगर क्षेत्र में खुले स्थान पर लगाई जाने वाले मीट विक्रेताओं से सम्पर्क स्थापित किये जाने एवं उनके द्वारा पूरे दिन में काटे जाने वाले पशुओं का विवरण, उसके उपरांत उनके अवशेषों को फेके जाने वाले स्थान का विवरण आदि उपलब्धता की जानकारी करने हेतु निर्देशित किया । साथ ही नगर क्षेत्र में अवैध रूप से मीट की दुकान लगाए जाने वाले मीट विक्रेताओं को नोटिस दिए जाने एवं उनके विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही निर्देशित किया कि कांवरियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उनके आने-जाने वाले मार्गों पर किसी भी स्थिति में मीट की दुकाने खुली न पाई जाए, इस हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को समय-समय निरीक्षण किये जाने के निर्देश दिए गए। नगर निगम टीम को पशुओं के अवशेषों के ठोस निस्तारण हेतु 5 बंद गाड़ियों को चलाये जाने के निर्देश दिए गए। निर्देशों की अवहेलना करने वाले मीट विक्रेताओं के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही जिन मीट दुकानदारों द्वारा पशुओं के अवशेषों को खुले एवं सार्वजनिक स्थान पर फेकते हुए अथवा फेके जाने की जानकारी मिलने पर सम्बंधित मीट विक्रेताओं के विरुद्ध महामारी अधिनियम के तहत कड़ी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए।

लूट करने वाले दो गिरफ्तार

लखीमपुर.खीरी। छह जुलाई की रात तंमचे के बल पर लूट करने वाले दो शातिर लुटेरों को पुलिस ने 48 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लुटेरों की पहचान राहुल वर्मा पुत्र स्वण् उत्तम वर्मा निवासी गुमचीनी व मोहित वर्मा पुत्र मदनलाल निवासी गुलचौरी थाना परधान जिला खीरी के रूप में हुए। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तमंचाए कारसूत व बाइक बरामद की। गिरफ्तार अभियुक्तो के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी है इनके परिवार मे भी पूर्व मे अपराधिक प्रवत्ति का रहा हैं जिनके द्वारा लूट व डकैती जैसी जघन्य अपराधो को अन्जाम दिया गया था जिनके विरूद्ध थाना परधान पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उपरोक्त घटना का सफल अनावरण करने वाली पुलिस टीम को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उत्साह वर्धन हेतु 10000 रूपये के नगद पुरूष्कार से पुरूष्कृत किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक सुनीत कुमारए उप निरीक्षक जयप्रकाश यादवए हेड कांस्टेबल विजय शर्माए कांस्टेबल अरविन्द कुमारए कांस्टेबल हेमेन्द्रए कांस्टेबल तालिबए कांस्टेबल विकास चौहान व कांस्टेबल यतेन्द्र पवार शामिल रहे।

सम्पर्क से समर्थन

मैगलगंज.खीरी। विधानसभा 143 कस्ता के शक्ति केन्द्र मैगलगंज में भाजपा मंडल अध्यक्ष ने डोर टू डोर सम्पर्क किया। भाजपा मनोज वर्मा मण्डल अध्यक्ष श्यामकिशोर तिवारी कमलेश गुप्ता ने केन्द्र सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं के पत्रक वितरित किये। इस अवसर पर नगर राधेश्याम गुप्ता राधेश्याम वर्मा दिनेश गुप्ता संजीव गुप्ता साथ में रहे। साथ ही सभी से 9090902024 पर मिस कॉल कराकर भाजपा के पक्ष में समर्थन मांगा।

ट्रांसफार्मर न बदले जाने से आक्रोशित उपभोक्ताओं का धरना

जंगबहादुरगंज.खीरी। जलालपुर गांव मे 2 सप्ताह से फुके पड़े ट्रांसफार्मर को न बदले जाने से आक्रोशित विद्युत उपभोक्ताओं ने रविवार को जंगबहादुरगंज बिजली उपकेंद्र का घेराव किया व विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। बताते चलें कि जंगबहादुरगंज उचौलिया मार्ग पर बसे जलालपुर गांव में दो ट्रांसफार्मर रखे हैं। एक ट्रांसफर बीते वर्ष फुंक गया था जिसे आज तक नहीं बदला गया। दूसरा ट्रांसफार्मर दो सप्ताह पहले फुंक गया है। कई बार समस्या से विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया इसके बावजूद आज तक सुधार नहीं किया गया। उपकेंद्र पर तैनात विभागीय कर्मचारियों की माने तो यह मामला अधिकारियों के संज्ञान में है। जल्द ही इसे बदल दिया जाएगा। उधर उपभोक्ताओं का कहना है कि विद्युत विभाग की घोर लापरवाही के चलते 15 दिन बीत जाने के बाद आज तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया है। इस संबंध में जलालपुर के उपभोक्ताओं ने बताया कि मोहम्मदी जाकर बड़े अधिकारियों से बात की जाएगी। उपभोक्ताओं ने लगभग 2 घंटा धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान दीपक बाबूए मुकेश कुमारए धर्मवीर सिंहए वीरेंद्रए संजीव कुमारए विनय सिंहए शोभित कुमारए सुधीर कुमारए सरोज कुमारए मिथिलेश सिंह व सुरेश आदि उपभोक्ता शामिल रहे।

काव्य संग्रह पतित से पावन हो गए का हुआ विमोचन

संवाददाता। सीतापुर व्यंग एक ऐसी विधा है जिसके जरिए न कि हंसी - हंसी में सच्चाई पर करारी चोट की जा सकती है बल्कि व्यंग की रचनाओं के माध्यम से चिंता में डूबे हुए के चेहरे पर मुस्कान भी लायी जा सकती है। समाज की विसंगतियों पर करारे कटाक्ष और समाज की विद्रूपताओं का सशक्त पोस्टमार्टम करने वाली रचनाओं से समृद्ध व्यंग काव्य संग्रह पतित से पावन हो गए का विमोचन रविवार को जिला पंचायत के नेहरू हाल सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर की अध्यक्षता में डा. उमाशंकर शुक्ल 'सितकण्ठ' ने किया। रचनाकार अरूणेश मिश्र द्वारा रचित व्यंग विधा का यह काव्य संग्रह कई मायनो में मौजूदा परिदृष्ट को रेखांकित करता है। रचनाकार ने व्यंग के जरिए समाज की विसंगतियों पर करारे कटाक्ष किए हैं।

सावन पर गोकशी से मचा हड़कंप

बरेली ।सावन पर पहले सोमवार से पूर्व गोकशी की घटना से हड़कंप मच गया घटना की शिकायत पुलिस से कर दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने अवशेषों को गड्ढे में दबाया और आरोपियों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरूकर दी । देवरनिया थाना क्षेत्र में रिछा जहानाबाद मार्ग पर स्थित गोल्डन ईंट भट्टे के पास एक बगिया में बीती रात किसी ने गौ वंशीय पशुओं का बध कर दिया और अवशेष को बगिया में ही छोड़ दिया सुबह होने पर लोगों ने पशुओं के अवशेषों को देखा और हंगामा शुरू कर दिया सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने जेसीबी की मदद से गड्ढा खोदकर अवशेषों को जमीन में दबा लेकिन जैसे ही घटना की जानकारी अखिल भारतीय गौ रक्षा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष विपिन गंगवार को मिली वह मौके पर पहुंचे और गांव वालों के साथ मिलकर हंगामा करने लगे तब सीओ और थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंच गए उन्होंने अवशेषों को जांच के लिए भेजा और लोगों को आश्वासन दिया कि जल्दी ही गौ वंशीय पशुओ का वध करने वालों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा गौ रक्षा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष ने ट्विटर के माध्यम से मुख्यमंत्री और प्रदेश के डीजीपी को भी घटना की जानकारी दी ।

गांजरी इलाके में कटान रोधी कार्य से ग्रामीणों को नहीं मिल रही राहत

नदियों के खौफसे ग्रामीण आशियाना छोड़कर बाहर निकल जाने को है विवश

संवाददाता। सीतापुर

सीतापुर के गांजरी इलाके में कराए गए कटान रोधी कार्य से ग्रामीणों को कोई राहत नहीं मिल पा रही है। हाल यह है कि नदियों के खौफसे ग्रामीण आशियाना छोड़कर बाहर निकल जाने को विवश है। ऐसी ही एक तस्वीर तहसील महमूदाबाद के ग्राम पंचायत अखरी बाबा कुटी से सामने आई है। इस वीडियो में आप देख सकते है कि कटान रोकने के लिए खर्च किए गए लाखों रुपये किस तरह पानी के साथ बह गए। कटान रोधी काम जिस तरह वीडियो मे दिख रहा है उससे यह साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि बीच में जो गैपिंग रखी गई है, इस गैपिंग के रास्ते नदी की तीव्र धारा जमीन का कटान करते हुए असानी से गांव की तरफ बढ़ सकती है। नदी के इस विकराल रुप का अंदाजा लगाकर गांव के जुगुल किशोर शुक्ला अपना आशियाना छोड़कर गांव से बाहर डेरा डालने को मजबूर हो गए है। सिंचाई विभाग का कहना है कि यहां जो कटान रोधी काम कराया गया है, वह किसी परियोजना के अंतर्गत नहीं हुआ है। गांव सुरक्षित रहे इसलिए यहां स्टड खड़े कर उनमें झाड़ियां भर दी गई है। विभाग का दावा है कि नदी कितना भी विकराल रुप धारण करे। कटान से कोई गांव उजड़ने नहीं दिया जाएगा। फिलहाल तहसील महमूदाबाद के अंगरौरा में घाघरा का जलस्तर खतरे के निशान से सौ सेंटीमीटर दूर है। रविवार को बनबसा बैराज से 45 हजार 232, शारदा बैराज से 25 हजार 352, और गिरजा बैराज से 95 हजार 457 क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

नई राष्ट्रीय जन विश्वास पार्टी की घोषणा पर हुआ स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

बरेली । वरिष्ठ समाजसेवी नदीम शम्सी व महेश पंडित जी ने राष्ट्रीय जन विश्वास पार्टी के गठन की घोषणा करते हुए पार्टी एवं समाज सेवा मंच के संयुक्त जानिब से बाकरगंज स्थित पीली कोठी में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर और दवा वितरण का कार्यक्रम आयोजित कर अपनी नई पार्टी की घोषणा की. । इस चिकित्सा शिविर कैंप में वंश हॉस्पिटल के डॉ अंशु अग्रवाल डॉ अर्चना अग्रवाल डॉ सुमित अग्रवाल डॉ मोहम्मद नदीम डॉक्टर निपुण अवस्थी डॉक्टर निशांत गुप्ता आदि ने मरीजों की गंभीरता से जांच की एवं निशुल्क दवाइयां देकर उनको आश्वस्त किया कि अगर भविष्य में पुन: दिखाना चाहते हैं तो वंश अस्पताल में आए उनको निशुल्क परामर्श दिया जाएगा । इस अवसर पर डॉ अंशु अग्रवाल ने बताया कि गरीब बस्तियों और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग पैसे के अभाव से तथा लोक लाज के डर से अपने बीमारियों को जग जाहिर नहीं करते हैं तथा गरीबी के कारण सही समय पर इलाज नहीं करा पाते हैं। इस अवसर पर रोगियों को बीमारी के बचाव हेतु अनेक पहलुओं की जानकारी भी दी गई । पार्टी के गठन की घोषणा पर वरिष्ठ अतिथि महेश पंडित जी ने कहा कि समाज सेवा को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए जरूरी है कि एक राजनीतिक शक्ति को साथ लिया जाए हम उपरोक्त पार्टी के जरिए देश के लोगों में समाज सेवा का भाव पैदा करेंगे और राष्ट्रप्रेम के लिए मिलजुल कर काम करेंगे । निशुल्क चिकित्सा कैंप में आए हुए डाक्टरों ने शुगर बीपी, छाती साठ, बच्चों की गंभीर बीमारियां खास तौर पर महिलाओं होने वाले गंभीर रोगों का चेकअप करके उनको निशुल्क दवाइयां भी दी गईं। पार्टी की घोषणा के इस अवसर पर शायर नदीम समसी बरेलवी, रजत अग्रवाल ,समीक्षा भारद्वाज ,ताजिम शमसी ,नावेद खान, शाहीन खानम के अलावा शहजाद हिमायू, मुजाहिद इस्लाम, ममता पंडित ,रेखा रानी, अधिवक्ता अनीता शर्मा, अभिषेक जी, अधिवक्ता अर्चना सिंह ,अधिवक्ता नीतू गोस्वामी, सतीश चंद

श्मशान घाट के अंदर हिस्ट्रीशीटर की हत्या

शाहजहांपुर। शनिवार रात गर्रा मोक्षधाम श्मशान घाट के अंदर एक हिस्ट्रीशीटर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने अखिलेश गुप्ता के सीने और कनपटी पर गोली मारी। गोली चलने की आवाज सुनकर आस-पास के लोग पहुंचे। तब तक बदमाश फरार हो गए थे।

घटना की सूचना मिलने ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने अखिलेश को राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजवाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद एसपी अशोक कुमार मीणा, एसपी सिटी सुधीर जायसवाल भी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने किसी भी तरह की रंजिश से इनकार किया है। अखिलेश के पास एक करोड़ से ज्यादा की प्रॉपर्टी थी। जमीन को लेकर भी हत्या की आशंका जताई जा रही है।पत्नी ने दर्ज कराई थी थ्स्अखिलेश पर 10 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। अखिलेश की दोनों पत्नियां लक्ष्मी और तारा उसके साथ ही रहती थीं। करीब एक साल पहले पत्नी तारा ने अखिलेश के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में अखिलेश जेल भी गया था। बाद में जमानत पर बाहर आ गया।चौक कोतवाली के मोहल्ला बाला तिराही का रहने वाला अखिलेश (42) गर्रा पुल के पास बने श्मशान घाट में लकड़ी का कारोबार करता था। शनिवार रात करीब 10 बजे अखिलेश श्मशान घाट गया था। परिसर में उसने एक कोने में लकड़ी रखकर बेचता था। पास में ही तख्त के पास कुर्सी पर बैठा था। इसी बीच, हमलावर ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी।पुलिस के मुताबिक, श्मशान घाट के अंदर काल भैरव की पूजा चल रही थी। पूजा करने वालों ने गोलियां चलने की आवाज सुनी तो मौके पर आए। वहां पर अखिलेश का शव खून से लथपथ अवस्था में जमीन पर पड़ा था। उसके सीने पर एक और सिर पर एक गोली लगी थी। वहां मौजूद लोगों का कहना है कि वहां से किसी को भी भागते नहीं देखा गया।थाने का हिस्ट्रीशीटर था अखिलेश गुप्ता एसपी ने बताया, अखिलेश गुप्ता चौक कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर था। वह लकड़ी का ठेका चलाता था। साथ ही सभी अवैध कामों में उसकी संलिप्तता रही है। सालों पहले एक अग्निकांड के बाद सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के मामले में अखिलेश गुप्ता का नाम आया था। उसके खिलाफ मादक पदार्थ की तस्करी समेत 10 से ज्यादा गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।एसपी ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर की हत्या के मामले में अभी तक तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा। घटनास्थल की जांच पड़ताल कर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। फॉरेंसिक टीम ने नमूने लिए हैं। घटना के खुलासे के लिए टीमें लगाई गई हैं। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बोले कांग्रेसी- संघर्ष में राहुल के साथ खड़ा है पूरा देश

बरेली । महानगर कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई , बैठक की अध्यक्षता करते हुए महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय शुक्ला ने बताया पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी अदानी और अंबानी के संबंध में सवाल उठाते रहे हैं, जनता के बीच उनके संबंधों को उजागर भी करते रहें देश से संबंधित सभी मुद्दों को उठाते भी रहें, उनके इस साहसी कदम से उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य साबित किया गया है, सभी कठिनाइयों के बावजूद भी मोदी और सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं, उनकी सजा का विरोध ना केवल कांग्रेस पार्टी बल्कि पूरा देश विरोध कर रहा है, आज विपक्ष के सबसे बड़े नेता के रूप में उभर कर सामने आए हैं, आज इस नेक लड़ाई में पूरा देश राहुल गांधी के साथ खड़ा है । वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं एआईसीसी सदस्य प्रेम प्रकाश अग्रवाल ने कहा, राहुल गांधी हमारे कांग्रेश के नहीं बल्कि पूरे देश के नेता है, उनकी लड़ाई में हम सभी कांग्रेस जन उनके साथ हैं । पूर्व विधायक नरेंद्र पाल सिंह ने कहा आज पूरे देश को राहुल गांधी की जरूरत है हमें उनका साथ देना होगा, आने वाला कल कांग्रेसका होगा पार्षद जहीरूद्दीन , प्रवक्ता पीसीसी सदस्य योगेश जौहरी ने कहा, 12 जुलाई को राजधानी लखनऊ में हम सभी लोग मौन सत्याग्रह सम्मिलित होकर अपने नेता का समर्थन करेंगे, लोकसभा चुनाव चुनाव लड़ने वालों का एक पैनल बनाया गया लखनऊ में मौन सत्याग्रह के लिए एक बस ले जाने इंतजाम किया गया ।

कमरे में मिला युवक का शव हत्या की आशंका

बरेली । घर से बाहर निकले युवक का शव अगले दिन घर से दूर सड़क किनारे स्थित खस्ताहाल कमरे में मिला मृतक के सिर में चोट के निशान थे मृतक की मां ने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी ।कैंट थाना क्षेत्र के बंगला नंबर 12 में रहने वाले 23 वर्षीय रोहित पुत्र नेल्सन की लाश आज दोपहर कैंट क्षेत्र मैं बिशप इंटर कॉलेज के पास सड़क किनारे बने खस्ताहाल कमरे में पाई गई मृतक के सिर में चोट के निशान थे थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए मृतक की मां मुन्नी ने बताया कि उसका पुत्र 8 जुलाई को दोपहर में घर से बाहर गया था देर रात तक उसके लौटने का इंतजार करने के बाद उसे तलाशने की कोशिश की गई लेकिन उसका कुछ पता चला आज दोपहर उसकी लाश बिशप इंटर कॉलेज के पास एक कमरे में पाई गई मृतक की मां ने हत्या की आशंका जताई सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी ।

द्वापर युगीन है देव देवेश्वर धाम

चमत्कारिक है तपोभूमि नैमिष का रुद्रावर्त तीर्थ,शिव भक्तों के लिए बेहद खास है सावन का महीना, देवों के देव महादेव को समर्पित है सावन माह

संवाददाता। सीतापुर

सावन का महीना धार्मिक दृष्टिकोण से बेहद ही खास और महत्वपूर्ण माना गया है। यह माहदेवों के देव महादेव को समर्पित है। इस साल सावन माह की शुरुआत 4 जुलाई से हो चुकी है। कल यानी 10 जुलाई को सावन माह के पहले सोमवार को शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। खासकर कावरड़ियें भगवान शिव का जलाभिषेक करेगें। यूपी के सीतापुर में भी कई पौराणिक व प्राचीन शिव मंदिर है। जहां इन दिनों प्रतिदिन सैकड़ो श्रद्धालुओं द्वारा भोर से लेकर स

गरीब की भूख मिटाना हमारा संस्कार और संस्कृति : राज्यपाल

● आंगनबाड़ी यशोदा मां के समान भूमिका निभा रही है: राज्यपाल

● डीएम नेहा जैन के जनपद कानपुर देहात में किये गये प्रयास अत्यन्त सराहनीय

संवाददाता। कानपुर देहात

माननीय राज्यपाल महोदया श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा एच0बी0 टी0यू0 परिसर कानपुर में स्थित शताब्दी भवन में विशिष्ट व्यक्तियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, स्कूल के बच्चों, अध्यापकों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं एन0जी0ओ0 से जुड़े लोगों की उपस्थिति में सरस्वती माता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि बच्चें देश का भविष्य हैं और जिस तरह से इस भवन में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया निश्चित रूप से वह अविस्मरणीय है, इनको देखकर ऐसा लगा कि आने वाले समय में इनके हाथों में भारत का भविष्य सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि देश और समाज की प्रगति तभी संभव है जब बच्चे और बच्चियां समान रूप से आगे बढ़े।

उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि बेटियों को तैयार करना आसान होता है, बेटे और बेटियों को समान रूप से आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए, उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की विशेष रूप से प्रशंसा करते हुए कहा कि इनकी भूमिका यशोदा मां के समान है, ये दूसरे के बच्चों को पालती हैं, पोषती हैं और उनके स्वास्थ्य का संपूर्ण ध्यान रखती हैं,

निसंतान, असहाय बच्चों को सहारा देने का कार्य करती हैं और उनके चेहरे पर खुशी लाती हैं, उन्होंने कहा मेरी इच्छा है कि आंगनवाड़ी के बच्चों को अन्य बच्चों की तरह ही सुविधा मिलनी चाहिए, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो। उन्होंने कहा कि अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए मोटे अनाज का प्रयोग करना चाहिए, खासकर छात्र.छात्राओं को सप्ताह में दो बार इसका प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे यहां जन्म से पहले और जन्म के बाद कुपोषण के कारण अनेकों बच्चे मर जाते हैं, इन परिस्थितियों का सामना तभी किया जा सकता है, जब हम मोटे अनाज का प्रयोग करें। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आसान ऋण उपलब्ध कराने की बात कही, जिससे महिलाएं आसानी से अपना स्वरोजगार चला सके। उन्होंने कहा कि बच्चों को नदियों के उद्गम और उनके महत्व के बारे में बतलाना चाहिए, नदी, तालाब, बांध जो लुप्तप्राय हो गए हैं, उनको पुनः जीवित करें, जिससे जल स्तर को बनाए रखा जा सके। अंत में उन्होंने कहा हमें एक दूसरे के कार्यों से प्रेरित होकर कार्य करना चाहिए, जिससे कोई भी व्यक्ति भूखा ना रहे, गरीब की भूख मिटाना हमारा संस्कार और संस्कृति है। स मौके पर मा0 राज्यपाल महोदया द्वारा 100 आंगनबाड़ी केन्द्रों को आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्रों के रूप में विकसित किये जाने हेतु सांकेतिक रूप से दस आंगनबाड़ी केन्द्रों के कार्यकत्रियों को आवश्यक सामग्री यथा ट्राइसाईकिल, झूले वाला घड़ाए अक्षरों वाले प्लास्टिक नम्बर आदि कुल 16 वस्तुओं से सुसज्जित किटों का वितरण आंगनबाड़ी कार्यकत्री ज्योत्यना, सुनीता देवी, निशा, रेखा, ममता, भावना, बिन्दु, नीरज, विजय लक्ष्मी तथा राजकुमारी को वितरण किया गया। इसी क्रम में मा0 राज्यपाल महोदया द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत समूह की साक्षर महिलाओं के माध्यम से समूह की निरक्षर महिलाओं को साक्षर किये जाने हेतु ष्अक्षरारंभ कार्यक्रमष् का शुभारंभ बटन दबाकर किया तथा एक मिनट की लघु मूवी का प्रदर्शन भी किया गया। मा0 राज्यपाल महोदया ने जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा जनपद कानपुर देहात में किये गये कार्यो हेतु भूरि-भूरि प्रसंसा की। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप वर्मा, कैबिनेट राज्यमंत्री राकेश सचान, सांसद देवेंद्र सिंह भोले, राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष एमएलसी अविनाश सिंह चौहान, रसूलाबाद विधायक पूनम संखवार, जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी आदि जनप्रतिनिधिगण सहित जिलाधिकारी नेहा जैन, अन्य जनपदीय अधिकरी कर्मचारी तथा भारी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

चार दशक बाद टीहर के ग्रामीणों को मिली जल निकासी समस्या से निजात

● समस्या में बाधक बना अतिक्रमण भी हटवाया गया

संवाददाता। रामपुरा (जालौन)

कुछ करने की अगर व्यक्ति ठान ले तो कोई काम मुश्किल नहीं। सिद्दत से किया गया हर काम सफल होता है। यही कर दिखाया ग्राम प्रधान टीहर ने। चार दशक से जल निकासी व तालाब का पानी से परेशान ग्रामीणों को नाला खुदवाते ही राहत मिल गई है। वहीं अतिक्रमणकारियों पर बुलडोजर भी चला दिया गया है।

ब्लाक रामपुरा की ग्राम पंचायत टीहर में जल निकासी की कोई सुविधा नहीं थी। बरसात होते ही गांव चारों ओर से जलमग्न हो जाता था। लोगों में त्राहि त्राहि मच जाती थी। गांव में तालाब तो थे मगर उनके जल निकासी की कोई सुविधा न होने के कारण गांव बरसात में टापू बन जाता था। लोगो के घरों में पानी भर जाता था। कई लोगों के मकान भी गिर चुके हैं।

ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार गौरव ने चुनाव के दौरान ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि गांव में जल निकासी की व्यवस्था जरूर की जाएगी। जिसको देखते हुए उन्होंने उच्चाधिकारियों से संपर्क कर गांव में नाला खुदवाने की मांग रखी थी। जिसे परगना मजिस्ट्रेट द्वारा संज्ञान में लेते हुए स्थलीय निरीक्षण संबंधित लेखपाल द्वारा करवाकर हरी झंडी दे दी थी। आखिरकार जल निकासी के लिए गांव में नाला खुदवा दिया गया और जल निकासी भी शुरू की गई।

चोरी की झूठी शिकायत करने से आहत युवक फांसी पर झूला

बिबाँर(हमीरपुर)। बिबार थाना क्षेत्र के उमरी गांव मे चोरी के आरोप में झूठी शिकायत थाने मे करने से आहत एक युवक ने रविवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस के मुताबिक गांव का निवासी राघवेंद्र तिवारी (24) पुत्र सुरेंद्र तिवारी पढ़ाई के साथ सेना भर्ती की तैयारी कर रहा था। गांव के एक युवक ने बिवार थाने में शुक्रवार को राघवेंद्र द्वारा चोरी की नियत से घुसने की लिखित शिकायत की थी जिससे युवक काफा डिप्रेशन में था।

तब से वह घर नही लौटा आज गांव के बाहर नीम के पेड़ में रस्सी से फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस का मानना है कि मृतक शराब पीने का आदी था। शराब पीकर एक घर में घुस गया था, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

सपा के संस्थापक सदस्य इंद्रजीत सिंह यादव का निधन

संवाददाता। उरई (जालौन)

जिले के गांधी कहलाने वाले सपा के वयोवृद्ध नेता इंद्रजीत सिंह यादव नहीं रहे। रात में अपने उरई आवास पर अंतिम सांस ली। मित्रों की तिगड़ी पूर्व मंत्री चौधरी शंकर सिंह, पूर्व मंत्री बाबू राम एमकॉम की वह अंतिम कड़ी थे। इंद्रजीत सिंह को भी राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त हुआ था। उन्होंने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी में लंबी पारी खेली थी। वह करीब 86 वर्ष के थे। समाजवाद के सच्चे सपूत सरलता सादगी के जीवंत उदाहरण के रूप में जिनकी मिशाल दी जाती थी उन्हीं का नाम था इन्द्रजीत सिह यादव बूढ़ा हो जवान उन्हे हर कोई भाई साहब ही कहकर पुकारता था। नेता जी यानि मुलायम सिह जरूर उनका सीधा नाम लेकर ही पुकारते थे।

सादगी के प्रतीक इन्द्रजीत सिह यादव वर्ष 1967 से 1980 तक कॉग्रेस कमेटी जालौन के अध्यक्ष रहे। कांग्रेस पार्टी ने जब सुरेश पालीवाल को उरई विधान सभा से

टिकट दिया तो फिर उन्होंने लोकदल का दामन थाम लिया। फिर उन्होने कॉग्रेस की तरफमुडंकर नही देखा वह समाजवाद की अलख जगाते रहे। मित्रता के मामले में उनका कोई सानी नही रहा विचारधारायें अलग रही पर पूर्व मंत्री स्व. चौ. शंकर सिह स्व. वाबूराम एम काम व का. कैलाश पाठक की जोडी साथ रही लेकिन विचारधारा दोस्ती मे कभी आड़े नही आयी ।वैसे उनकी महत्वकाक्षायें ज्यादा नही रही फिर भी पार्टी ने उन्हें जिले में 27 वर्ष सपा का जिलाध्यक्ष वनाये रखा । सपा ने जिले में रामनरेश यादव मिनी प्रभारी वने तो उन्होंने नेता जी से कहकर उनके इकलौते वेटे आनन्द यादव को जिला पंचायत का अध्यक्ष बनवा दिया उन्होने कांग्रेस के साथ ही समाजवादी पार्टी के कार्यालय का सभी के सहयोग से निर्माण कराया।

अंतिम यात्रा में उमड़ा जन समुदाय

उरई। आज अपराहन बजे के बाद उन की अंतिम यात्रा ने आवास से मोक्ष धाम के लिए प्रस्थान किया जिसमें समाजवादी पार्टी ही नहीं कांग्रेस, भाजपा, बहुजन समाज पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी तथा अन्य प्रमुख दलों के नेताओं का बड़ी संख्या में जमावड़ा रहा सदर विधायक विनोद चतुर्वेदी के साथ ही सुरेश निरंजन भैया जी सपा के भर्थना विधायक राघवेन्द्र सिंह गौतम, पूर्व मंत्री भगवती सागर, श्रीराम पाल, नारायण दास अहिरवार, श्यामसुंदर पारीछा, पूर्व विधायक शिवराम कुशवाहा, संत सिंह सेरसा जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी का.राधेलाल गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरपाल दादी सहित तमाम दिग्गज नेता अंतिम संस्कार में शामिल रहे।

लखनऊ में मेट्रो स्टेशन को बम से उड़ाने की योजना की झूठी खबर देने का आरोपी चढ़ गया पुलिस के हत्थे

आलोक निगम। बांदा

लखनऊ के हजरतगंज मेट्रो स्टेशन को बम विस्फोट कर उड़ाए जाने की योजना की फर्जी सूचना देने वाले युवक को बांदा जिले में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

बांदा के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) लक्ष्मी निवास मिश्रा ने रविवार को संवाददाताओं को बताया कि विगत शुक्रवार की रात करीब साढ़े 10 बजे मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर फोन कर सूचना दी कि दिनेश तिवारी नामक आतंकवादी लखनऊ के हजरतगंज मेट्रो स्टेशन को बम विस्फोट कर उड़ा देगा, यही सूचना डायल 112 के कंट्रोल रूम को भी दी गई थी। उन्होंने बताया कि हेल्पलाइन ने यह सूचना सभी जनपदों की पुलिस को

दी थी। इसके बाद कालिंजर थाना क्षेत्र के सढ़ा गांव के निवासी दिनेश तिवारी को पकड़कर पूछताछ की गई लेकिन जांच-पड़ताल में दिनेश की कोई भूमिका नहीं पाई गई। एएसपी ने बताया कि इसी बीच कॉल करने वाले व्यक्ति के नंबर को ट्रेस कर पता लगाया गया तो वह चित्रकूट जिले के सीतापुर निवासी रमेश शुक्ला का निकला, इस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। मिश्रा ने बताया कि रमेश शुक्ला ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी किसी के साथ चली गई है। उसे दिनेश पर शक था इसीलिए उसने उसे फंसाने के लिए फर्जी सूचना दी थी। उन्होंने बताया कि रमेश शुक्ल ने फर्जी सूचना देकर लोक शांति भंग की है। उसके खिलाफ कालिंजर थाने में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। ˙ अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री लक्ष्मी निवास मिश्र और क्षेत्राधिकारी नरैनी श्री नितिन कुमार के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 09ण्07ण्2023 को लखनऊ के हजरतगंज रेलवे स्टेशन को आतंकवादी द्वारा बम से उड़ाये जाने की फर्जी सूचना देकर लोक शान्ति को भंग करने वाले अभियुक्त को थाना कालिंजर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

क्विक न्यूज

ट्रक व गोदाम में भारी मात्रा में चावल पकड़ा, दो व्यापारी हिरासत में

फर्रुखाबाद। अबैध रूप से ट्रक व गोदाम में भरे चाबल पुलिस नें पकड़ लिए । पुलिस नें ट्रक को कब्जे में लेकर उसे खड़ा करा दिया। वहीं मामले में संलिप्त दो व्यापारी भी पुलिस नें हिरासत में ले लिये । शहर क्षेत्र के लिंजीगंज निवासी सोनू पुत्र राज बहादुर व उसके बहनोई विशाल के साथ चाबल का व्यापार करते है । शनिवार शाम को सीओ सिटी प्रदीप कुमार, थानाध्यक्ष शहर कोतवाली अनिल कुमार चौबे अदि नें दबिश देकर अबैध रूप से उत्तराखंड भेजे जा रहे एक ट्रक चाबल कब्जे में ले लिये । सूचना मिलने पर जिला पूर्ति अधिकारी सुरेन्द्र यादव आदि भी आ गये। जिला पूर्ति अधिकारी सुरेन्द्र कुमार नें बताया कि चाबल के अभिलेख नही दिखा पाये हैं। लिहाजा ट्रक को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

नदी पार कर रहे दो किसानों की डूबने से मौत

हमीरपुर। दो दिन पहले खोयी भैस खोजने निकले दो किसानों की लाश आज ललपुरा पुलिस ने बरामद की है। पुलिस का मानना है कि दोनो की मृत्यु नदी में डूबने से हुई है। पुलिस ने बताया कि ललपुरा क्षेत्र के टीकापुर गांव निवासी रघुबीर की सात जुलाई को भैंस खो गयी थी।तभी रघुबीर(55) व गांव के केशवबाबू(50) दोनों ही भैस खोजने निकल गये जब वह एक दिन बाद भी नही लौटे तो ललपुरा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी। पुलिस का मानना है कि दोनो युवक भैस खोजने के लिये बेतवा नदी पार कर रहे थे तभी दोनो डूब गये जिससे उनकी मृत्यु हो गयी। दोनो की शव भटपुरा गांव के पास बरामद किये गयेहै पुलिस ने दोनो शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

दम्पति के विवाद को महिला थाना ने सुलझाया

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में महिला थाना की पुलिस टीम ने पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया। रविवार को सीतापुर की नगीना पत्नी इमरान अली ने महिला थाने में सौंपे पत्र में कहा कि पति इमरान अली मारपीट करते हैं। महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया की टीम ने शिकायतकर्ता की बातों को विस्तार से समझकर दूसरे पक्ष को महिला थाने बुलाया। दोनो पक्षों को भविष्य में आपस में विवाद न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर महिला थानाध्यक्ष ने दोनो पक्षों को तालमेल से रहने की सलाह दी। टीम में महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया, महिला सिपाही मोनिका तोमर, महिला सिपाही स्नेहा राजपूत शामिल रहे।

आज के बच्चे कल के डीएम-एसपी डॉक्टर बनेंगे : आकांक्षा

संवाददाता। फर्रुखाबाद

श्री विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थानद्वारासंचालित,शियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट की प्रबंध निदेशिका आकांक्षा सक्सेना ने आज पुलिस लाइन फतेहगढ़ सभागार में आज बच्चो के बीच उपस्थित होकर बच्चो को उनके कैरियर के विषय में चर्चा की ।

आज के बच्चे कल के डीएम, एसपी, डॉक्टर बनेंगे, ऐसा साफ दिखाई दे रहा था, नन्हे नन्हे बच्चे उत्साह से भरे हुए थे, उनका हौसला साफ दिखाई दे रहा था की जो बो बोले रहे थे, कर के भी दिखाएंगे। अगर आज उनके अंदर इतना उत्साह है तो वो हर कठिनाइयों को पार करते हुए आगे बढ़ते चले जायेंगे। हर बच्चे का लक्ष्य निर्धारित था, ये किसी अचंभे से कम नहीं है, इतनी सक्रियता अगर बच्चो में आज है तो जाहिर है कल उन्हें रोकने बाला कोई नही होगा।

आकांक्षा सक्सेना ने कहा कि वो कई बार स्टूडेंट्स की कैरियर काउंसलिंग के लिए पुलिस सभागार में आ चुकी है, पर आज की सभा सबसे अलग थी, ऐसा लग रहा था जैसे बच्चे अभी पढ़ाई खत्म करके अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे। उत्साह से भरी आज की सभा में जो आनंद था, लग रहा था की बस सभा चलती ही रहे और बच्चो से बात चीत का सिलसिला खतम हो न हो, जिस उम्र में हम खेलना ही जानते है, बच्चे इस उम्र में देश की रक्षा के लिए आगे और सिर्फ आगे बढ़कर अपना लक्ष्य प्राप्त करना चाहते हैं। आज काउंसलिंग में लगभग एक सैकड़ा बच्चो सौम्या चाहर,आयुषी सिंह,देवांश, अरवी, अंशिका, अरविंद, प्रदुम्न, रितिक ने प्रतिभाग किया। साथ ही एसआई एपी मुन्नू लाल, पीटीआई सुनील ,जगदीश, कॉन्टेबल प्रिया, रूबी, कविता, अनिता, साजन जोहरी आदि लोग उपस्थित रहे।

एसपी ने सैनिक सम्मेलन में सुनीं आरक्षियों की समस्याएं

फतेहपुर। रिजर्व पुलिस लाइन के सम्मेलन कक्ष में सैनिक सम्मेलन व अपराध समीक्षा गोष्ठी में एसपी राजेश कुमार सिंह ने आरक्षियों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण कराने का आश्वासन दिया। एसपी ने निर्देशित किया कि सावन मास के दौरान कावड़ियों की सुरक्षा में पुलिस की तैनाती रहेगी। रूट भी निर्धारित रहेगा। सैनिक सम्मेलन की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने की। जिसमें कई आरक्षियों ने एसपी को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती के चलते आम जनता का जीना हुआ मुहाल

संवाददाता। फर्रुखाबाद

भले ही योगी सरकार के जनप्रतिनिधि नौ वर्ष की उपलब्धियां गिनाने में लगे हो जबकि प्रदेश में इस भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती के चलते जीना मुहाल गया है. ।योगी सरकार के जनप्रतिनिधियों को आम जनता पानी पी पीकर कोस रही है.। भले ही योगी सरकार के जनप्रतिनिधि व बीजेपी पदाधिकारी केंद्र में मोदी सरकार के 9 वर्ष के कार्य काल की उपलब्धियां गिनाने में जुटे हो लेकिन हकीकत मे बीजेपी की जुमलेबाजी को जनता जान चुकी है. शहर की गुंजन विहार कॉलोनी के निवासी विजय सिंह यादव ने जे एमटी न्यूज को बताया कि भीषण गर्मी में बिजली की अघोषित कटौती से आम जनता परेशान है 24 घंटे से कमालगंज क्षेत्र में बिजली नहीं आ रही है जिससे पीने के पानी को जनता त्राहि- त्राहि कर रही है.। कमालगंज के मोहल्ला आजाद नगर निवासी सूरज नारायण वर्मा बिजली की अघोषित कटौती के चलते जनप्रतिनिधियों सरकारी नुमाइंदों को लापरबाह व गैर जिम्मेदार बताया. ताकि इन लोगों को ताकि समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है।

दम्पत्ति की चचेरे भाई ने से पीटकर की हत्या

कानपुर देहात। मंगलपुर थाना क्षेत्र के चिरखिरी गॉव में चचेरे भाई ने दम्पत्ति की लाठी डण्डों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने मात्र 6 घण्टे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। रविवार की सुबह मॅगलपुर थाना क्षेत्र के चिरखिरी गॉव में रामप्रकाश शर्मा उम्र 70 वर्ष व उनकी पत्नी मालती देवी उम्र 68 वर्ष की उनके चचेरे भाई मोहनलाल शर्मा द्वारा लाठी डण्डों से पीट-पीटकर हत्या कर देने की सूचना पर एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति मौके पर पहुँचे। उन्होंने घटनास्थल का मौका मुआयना कर एसओजी टीम व मॅगलपुर पुलिस को हत्यारोपी मोहनलालशर्मा की गिरफ्तारी के निर्देश दिये। हत्या की जानकारी पर आईजी प्रशॉत कुमार भी मौके पर पहुँचे और फॅरेसिक टीम से घटना की बावत जानकारी ली, आईजी ने परिजनों से भी जानकारी प्राप्त की। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजने के साथ आरोपी की गिरफ्तारी के लिये गठित एसओजी व मॅगलपुर पुलिस की टीमों ने संयुक्त आपरेशन चलाकर धरपकड अभियान चलाया।

पशुधन विकास सचिव ने दो गौशालाओं का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

संवाददाता। कुरारा(हमीरपुर)

विकास खंड क्षेत्र के डामर गांव में व कस्बा कुरारा के अन्ना पशु आश्रय स्थल का विशेष सचिव पशुधन विभाग ने निरीक्षण किया। तथा अन्ना गोवंश को संरक्षित रखने के निर्देश दिए।

प्रदेश सरकार के पशुधन विकास सचिव शिव सहाय अवस्थी ने क्षेत्र के डामर गांव स्थित गौशाला का औचक

निरीक्षण किया। तथा अन्ना गोवंश को संरक्षित रखने के निर्देश दिए। वही पशु आश्रय स्थल में कोई पशु नही मिलने पर नाराजगी जाहिर की। तथा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी व खंड विकास अधिकारी को व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए। इस मामले में ग्राम प्रधान व अन्य ग्रामीणों से पूछताछ की।

इसके बाद कस्बा कुरारा के भौली रोड में संचालित अन्ना पशु आश्रय स्थल का मौके पर जाकर निरीक्षण किया।

पेज एक का शेष

उत्तर भारत...

बताया कि सेना के दोनों जवान सुरानकोट इलाके में डोगरा नाले को पार कर रहे थे और इस दौरान वे तेज बहाव में बह गए। अधिकारियों के मुताबिक, नायब सूबेदार कुलदीप सिंह का शव शनिवार रात को डोगरा नाले से निकाल लिया गया, जबकि लांस नायक तेलु राम का शव रविवार को बरामद हुआ। सेना के प्रवक्ता ने कहा कि नायब सूबेदार सिंह तरन तारन और लांस नायक राम होशियारपुर के निवासी हैं। दूसरी ओर, डोडा जिले में रविवार को एक यात्री बस भूस्खलन की चपेट में आ गई, जिससे उसमें सवार दो यात्रियों की मौत हो गई। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को दूसरे दिन भी यातायात बंद रहा। उत्तराखंड में भूस्खलन के कारण वाहन दुर्घटना और मकान गिरने की घटनाओं में आठ लोगों की मृत्यु हो गई तथा छह अन्य घायल हो गए। खराब मौसम के मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रशासन को चौकस रहने के निर्देश देते हुए लोगों को अनावश्यक आवागमन से बचने को कहा है। कई स्थानों पर भूस्खलन होने से मार्ग बंद हो गए हैं जिससे आम जन-जीवन के प्रभावित होने के साथ ही चारधाम यात्रा में भी रुकावट आ रही है। लगातार बारिश के कारण गंगा सहित प्रदेश की प्रमुख नदियों का जलस्तर भी बढ़ गया है। पंजाब और हरियाणा के कई हिस्सों में भी भारी बारिश से निचले इलाकों में पानी भर गया और यातायात प्रभावित हुआ। दोनों राज्यों के कई इलाकों में घरों में पानी घुस गया जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दोनों राज्यों की संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ में रविवार सुबह साढ़े आठ बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान 302.2 मिलीमीटर बारिश हुई। राजस्थान के सीकर शहर में 17 वर्षीय छात्र की बारिश के पानी से भरे एक गड्ढे में गिरने से शनिवार शाम मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पिछले 24 घंटे में बिजली की चपेट में आने से एक युवक सहित दो लोगों की मौत हो गई तथा तीन लोग झुलस गए। पुलिस के अनुसार भीमपुरा थाना क्षेत्र के चरौंवा गांव में शनिवार शाम पंकज सिंह (33) की आकाशीय बिजली की चपेट में आकर मौत हो गई। घटना के समय पंकज अपने खेत की मेड़बंदी कर रहा था। एक अन्य घटना में भीमपुरा थाना क्षेत्र के मधुकीपुर गांव में बिजली की चपेट में आकर विमला, ओम प्रकाश व छट्टू झुलस गए। वहीं, कौशांबी में बारिश में पेड़ की डाल गिरने से 10 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मौसम विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश में रविवार को औसतन 13.6 मिमी (1.3 सेमी) बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य से 56 प्रतिशत अधिक है। विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य के कुल 75 जिलों में से करीब 68 में बारिश दर्ज की गई। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में राज्य के मध्य एवं पूर्वी हिस्सों के जिलों की तुलना में अधिक बारिश हुई।

गृह मंत्री...

की स्थिति के बारे में चर्चा की। शाह ने जम्मू कश्मीर में अमरनाथ तीर्थयात्रियों की मदद के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की सराहना की। उन्होंने ट्वीट किया कि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ सभी बाधाओं के बावजूद राष्ट्र और मानवता की सेवा में हमेशा तत्पर रहे हैं। प्रत्एक तीर्थयात्री को सुरक्षित अमरनाथ यात्रा कराने के हमारे लक्ष्य को पूरा करने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

दिल्ली में...

के निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है। मौसम विभाग के अधिकारी के मुताबिक, शहर में 10 जुलाई 2003 को 133.4 मिमी, 28 जुलाई 2009 को 126 मिमी और आठ जुलाई 1993 को 125.7 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। 21 जुलाई 1958 को यहां अब तक की सर्वाधिक 266.2 मिमी बारिश हुई थी। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में 1969 के बाद से जुलाई में आठ बार बहुत भारी (115.6 मिमी से 204.4 मिमी के बीच) बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार रिज, लोधी रोड और दिल्ली विश्वविद्यालय के मौसम केंद्रों पर क्रमशः 134.5 मिमी, 123.4 मिमी और 118 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके अनुसार, 15 मिमी से कम बारिश हल्की, 15 मिमी से 64.5 मिमी मध्यम, 64.5 मिमी से 115.5 मिमी भारी और 115.6 मिमी से 204.4 मिमी बहुत भारी बारिश की श्रेणी में आती है। वहीं, 204.4 मिमी से अधिक बारिश दर्ज होने पर इसे अत्यधिक भारी बारिश की श्रेणी में रखा जाता है। दिल्ली में जुलाई में अभी तक 164 मिमी बारिश हुई है। पूरे महीने में शहर में औसतन 209.7 मिमी बारिश होती है। दूसरी ओर, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने एक आदेश में कहा कि शाम चार बजे हथिनीकुंड बैराज से 1,05,453 क्यूसेक पानी यमुना नदी में छोड़े जाने के चलते बाढ़ की चेतावनी जारी की जा रही है। बाढ़ के खतरे के मद्देनजर अधिकारियों को सतर्क रहने और संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यक उपाय करने का निर्देश दिया गया है। दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ रहा है और इसके मंगलवार को खतरे के निशान 205.33 मीटर को पार करने की आशंका है। दिल्ली में यमुना नदी के पास स्थित निचले इलाके बाढ़ के लिहाज से संवेदनशील माने जाते हैं और वहां करीब 37,000 लोग रहते हैं। इन्हें सतर्क रहने को कहा गया है।

गुरुग्राम में...

अस्पतालों में जलभराव हो गया। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने लोगों से घरों में ही रहने तथा जरूरी काम होने पर ही बाहर निकलने की अपील की है। उन्होंने यह भी कहा कि कॉरपोरेट कार्यालयों को भी सोमवार को अपने कर्मियों को घर से काम करने की सलाह देने को कहा गया है ताकि वर्षा रुकते ही सड़कों से पानी हटाया जा सके। अधिकारियों के अनुसार गुरुग्राम में शनिवार पूरी रात बारिश हुई जो रविवार सुबह तक भी जारी रही। शहर में दोपहर तक 150 मिलीमीटर वर्षा हुई है।

वॉयस कॉल...

कॉल की राजस्व में हिस्सेदारी घटकर 14.79 रुपए या कुल एआरपीयू का 10.1 प्रतिशत रह गई है। जून, 2013 में यह कुल राजस्व में 72.53 रुपए या 58.6 प्रतिशत थी। इसी तरह, संदेश सेवा या एसएमएस की राजस्व में हिस्सेदारी एआरपीयू के 3.99 रुपए से घटकर 23 पैसे रह गई है।

गोलवलकर पर...

शनिवार रात को ट्वीट किया, बिना तथ्यों की जानकारी के दुष्प्रचार करना और विद्वेष फैलाना कांग्रेस के नेताओं की आदत है। श्रद्धेय श्री गोलवलकर गुरुजी ने आजीवन सामाजिक विभेद मिटाने और समरस समाज के निर्माण के लिए कार्य किया। गुरुजी के विषय में इस तरह का मिथ्या प्रचार कांग्रेसी नेताओं की कुंठा को दर्शाता है।

आदिवासी खा...

क्षेत्रों में ये कीट-पतंगे खाए जाते हैं, वहां उन क्षेत्रों के मुकाबले अगली पीढ़ी में इनके प्रसार में कमी देखी गई है, जहां इनका सेवन नहीं किया जाता। राजीव गांधी विश्वविद्यालय, रोनो हिल्स, ईटानगर में प्राणीशास्त्र विभाग के नेंडिंग मुनि ने कहा कि ज़ीरो घाटी के भीतर कीवी के बागानों में विरोधाभासी पैटर्न देखे गए हैं। बस्ती वाले इलाकों से दूर के बागानों में अगली पीढ़ी में चेफर बीटल की आबादी स्थिर रही है। संभवतः बस्ती क्षेत्रों से दूर होने के कारण उनके संग्रह में कमी प्रमुख कारण रहा हो।

राज्यपाल रवि...

ले लिया था। पत्र में स्टालिन ने कहा कि एक ओर रवि ने पूर्ववर्ती ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नद्रमुक) सरकार के पूर्व मंत्रियों के खिलाफ अभियोग चलाने की मंजूरी देने में देरी की, वहीं दूसरी तरफ सेंथिल बालाजी के मामले में शीघ्र कार्रवाई की जबकि उनके खिलाफ केवल जांच शुरू हुई थी, यह उनके राजनीतिक पक्षपात को इंगित करता है।

वित्तीय संकट से उबरने में श्रीलंका को मदद

भाषा। कोलंबो

भारत ने सबसे बड़े आर्थिक संकट से उबरने के श्रीलंका के प्रयासों का समर्थन करने में रचनात्मक भूमिका निभाने की अपनी इच्छा की पुनः पुष्टि की है। कोलंबो में निर्माण, बिजली एवं ऊर्जा एक्सपो 2023 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए भारत के उप उच्चायुक्त विनोद के जैकब ने शुक्रवार को कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच हाल में गहरे हुए संबंधों ने दोनों देशों के बीच दोस्ती और सर्वांगीण सहयोग को मजबूत किया है। हम इस साल जनवरी में आईएमएफ (अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष) की ऋण प्रक्रिया शुरू करने के लिए श्रीलंका को आवश्यक वित्त पोषण के संबंध में आश्वासन देने वाले पहले देश थे। जापान और पेरिस क्लब के साथ ऋणदाता समिति के सह-अध्यक्ष के रूप में भारत रचनात्मक भूमिका निभाना जारी रखेगा। भारत इस साल जनवरी में श्रीलंका के वित्त पोषण और ऋण पुनर्गठन के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष को अपना समर्थन पत्र सौंपने वाला पहला देश था। जैकब ने कहा कि भारत की ओर से श्रीलंका को दी गई चार अरब अमेरिकी डॉलर की वित्तीय एवं मानवीय सहायता आईएमएफ की कुल प्रत्याशित विस्तारित निधि सुविधा से कहीं अधिक है। विदेशी मुद्रा की भारी कमी के कारण श्रीलंका 2022 में वित्तीय संकट की चपेट में आ गया था, जिससे 1948 में ब्रिटिश हुकूमत से आजादी के बाद से इस द्वीपीय देश में सबसे बड़ा आर्थिक संकट खड़ा हो गया था।

श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे 21 जुलाई से भारत की दो दिवसीय यात्रा करेंगे

कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे 21 जुलाई से भारत की दो दिवसीय यात्रा करेंगे और इस दौरान उनके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने की संभावना है। यहां अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। आर्थिक संकट से जूझ रहे देश में जनता के विरोध प्रदर्शनों के बाद पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को पिछले साल पद से हटना पड़ा था और विक्रमसिंघे देश के नए राष्ट्रपति बने थे। राष्ट्रपति बनने के बाद से विक्रमसिंघे की यह पहली भारत यात्रा होगी। विक्रमसिंघे राजपक्षे के शेष कार्यकाल यानी सितंबर 2024 तक राष्ट्रपति बने रहेंगे। डेली मिरर अखबार ने शनिवार को कहा कि भारत के विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा अगले सप्ताह की शुरुआत में श्रीलंका पहुंचेंगे और विक्रमसिंघे की नई दिल्ली की यात्रा को लेकर व्यवस्थाओं पर काम करेंगे। अधिकारियों के अनुसार, भारत की दो दिवसीय यात्रा के दौरान विक्रमसिंघे के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करने की संभावना है। उन्होंने कहा कि विक्रमसिंघे नई दिल्ली के लिए रवाना होने से पहले श्रीलंका में बिजली और ऊर्जा, कृषि और समुद्री मुद्दों से संबंधित कई भारतीय परियोजनाओं के कार्यान्वयन को अंतिम रूप देंगे।

श्रीलंका में जन आंदोलन का एक वर्ष पूरा हुआ

कोलंबो। श्रीलंका में देश की बदहाल अर्थव्यवस्था के लिए पिछली सरकार के खिलाफ सड़कों पर लोगों के उतरने की संपूर्ण घटना का एक वर्ष पूरा हो गया है। इस आंदोलन का परिणाम यह रहा कि शक्तिशाली राजपक्षे परिवार को सत्ता से बेदखल होना पड़ा था। कट्टरपंथी अंतर विश्वविद्यालय छात्र संघ ने आंदोलन के एक वर्ष पूरा होने पर विश्वविद्यालयों में प्रदर्शन का आह्वान किया है। पिछले साल हुए जन आंदोलन की वजह से तत्कालीन राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को मालदीव भागना पड़ा क्योंकि हजारों लोगों ने उनके इस्तीफे की मांग को लेकर उनका आधिकारिक आवास घेर लिया था। प्रदर्शनकारियों ने उन्हें देश के सबसे विकट आर्थिक संकट के लिए जिम्मेदार ठहराया था। लोगों का विरोध प्रदर्शन पिछले साल मार्च के अंत में राजपक्षे के आवास के बाहर शुरू हुआ था और जुलाई में अंततः उनके अपदस्थ होने के साथ समाप्त हुआ।

श्रीलंका जलसीमा में प्रवेश कर मछली पकड़ने के आरोप में 15 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंका की जलसीमा में प्रवेश कर कथित रूप से मछली पकड़ने के आरोप में श्रीलंकाई नौसेना ने मछली पकड़ने वाले दो जहाजों पर सवार 15 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक बयान में रविवार को इसकी जानकारी दी गई। श्रीलंका की नौसेना ने एक बयान में कहा,नौसेना और तट रक्षक बल ने आठ जुलाई की रात को श्रीलंका में अवैध रूप से मछली पकड़ने में लगे भारतीय जहाजों को खदेड़ने के लिए एक विशेष अभियान चलाया। बयान में कहा गया है कि जाफना में डेल्फ्ट द्वीप पर चलाए गए अभियान में 15 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें कहा गया है कि मछुआरों को गिरफ्तार कर उनके पास से जब्त किए गए मछली पकड़ने वाले जहाजों को कांकेसंथुराई बंदरगाह लाया गया है और आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया गया।

ब्राजील में इमारत ढहने से 14 लोगों की मौत

पेरनामबुको (ब्राजील)। ब्राजील के पूर्वोत्तर राज्य पेरनामबुको में एक जीर्ण-शीर्ण इमारत के ढहने से छह बच्चों समेत 14 लोगों की मौत हो गई। इस इमारत में बेघर लोगों ने आश्रय लिया था और एक दशक से भी अधिक समय से वे उसमें रह रहे थे। दमकल कर्मियों ने यह जानकारी दी। रेसिफ के पॉलिस्ता उपनगर में जीर्ण-शीर्ण इमारत शुक्रवार तड़के ढह गई, जिसके बाद इसमें रह रहे लोगों की तलाश तेज कर दी गई। दमकल कर्मियों ने शनिवार को बताया कि बचावकर्ताओं ने खोजी कुत्तों की मदद से मलबे में तलाश की और 15 साल की दो लड़कियों तथा 65 साल की महिला को जीवित बाहर निकाला गया, साथ ही हादसे में घायल 18 वर्षीय युवक को भी निकाला गया, लेकिन बाद में उसने दम तोड़ दिया। दमकल विभाग ने कहा, खोज अभियान अब मवेशियों को हटाने पर केंद्रित है। एक बयान में कहा गया कि इमारत पर बेघर लोगों का कब्जा था, हालांकि 2010 से वहां रहना प्रतिबंधित था। शहर के अधिकारियों ने राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा की हालिया यात्रा के दौरान इस मुद्दे को उठाया था।

क्विक न्यूज

भारत, तंजानिया द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने पर सहमत हुए

दारेसलाम (तंजानिया)। भारत और तंजानिया कारोबार, निवेश, कृषि, रक्षा एवं शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए क्षेत्रों की पहचान कर अपने संबंधों को और बढ़ाने के लिए एक खाका तैयार करने पर सहमत हुए हैं। दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों ने यह जानकारी दी।विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को तंजानिया की विदेश मामलों एवं पूर्व अफ्रीकी सहयोग मंत्री स्टरगोमेना टैक्स से यहां 10वें भारत-तंजानिया संयुक्त आयोग बैठक में मुलाकात की। जयशंकर ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच इस संयुक्त आयोग में सार्थक बातचीत हुई। उन्होंने कहा, इसने हमें अपने संबंधों पर नए सिरे से गौर करने का एक मौका दिया। इस दौरान हमने इस बात पर भी चर्चा की कि ऐसे कौन से नए-नए क्षेत्र हैं जिनमें हम सहयोग को और बढ़ा सकते हैं। साथ ही, हम उन क्षेत्रों में भी अपना सहयोग मजबूत करने पर सहमत हुए जिन पर हम वर्षों से काम कर रहे हैं। दोनों पक्षों ने आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) एवं प्रौद्योगिकी में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा की। उन्होंने पत्रकारों से कहा, हमने दोनों देशों के बीच प्रशिक्षण एवं आदान-प्रदान बढ़ाने के बारे में बात की। हमने भारत और तंजानिया के बीच स्वास्थ्य, कृषि, रक्षा एवं शिक्षा जैसे नए क्षेत्रों को बढ़ावा देने पर विचार किया। जयशंकर ने कहा कि भारत और तंजानिया के बीच वर्षों से बहुत मजबूत संबंध रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी आजादी की शुरुआत से ही हमारे बीच हमेशा बेहतर समझ रही है। आज यह बहुत मजबूत आर्थिक भागीदारी में परिलक्षित होता है। हमारा सालाना लगभग साढ़े छह अरब डॉलर का व्यापार होता है।

फुकुशिमा संयंत्र का शोधित जल समुद्र में छोड़ने की योजना को लेकर आईएईए प्रमुख की आलोचना की गई

सियोल। दक्षिण कोरिया के विपक्षी सांसदों ने क्षतिग्रस्त फुकुशिमा परमाणु ऊर्जा संयंत्र से शोधित अपशिष्ट जल समुद्र में छोड़ने की जापान की योजना को मंजूरी देने को लेकर संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रॉसी की कड़ी निंदा की है। विपक्षी सांसदों ने ग्रॉसी से सियोल में मुलाकात की, जिस दौरान प्रदर्शनकारी बैठक स्थल के बाहर नारेबाजी कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक ग्रॉसी सरकारी अधिकारियों और आलोचकों के साथ बातचीत करने तथा खाद्य सुरक्षा के बारे में लोगों की चिंताओं को दूर करने के लिए सप्ताहांत में दक्षिण कोरिया पहुंचे। आईएईए ने अपशिष्ट जल समुद्र में छोड़ने की योजना पर पिछले सप्ताह अंतिम रिपोर्ट में अपना निष्कर्ष दिया था। इसमें कहा गया है कि जल को काफी हद तक शोधित करने की कोशिश की गई, लेकिन इसमें अब भी कुछ रेडियोधर्मिता है। जल अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है और इसका पर्यावरण तथा स्वास्थ्य पर प्रभाव नगण्य होगा। डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्यों के साथ अपनी बैठक में ग्रॉसी ने कहा कि जापान की योजनाओं पर आईएईए की समीक्षा पारदर्शी और वैज्ञानिक शोध पर आधारित थी।

बीबीसी ने आपत्तिजनक तस्वीरों के लिए किशोर को भुगतान करने के आरोप में एक प्रस्तोता को निलंबित किया

लंदन। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) ने रविवार को कहा कि उसने उस प्रस्तोता को निलंबित कर दिया है, जिस पर एक किशोर को आपत्तिजनक तस्वीरों के लिए भुगतान करने का आरोप है। ब्रिटेन के कई नेताओं ने बीबीसी से इस मामले की तेजी से जांच करने का आग्रह किया है। द सन अखबार की खबर के अनुसार, बीबीसी के पुरुष प्रस्तोता ने 2020 में 17 वर्षीय एक किशोर को आपत्तिजनक तस्वीर के बदले 35,000 पाउंड (45,000 अमेरिकी डॉलर) का भुगतान किया था। आरोपी प्रस्तोता और किशोर की पहचान जाहिर नहीं की गई है। खबर के अनुसार, किशोर की मां ने मई में बीबीसी से इस सिलसिले में एक शिकायत की थी। बीबीसी ने रविवार को एक बयान में कहा कि उसे पहली बार मई में एक शिकायत मिली थी लेकिन बृहस्पतिवार को एक अलग तरह के नए आरोप हमारे समक्ष रखे गए।

सूडान पूर्ण गृहयुद्ध की कगार पर : संरा प्रमुख

काहिरा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने कहा कि सूडान पूर्ण रूप से गृह युद्ध की कगार पर है। सूडान की राजधानी खार्तूम समेत देश के अन्य हिस्सों में बीते कुछ महीनों से प्रतिद्वंद्वी जनरलों के बीच जारी हिंसक संघर्ष रविवार को भी जारी रहा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतारेस के उप प्रवक्ता फरहान हक के अनुसार उन्होंने शनिवार शाम को चेतावनी दी कि सूडानी सेना और एक शक्तिशाली अर्धसैनिक बल के बीच युद्ध से पूरे क्षेत्र में अस्थिरता आने की आशंका है। सेना प्रमुख जनरल अब्देल-फत्तह बुरहान और उनके प्रतिद्वंद्वी जनरल के बीच कई महीनों के तनाव के बाद सूडान में अराजकता की स्थिति पैदा हो गई है। अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के कमांडर मोहम्मद हमदान डागालो ने अप्रैल के मध्य में खुले तौर पर इस लड़ाई की शुरुआत की थी। सूडान के स्वास्थ्य मंत्री हैथम मोहम्मद इब्राहिम ने पिछले महीने टेलीविजन पर अपने बयान में कहा था कि इन झड़पों में 3,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 6,000 से अधिक अन्य लोग घायल हुए हैं।

अमेरिका के ड्रोन हमले से सीरिया में आईएस के शीर्ष नेता की मौत : रक्षा विभाग

वाशिंगटन। अमेरिकी रक्षा विभाग का कहना है कि सीरिया के भीतर अमेरिका के ड्रोन हमले में आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) एक शीर्ष नेता मारा गया है। रक्षा विभाग का कहना है कि इस घटना के कुछ ही घंटों पहले सीरिया के पश्चिमी हिस्से में रूसी लड़ाकू विमानों ने अमेरिका के एमक्यू-9 रीपर ड्रोनों को बहुत परेशान किया था। अमेरिका के एक रक्षा अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को रीपर ड्रोन आतंकवादियों का पता लगाने के लिए उड़ान भर रहे थे, उसी वक्त रूसी लड़ाकू विमानों ने करीब दो घंटे तक उन्हें परेशान किया। अधिकारी ने बताया कि उसके तुरंत बाद ड्रोनों ने अलेप्पो क्षेत्र में मोटरसाइकिल से यात्रा कर रहे उसामा अल-मुहाजिर को निशाना बनाया। उक्त अधिकारी को इस मामले पर सार्वजनिक रूप से बयान देने का अधिकार प्राप्त नहीं है और उन्होंने पहचान गुप्त रखने की शर्त पर सैन्य अभियान से संबंधित जानकारी दी।

इमरान खान ने आईएमएफ से पाकिस्तान में निर्धारित समय पर आम चुनाव की गारंटी मांगी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से यह गारंटी मांगी है कि देश में आम चुनाव निर्धारित समय पर होंगे। पाकिस्तान के लिए स्टैंडबाय अरेंजमेंट (एसबीए) की समीक्षा और संभवतः इस समर्थन देने के लिए आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड की बैठक होनी है। इस बैठक से कुछ दिन पहले संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में घोषित तीन अरब अमेरिकी डॉलर के राहत पैकेज से संबंधित प्रमुख उद्देश्यों व नीतियों के लिए आश्वासन व समर्थन मांगने के लिए शुक्रवार को लाहौर में खान से मुलाकात की। पाकिस्तान और आईएमएफ के बीच महीनों की लंबी बातचीत के बाद 29 जून को देश को तीन अरब अमेरिकी डॉलर का राहत पैकेज देने को लेकर समझौता हुआ। पाकिस्तान को दिए जाने वाले कर्ज की समीक्षा के लिए आईएमएफ का कार्यकारी बोर्ड 12 जुलाई को बैठक करेगा।

चीन ने 2018 के चुनावों से पहले पाकिस्तान सरकार को किसी नए प्रयोग के खिलाफ चेतावनी दी थी: मंत्री

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के योजना मंत्री अहसन इकबाल ने दावा किया कि चीन ने 2018 के आम चुनावों से पहले पाकिस्तान की तत्कालीन सरकार को किसी भी तरह के नए प्रयोगों के खिलाफ चेतावनी दी थी। मंत्री ने शनिवार रात एक निजी समाचार चैनल जियो टीवी के एक कार्यक्रम के दौरान यह दावा किया। कार्यक्रम के दौरान इकबाल ने 60 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत वाले चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) को नुकसान पहुंचाने को लेकर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ नीत पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधा। जियो टीवी ने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता के हवाले से कहा, चीन ने कूटनीतिक तरीके से तत्कालीन सरकार को किसी भी नए प्रयोग से बचने के लिए (एक संदेश) देने की कोशिश की थी क्योंकि इससे सीपीईसी को नुकसान पहुंचता।

शहबाज शरीफ ने इमरान खान पर सेना प्रमुख के खिलाफ ओछे अभियान में शामिल होने का आरोप लगाया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को अपने पूर्ववर्ती इमरान खान पर थलसेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के खिलाफ ओछे और दुर्भावनापूर्ण अभियान में शामिल होने का आरोप लगाया। शहबाज ने एक ट्वीट में कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष खान छद्म तरीके से सेना प्रमुख को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, इमरान खान जनरल सैयद असीम मुनीर के खिलाफ ओछे और दुर्भावनापूर्ण अभियान चला रहे हैं। सेना प्रमुख को छद्म तरीके से हत्या के प्रयास की धमकी देने की उनकी चाल उजागर हो गई है। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि खान सत्ता में वापस आने के लिए भयादोहन करने की तरकीब का इस्तेमाल कर रहे हैं।

लंदन में खालिस्तान समर्थकों के विरोध प्रदर्शन में जुटे बहुत कम लोग

लंदन। लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर शनिवार को खालिस्तान समर्थकों के विरोध प्रदर्शन में बहुत कम लोग शामिल हुए। रैली में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दुरईस्वामी और बर्मिंघम में भारत के महावाणिज्य दूत डॉ. शशांक विक्रम की तस्वीरों के साथ हिंसा के लिए उकसाने वाले विवादास्पद पोस्टरों का इस्तेमाल किया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद थे,प्रदर्शन काफी जल्द खत्म हो गया। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के प्रवक्ता ने प्रदर्शन से पहले कहा था, उचित पुलिस व्यवस्था की जाएगी। इस सप्ताह की शुरुआत में खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा भारत विरोधी पोस्टर सोशल मीडिया पर सार्वजनिक किए जाने के बाद ब्रिटेन सरकार ने घोषणा की थी कि लंदन में भारतीय उच्चायोग पर कोई भी हमला अस्वीकार्य है।

मध्य चीन में राजमार्ग पर निर्माण के दौरान भूस्खलन, नौ लोग लापता

बीजिंग। मध्य चीन के हुबेई प्रांत में एक राजमार्ग पर निर्माण के दौरान भूस्खलन की घटना के बाद नौ लोग लापता हो गए। स्थानीय प्रशासन ने रविवार को यह जानकारी दी। तुपेंग के तुजिया स्वायत्त प्रांत में युशान गांव में शनिवार को निर्माण स्थल पर भूस्खलन हुआ। प्रांत के प्राधिकारियों के हालिया बयान के अनुसार अब तक पांच लोगों को सुरक्षित निकाला गया है, जबकि नौ अन्य अब भी लापता हैं। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के अनुसार, आपात प्रबंधन मंत्रालय ने भूवैज्ञानिक आपदाओं के लिए स्तर-चार की आपातकालीन प्रतिक्रिया को सक्रिय कर दिया है।

पश्चिमी राज्य में रिपोर्टर की हत्या की गई

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको के एक राष्ट्रीय अखबार ला जोनाडा ने कहा कि प्रशांत महासागर के तट से सटे देश के पश्चिमी राज्य नायारिट में उसका एक पत्रकार मृत पाया गया है। ला जोरनाडा की खबर के अनुसार, पत्रकार लुईस मार्टिन सांचेज इनिगेज का शव राज्य की राजधानी टेपिक के बाहरी इलाके में मिला। नायारिट के सरकारी अभियोजक के कार्यालय ने शनिवार को कहा कि इनिगेज (59) बुधवार से लापता थे और उन्हें तलाशने की अपील की गई थी। पत्रकार की पत्नी ने उनके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कार्यालय के मुताबिक, इनिगेज के साथ उनका फोन और कंप्यूटर भी गायब था।

ग्रैमी विजेता पियानो वादक पीटर नीरो का निधन

फिलाडेल्फिया। ग्रैमी विजेता पियानो वादक पीटर नीरो का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। द फिलाडेल्फिया इन्क्वायरर की खबर के अनुसार, पियानो वादक की बेटी बेवर्ली ने बताया कि पीटर नीरो का फ्लोरिडा के यूस्टिस में होम केयर असिस्टेड लिविंग फैसिलिटी में बृहस्पतिवार को निधन हो गया। बेहद निजी कार्यक्रम में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। पीटर नीरो ने शास्त्रीय और जैज़ संगीत के माध्यम से पॉप गीतों को नया रूप दिया और तीन दशक से अधिक समय तक फिली पॉप्स के ऑर्केस्ट्रा कंडक्टर के रूप में काम किया।

पोप ने 21 नए कार्डिनल के नाम की घोषणा की

वेटिकन सिटी। पोप फ्रांसिस ने रविवार को 21 नए कार्डिनल को चुनने की घोषणा की, जिनमें हांगकांग और यरुशलम के धर्माधिकारी भी शामिल हैं, जहां पर कैथोलिक ईसाई धर्म को मानने वाले बहुत कम संख्या में हैं। पोप ने इन नियुक्तियों की घोषणा सेंट पीटर्स स्क्वायर पर पारंपरिक साप्ताहिक संबोधन में की। उन्होंने कहा कि इन धर्माधिकारियों को 30 सितंबर को आयोजित होने वाले समारोह में आधिकारिक रूप से कार्डिनल के तौर पर नियुक्त किया जाएगा। पोप ने जिन ईसाई धर्माधिकारियों को वेटिकन के अहम पद के लिए चुना है, उनमें अर्जेंटीना के आर्चबिशप (महाधर्माध्यक्ष) मैनुअल फर्नांडिज भी शामिल हैं।

पाकिस्तान में गैस सिलेंडर विस्फोट में छह लोगों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में रविवार को गैस सिलेंडर में विस्फोट हो जाने से तीन मंजिला इमारत ढह जाने पर कम से कम छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पंजाब प्रांत के झेलम में ग्रैंड ट्रंक (जीटी) रोड पर स्थित तीन मंजिला होटल की इमारत उसकी रसोई में सिलेंडर फटने के बाद ढह गई। टेलीविजन चैनल जियो न्यूज ने झेलम के उपायुक्त समीउल्लाह फारूक के हवाले से बताया कि छह लोगों की मौत होने की पुष्टि हुई है, जबकि 10 घायलों को इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

अमेरिका पाबंदियों के बारे में चीन की शिकायतें सुनेगा : एलेन

● प्रौद्योगिकी निर्यात पर सुरक्षा संबंधी

भाषा। बीजिंग

अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट एलेन ने संबंधों में तनाव खत्म करने के उद्देश्य से की चीन की यात्रा समाप्त करते हुए रविवार को कहा कि उनका देश अमेरिकी प्रौद्योगिकी निर्यात पर सुरक्षा संबंधी पाबंदियों के बारे में चीन की शिकायतों को सुनेगा। एलेन ने व्यापार पर लक्षित उपायों का बचाव किया। चीन की नेताओं की शिकायत है कि इन प्रतिबंधों का उद्देश्य नवोदित प्रौद्योगिकी उद्योगों को क्षति पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन अनावश्यक दुष्परिणामों से बचना चाहता है लेकिन उन्होंने संभावित बदलावों का कोई संकेत नहीं दिया। प्रौद्योगिकी, सुरक्षा एवं ताइवान और अन्य मुद्दों पर विवाद के कारण अमेरिका और चीन के संबंध दशकों बाद अपने सबसे निचले स्तर पर हैं। चीन की एक बड़ी शिकायत सुरक्षा आधार पर प्रोसेसर चिप और अन्य अमेरिकी प्रौद्योगिकी तक पहुंच से जुड़ी है जिससे सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के स्मार्टफोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अन्य उद्योगों के विकास को नुकसान पहुंचने का खतरा है। एलेन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम संवाद के माध्यम शुरू करेंगे ताकि वे हमारे कदमों को लेकर चिंताओं को व्यक्त कर सके और हम अपने कदमों के अनापेक्षित परिणामों पर प्रतिक्रिया दे सकें। उन्होंने 10 घंटे चली बैठकों में चीन की सत्तारूढ़ पार्टी में दूसरे शीर्ष नेता प्रधानमंत्री ली क्विंग तथा अन्य अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने शनिवार को चीन के अपने समकक्ष एवं उप प्रधानमंत्री ली लिफेंग से बातचीत की। एलेन को सरकारी मीडिया में काफी कवरेज मिली लेकिन चीनी अधिकारियों ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया कि वे औद्योगिक या अन्य नीतियों में बदलाव करेंगे जिन्हें अमेरिका तथा अन्य देशों की सरकार बीजिंग की मुक्त व्यापार की प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन बताती है। अमेरिकी वित्त मंत्री ने रविवार को घोषणा की कि बड़े विवादों या भविष्य की योजनाओं पर कोई समझौता नहीं हुआ है लेकिन साथ ही उन्होंने कहा कि उनका विभाग और चीनी अधिकारी और अधिक नियमित रूप से संवाद करेंगे।एलेन ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों को आश्वस्त करने की कोशिश की कि वाशिंगटन अपनी अर्थव्यवस्था को चीन से अलग नहीं करना चाहता है लेकिन वह व्यापार में जोखिम को कम करने की कोशिश करता है। उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान स्वस्थ आर्थिक प्रतिस्पर्धा की अपील की। वित्त मंत्री ने कहा कि उन्होंने अमेरिकी कंपनियों के खिलाफ बलपूर्वक गतिविधियों के बारे में चीनी अधिकारियों के समक्ष चिंताएं व्यक्त की हैं। एलेन ने शनिवार को चीन से जलवायु परिवर्तन एवं अन्य वैश्विक चुनौतियों से निपटने में सहयोग करने की अपील की थी।

ब्रिटेन यात्रा के दौरान पर्यावरण और यूक्रेन जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे बाइडन

लंदन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन अपनी आगामी ब्रिटेन यात्रा के दौरान महाराजा चार्ल्स तृतीय के साथ पर्यावरण के मुद्दे पर जबकि प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ प्रमुख रूप से यूक्रेन में जारी युद्ध को लेकर चर्चा करेंगे। बाइडन लिथुआनिया में उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रविवार को रवाना होंगे। इससे पहले वह लंदन जाएंगे। बाइडन सोमवार को 10 डाउनिंग स्ट्रीट में सुनक के साथ विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे, इसके बाद वह विंडसर कैसल में पहली बार महाराजा चार्ल्स से मुलाकात करेंगे। पिछले साल सितंबर में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के अंतिम संस्कार के बाद बाइडन और चार्ल्स तृतीय के बीच यह पहली मुलाकात होगी। बाइडन का ब्रिटेन का यह राजकीय दौरा नहीं है। लिथुआनिया के विलनियस में नाटो के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने से पहले बाइडन और सुनक यूक्रेन को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे।

नाटो के आगामी शिखर सम्मेलन में यूक्रेन का समूह में शामिल होना सबसे बड़ी चुनौती

वाशिंगटन। रूस-यूक्रेन युद्ध जारी रहने के बीच इस सप्ताह लिथुआनिया के विल्नियस में होने वाले नाटो के शिखर सम्मेलन में इस समूह के देशों की एकजुटता की परीक्षा होगी। दुनिया का सबसे बड़ा सैन्य गठबंधन उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) स्वीडन को अपने 32वें सदस्य के रूप में शामिल करने के समझौते पर पहुंचने को लेकर गहन विचार-विमर्श कर रहा है। सदस्य राष्ट्रों द्वारा किया जाना वाला सैन्य खर्च दीर्घकालिक लक्ष्यों से पीछे है। वहीं, नाटो के अगले नेता के रूप में किसे काम करना चाहिए, इस नतीजे पर पहुंचने में असमर्थता के कारण वर्तमान महासचिव का कार्यकाल एक अतिरिक्त वर्ष के लिए बढ़ाना पड़ा था। साथ ही सम्मेलन के दौरान यूक्रेन का नाटो में शामिल होना सबसे बड़ी चुनौती हो सकती है। कुछ लोगों का मानना है कि यूक्रेन को नाटो का हिस्सा बनाने से वर्षों पहले किया गया एक वादा पूरा हो सकता है।

रूस ने क्रीमिया के ऊपर मिसाइल को मार गिराया

मॉस्को। क्रीमिया प्रायद्वीप में तैनात रूस के अधिकारियों ने रविवार को केर्च शहर के पास एक क्रूज मिसाइल को मार गिराने और क्षेत्र को रूस से जोड़ने वाले केर्च पुल पर यातायात को कुछ समय के लिए रोकने की सूचना दी। रूस द्वारा नियुक्त क्रीमियाई गवर्नर सर्गेई अक्स्योनोव ने कहा कि रूसी वायु रक्षा प्रणाली द्वारा मिसाइल को मार गिराने से जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने मिसाइल के प्रकार और इस बारे में कोई विवरण नहीं दिया कि यह कहां से दागी गई थी।

यूनान की सरकार ने दूसरे कार्यकाल के लिए संसद में विश्वास मत जीता

भाषा। एथेंस

यूनान की कंजर्वेटिव सरकार ने चार साल के अपने दूसरे कार्यकाल का आगाज करने के लिए संसद में विश्वासम मत जीत लिया है। इससे दो सप्ताह पहले प्रधानमंत्री किरियोकोस मित्सोताकिस की न्यू डेमोक्रेसी पार्टी ने चुनाव में जीत दर्ज करते हुए सत्ता में अपनी जगह बरकरार रखी थी। शनिवार को सरकार के नीति बयान पर हुए मतदान में 300 सदस्ईय संसद में 142 के मुकाबले 158 सांसदों ने इसके पक्ष में वोट दिया। उम्मीद के अनुरूप केवल न्यू डेमोक्रेसी पार्टी के सांसदों ने ही सरकार के लिए वोट दिया। मित्सोताकिस की न्यू डेमोक्रेसी ने 25 जून को हुए चुनाव में 40.56 प्रतिशत मत हासिल कर जीत हासिल की थी। वामपंथी सिरिजा ने 17.83 प्रतिशत और समाजवादी पीएएसओके ने 11.84 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। प्रधानमंत्री ने शनिवार को दिए भाषण में बड़े पैमाने पर हथियार खरीद कार्यक्रम पर जोर देते हुए खुद को सुरक्षा के मोर्चे पर मजबूत नेता बताया। इस हथियार खरीद कार्यक्रम में भविष्य में अमेरिका निर्मित एफ-35 लड़ाकू विमान की खरीद भी शामिल है। उन्होंने आव्रजन पर अपने कड़े रुख पर भी जोर दिया। वहीं, विपक्षी नेताओं ने कंजर्वेटिव सरकार में कई खामियां होने का आरोप लगाया है। समाजवादी नेता निकोस आंद्रोलाकिस ने सरकार पर नेताओं के फोन टैप करने से मिली सूचना का इस्तेमाल करने और इस मामले की जांच को दबाने का आरोप लगाया है।

दशकों में पहली बार बढ़े तपेदिक के मामले

कोविड-19 महामारी के कारण स्वास्थ्य पहल प्रभावित हुईं

भाषा। फोर्ट कॉलिंस



कोविड-19 वैश्विक महामारी का कारण बने सार्स-कोव-2 वायरस के 2020 में फैलने से पहले दुनियाभर में किसी भी अन्य संक्रामक बीमारी की तुलना में तपेदिक (टीबी) से सबसे अधिक लोगों की मौत होती थी, लेकिन अमेरिका और विश्व स्तर पर जन स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए उठाए गए कदमों के कारण, दशकों से तपेदिक के मामलों में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही थी। मैं एक संक्रामक रोग चिकित्सक हूं और दो दशक से अधिक समय से अमेरिका में वंचित समुदायों की देखभाल कर रहा हूं। वैश्विक महामारी के दौरान पहली बार ऐसा लगा कि फ्लू जैसी कई अन्य सामान्य बीमारियों की तरह ही कोविड-19 की रोकथाम से जुड़े प्रयासों के जरिए तपेदिक के मामलों में भी कमी आई है। लेकिन तपेदिक के मामले फिर से वैश्विक महामारी से पहले के समान हो गए हैं। पिछले कई दशकों में पहली बार वैश्विक स्तर पर इसके मामलों और इससे होने वाली मौत के आंकड़ों में वृद्धि देखी गई है। वैश्विक महामारी ने न के

अमरनाथ यात्रा तीन दिन बाद फिर शुरू

भाषा। श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के कारण तीन दिन तक स्थगित रहने के बाद अमरनाथ यात्रा रविवार को पंजतरणी और शेषनाग आधार शिविरों से फिर से शुरू करने की अनुमति दे दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अमरनाथ गुफा के आसपास आसमान साफ दिखने के बाद अधिकारियों ने गुफा मंदिर के द्वार खोल दिए और वहां फंसे श्रद्धालुओं को दक्षिण कश्मीर के हिमालय में प्राकृतिक रूप से निर्मित बर्फ के शिवलिंग के दर्शन की अनुमति दे दी। पंजतरणी आधार शिविर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने फोन पर पीटीआई-भाषा को बताया, जो श्रद्धालु पहले ही दर्शन कर चुके थे, उन्हें बालटाल आधार शिविर लौटने की अनुमति दे दी गई है। घाटी में भारी बारिश के कारण फंसे 700 से अधिक अमरनाथ यात्रियों को सेना ने अनंतनाग जिले के काजीगुंड स्थित अपने शिविर में शरण दी है। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले दिन में खराब मौसम और जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद रहने के कारण जम्मू से श्रद्धालुओं के किसी नए जत्थे को आगे बढ़ने की इजाजत नहीं दी गई। अधिकारियों के मुताबिक, राजमार्ग पर यातायात बहाल करने के प्रयास जारी हैं, जो भूस्खलन की कई घटनाओं के कारण बंद है। रामबन जिले में भूस्खलन के कारण करीब 40 मीटर सड़क धंस गई, जिससे वहां 3,500 से अधिक वाहन फंसे हुए हैं। बृहस्पतिवार रात से अमरनाथ गुफा के ऊंचाई वाले क्षेत्र के निकटवर्ती इलाकों समेत जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार, क्षेत्र में सोमवार से मौसम में सुधार होने की संभावना है। अधिकारियों के अनुसार, लगातार बारिश के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मलबा हटाने का काम बाधित हुआ। यातायात विभाग के एक अधिकारी ने कहा, भूस्खलन के मलबे को हटाने और पुराने मार्ग से होकर पंथियाल सुरंग के पास की क्षतिगस्त सड़क पर पहुंचकर उसकी मरम्मत करने का काम जारी है। पंथियाल में पर्वतीय क्षेत्र से गुजरने वाले राजमार्ग पर पर्वतों से लगातार चट्टानें गिरने के कारण यातायाता बहाली के कार्य में बाधा आ रही है। अधिकारी के मुताबिक, सड़क के यातायात योग्य बनने के बाद फंसे हुए वाहनों को प्राथमिकता के आधार पर निकाला जाएगा और फिर जम्मू एवं श्रीनगर से नए वाहनों को आने की अनुमति दी जाएगी। अधिकारी ने कहा कि रत्ता छंब में फिर से भूस्खलन होने से मुगल रोड बाधित हो गई है। उन्होंने बताया कि शनिवार को दोपहर बाद मार्ग को यातायात के लिए साफ कर दिया गया था, लेकिन फिर से भूस्खलन होने के बाद यह दोबारा बाधित हो गया। अधिकारी के अनुसार, मार्ग से मलबा हटाने का काम जारी है।

जम्मू-कश्मीर के डोडा में 11 सितंबर से शुरू होगी दो दिवसीय वार्षिक कैलाश यात्रा

जम्मू। जम्मू कश्मीर के डोडा जिले से शुरू होने वाली दो दिवसीय वार्षिक कैलाश यात्रा से जुड़ी तैयारियों की केंद्र शासित प्रदेश के अधिकारियों ने समीक्षा की है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। यह यात्रा 11 और 12 सितंबर को होनी है। अधिकारी ने कहा कि डोडा के जिला विकास आयुक्त,विशेष महाजन की अध्यक्षता में हुई एक संयुक्त बैठक में यात्रा से जुड़े इंतजाम पर चर्चा हुई। बैठक में नागरिक, पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों के अलावा पंचायत सदस्य और भद्रवाह स्थित सनातन धर्म सभा तथा कैलाश सेवा संघ के अध्यक्ष उपस्थित थे। यात्रा के तहत श्रद्धालु, 14,700 फुट की ऊंचाई पर स्थित कैलाश कुंड तक जाएंगे। यात्रा डोडा के गाथा में सदियों पुराने वासुकी नाग मंदिर से छड़ी मुबारक (पवित्र छड़ी) के साथ रवाना होने से शुरू होगी। कैलाश कुंड, प्राचीन नाग संस्कृति को दर्शाता है। अधिकारी ने कहा कि सनातन धर्म सभा ने इस एतिहासिक तीर्थयात्रा के लिए सुरक्षा इंतजाम, श्रद्धालुओं के ठहरने, परिवहन, अलाव के लिए लकड़ियों का इंतजाम तथा पानी और बिजली की व्यवस्था करने की मांग की है। सनातन धर्म सभा द्वारा उठाए गए मुद्दों पर प्रतिक्रिया देते हुए महाजन ने यात्रा को सफल बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही दिशानिर्देश दिए। डोडा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अब्दुल क्यूम ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यात्रा मार्ग पर पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। अधिकारी ने कहा कि भद्रवाह के अपर पुलिस अधीक्षक को श्रद्धालुओं को लाने व ले जाने वाले वाहनों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने को कहा गया है। अधिकारी ने कहा कि वन विभाग को कैलाश कुंड और ह्यान पर अलाव के लिए लकड़ियां उपलब्ध कराने को कहा गया है। कैलाश कुंड और ह्यान पर रात में वक्त श्रद्धालु ठहरेंगे।

भाजपा की सहयोगी एनपीपी अरुणाचल में यूसीसी लागू करने के विरोध में

ईटानगर। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) की अरुणाचल प्रदेश इकाई ने राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू किए जाने का विरोध करने का फैसला किया है। एनपीपी के राज्य महासचिव पाकंगा बागे ने बताया कि शनिवार को यहां पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में यह फैसला लिया गया। एनपीपी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष लिखा साया ने पत्रकारों से कहा, एनपीपी का विकासात्मक मुद्दों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से गठबंधन है, लेकिन क्षेत्रीय पार्टी अपनी विचारधारा का पालन करती है। बागे ने कहा कि पार्टी ने राज्य की विविध बहु-जातीय और बहु-आदिवासी संस्कृति के साथ ही उसकी मजबूत परंपराओं और पारंपरिक पहचान का हवाला देते हुए बैठक में यूसीसी का विरोध करने के लिए एक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। साया ने कहा, एनपीपी एक धर्मनिरपेक्ष दल है और वह किसी व्यक्ति या धार्मिक समूह के खिलाफ कोई पूर्वाग्रह नहीं रखता है। उसका एकमात्र उद्देश्य राज्य में प्रत्एक नागरिक का विकास और कल्याण सुनिश्चित करना है। अरुणाचल प्रदेश की 60 सदस्ईय विधानसभा में एनपीपी के चार विधायक हैं।

सरिस्का टाइगर रिजर्व में दो शावकों का जन्म, बाघों की संख्या बढकर 30 हुई

जयपुर। राजस्थान के सरिस्का टाइगर रिजर्व में दो शावकों के जन्म के साथ बाघों की संख्या बढ़कर 30 हो गई है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को नवजात शावकों के साथ बाघिन की कैमरा ट्रैप की तस्वीर साझा की। गहलोत ने कहा, सरिस्का टाइगर रिज़र्व से दो शावकों के जन्म का सुखद समाचार मिला। अब सरिस्का टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़कर 30 हो गई है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण बाघों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। वन विभाग के सूत्रों ने बताया कि बाघिन एसटी-19 ने दो शावकों को जन्म दिया है, और शावक 3-4 महीने के लग रहे है। सूत्रों ने बताया, बाघिन और शावकों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

क्विक न्यूज

वनवासी कल्याण आश्रम ने यूसीसी पर संसदीय समिति के सुझाव का स्वागत किया

नई दिल्ली। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम ने आदिवासियों को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के दायरे से बाहर रखने के संसदीय समिति के अध्यक्ष सुशील मोदी के सुझाव का रविवार को स्वागत किया। संगठन ने एक बयान में विधि आयोग से यह भी कहा कि वह अपनी रिपोर्ट जल्दबाजी में न सौंपे और उसने पहले अपने प्रमुख सदस्यों और संगठनों से आदिवासी समुदायों की प्रथाओं और परंपराओं को समझने का आग्रह किया।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम ने अनुसूचित जनजातियों और उनके संगठनों के सदस्यों से आग्रह किया कि यदि उन्हें प्रस्तावित यूसीसी को लेकर कोई चिंता है तो वे सोशल मीडिया पर चर्चाओं से गुमराह होने के बजाय इस मुद्दे पर विधि आयोग के समक्ष अपने विचार रखें। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद सुशील कुमार मोदी ने उनकी अध्यक्षता में एक संसदीय समिति की हाल में हुई बैठक में समान नागरिक संहिता बनने की स्थिति में पूर्वोत्तर एवं अन्य क्षेत्रों के आदिवासियों को इसके दायरे से बाहर रखने की वकालत की थी जबकि कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने इस विवादित मुद्दे पर विचार-विमर्श शुरू करने के विधि आयोग के कदम पर सवाल उठाया था। वनवासी कल्याण आश्रम के उपाध्यक्ष सत्एन्द्र सिंह ने एक बयान में कहा, अनुसूचित जनजातियों को इस कानून से बाहर रखने में हम संसदीय समिति के प्रमुख सुशील कुमार मोदी की भूमिका का स्वागत करते हैं। सिंह ने कहा कि इन दिनों यूसीसी को लेकर खासकर सोशल मीडिया पर काफी चर्चा जारी है, जिससे आम लोग भ्रमित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, आदिवासी समाज भी इससे अछूता नहीं है। निहित स्वार्थ वाले कुछ लोग आदिवासी समाज को भी गुमराह कर रहे हैं। सिंह ने कहा कि ऐसी स्थिति में वनवासी कल्याण आश्रम आदिवासी समाज, विशेषकर उनके सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों और शिक्षित वर्ग को सचेत करना चाहता है कि वे किसी के बहकावे में न आएं। उन्होंने कहा, अभी यह भी स्पष्ट नहीं है कि सरकार क्या करने जा रही है। अगर आदिवासी समाज के लोगों और उनके संगठन को लगता है कि इसके (यूसीसी) कारण उनकी प्रथाओं और प्रणालियों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, तो उन्हें सीधे विधि आयोग के समक्ष अपनी चिंताओं को उठाना चाहिए। उन्होंने कहा, आप 14 जुलाई तक अपने विचार विधि आयोग को ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। सिंह ने कहा कि विधि आयोग सभी हितधारकों से परामर्श के बाद केंद्र सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा और उसके बाद ही सरकार संसद में विधेयक लाएगी। उन्होंने कहा कि आयोग को जल्दबाजी में अपनी रिपोर्ट नहीं देनी चाहिए।

प्रशिक्षकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू किया

नोएडा। शिव नाडर फाउंडेशन के प्रोग्राम, शिक्षा इनिशिएटिव ने उत्तर प्रदेश में शिक्षण विधि पर प्रशिक्षकों के लिए अपना तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू किया है। इस कार्यक्रम का उदघाटन डॉ पवन सचान ने किया और कक्षाओं में सकारात्मक प्रभाव के बारे में बतायाए जिससे लिखने और पढ़ने की गति में सुधार आता है और विद्यार्थी की सीखने की क्षमता बढ़ती है। उन्होंने बल देकर कहा कि प्ब्ज् कोई वैकल्पिक नहीं बल्कि पढ़ाने की शैली में सुधार के लिए बहुत ज़रूरी है। उत्तर प्रदेश के 15]000 से ज्यादा स्कूलों में प्ज् हार्डवेयर पहले ही स्थापित किया जा चुका है और इसका प्रभावी उपयोग हो रहा है। मयंक सिन्हा एसोसिएट जनरल मैनेजर शिक्षा इनिशिएटिव ने सभी को कार्यक्रम में सहयोग हेतु धन्यवाद देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में शिक्षा इनिशिएटिव आईसीटी कंटेंट के उपयोग से अधिगम को सुनिश्चित कर रहा हैए शिव नाडर फाउंडेशन की मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे डीसी ट्रेनिंगए डायट प्रवक्ताएएसआरजी अपने जनपदों में शिक्षा आईसीटी कंटेंट के उपयोग हेतु प्रशिक्षण आयोजन कर इसको गति दे सकेंगे और उत्तर प्रदेश में शिक्षण व्यवस्था को नया स्वरूप दे सकेगें । शिक्षा इनिशिएटिव के हेड प्रांजल बरुआ ने कहा कि् से स्वास्थ्य] आजीविका] खेती] और उद्योग सहित कई क्षेत्रों में लाभकारी परिवर्तन आ रहे हैं। यह विशेषकर प्राथमिक स्तर पर सिद्धांतों को समझने के लिए शिक्षा में क्रांति लेकर आ रही है। शिक्षा इनिशिएटिव के डायरेक्टरए रोबिन सरकार ने सरकार के सहयोग से उत्तर प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए इस प्रोग्राम की एक दशक पुरानी प्रतिबद्धता पर बल दिया।

टिपरा मोथा में फूट डालने की साजिश रची जा रही : प्रद्योत किशोर

अगरतला। त्रिपुरा में टिपरा मोथा के प्रमुख प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मा ने आरोप लगाया कि क्षेत्रीय पार्टी के कार्यकर्ताओं में फूट डालने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने राज्य सरकार पर भी निशाना साधा और दावा किया कि त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद के लिए बजटीय खर्च का सिर्फ दो प्रतिशत आवंटित किया गया है। देबबर्मा ने पश्चिम त्रिपुरा के माधवबाड़ी में शनिवार को सभा को संबोधित करते हुए कहा, समुदाय में थांसा (एकता) में खलल डालने के प्रयास किए जा रहे है। हममें से कई लोग उपाध्यक्ष, महासचिव, मंत्री या कार्यकारी सदस्य बनना चाहते है, लेकिन हम अगर सिर्फ निजी महत्वाकांक्षाओं के बारे में सोचेंगे, तो हमारी अगली पीढ़ी का क्या होगा? त्रिपुरा के राजघराने से ताल्लुक रखने वाले देबबर्मा ने यह भी कहा कि वह पार्टी में पद हासिल करने के लिए लोगों को उन्हें ब्लैकमेल करने की अनुमति नहीं देंगे। उन्होंने कहा, कई लोगों ने मुझसे फोन पर बात की है और पार्टी में पद की मांग की है। उन्होंने मुझे धमकी भी दी है कि अगर मैंने उनकी मांग नहीं मानी, तो वे पार्टी छोड़ देंगे। मैंने उनसे कहा है कि अगर वे जहां जाना चाहते है, तो चले जाएं। अगर उनमें दम है, तो वे उन लोगों को ब्लैकमेल करें, जो कोकबोरोक की जगह बांग्ला लिपी थोपते है। कोकबोरोक त्रिपुरा की एक जनजातीय भाषा है। जनजातीय क्षेत्र परिषद के लिए कम बजट आवंटन को लेकर राज्य सरकार की निंदा करते हुए देबबर्मा ने सवाल किया, क्या यही सबका साथ, सबका विकास का उदाहरण है? भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अक्सर सबका साथ, सबका विकास नारे का इस्तेमाल करती है। त्रिपुरा के वित्त मंत्री प्रणजीत सिंह रॉय ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में मौजूदा वित्त वर्ष के लिए 27,654 करोड़ रुपए का बजट पेश किया था। देबबर्मा ने टिपरासा (जातीय मूल के लोगों) को आश्वस्त किया कि वह मरते दम तक उनके साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि 15 जुलाई से पार्टी के दो दिवसीय पूर्ण अधिवेशन के बाद टिपरा मोथा वृहद टिपरालैंड की मांग को लेकर एक आंदोलन शुरू करेगी।

इंदौर के निजी विद्यालय में छात्र को तिलक लगाकर आने से रोकने पर विवाद

इंदौर (मध्यप्रदेश), नौ जुलाई (भाषा) इंदौर में एक निजी विद्यालय द्वारा एक छात्र को तिलक लगाकर आने से कथित तौर पर रोके जाने को लेकर विवाद सामने आया है। इसके बाद बाद शिक्षा विभाग ने विद्यालय प्रबंधन को चेताया है कि वह छात्र-छात्राओं की धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए शिक्षण संस्थान में सर्व धर्म समभाव बरकरार रखे। हालिया विवाद के एक वीडियो में तिलक लगाकर कक्षा के बाहर खड़ा एक नाबालिग छात्र कहता सुनाई पड़ रहा है कि शहर के श्री बाल विज्ञान शिशु विहार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उसे तिलक लगाकर आने नहीं दिया जा रहा है। छात्र यह दावा करता भी सुनाई पड़ रहा है कि उसे शिक्षकों द्वारा चेतावनी दी गई है कि आइंदा वह तिलक लगाकर विद्यालय आया तो उसके हाथ में स्थानांतरण प्रमाणपत्र (टीसी) पकड़ा दिया जाएगा। घटना के एक अन्य वीडियो में विद्यालय परिसर में जुटे कुछ लोग शिक्षकों के साथ बहस के दौरान इस बात पर तीखी आपत्ति जताते देखे जा सकते है कि छात्रों को तिलक लगाकर आने से आखिर कैसे रोका जा सकता है? बहस के दौरान एक शिक्षिका कहती सुनाई पड़ रही है कि उनके विद्यालय में धर्म की बात नहीं की जाती और उनका शिक्षण संस्थान सर्व धर्म समभाव से चलता है।

बंगाल पंचायत चुनावों में केंद्रीय बलों को जानबूझकर तैनात नहीं किया गया: भाजपा

भाषा। कोलकाता

पश्चिम बंगाल में विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को आरोप लगाया कि राज्य में पंचायत चुनावों के दौरान केंद्रीय बलों को जानबूझकर तैनात नहीं किया गया। इसपर, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने कहा कि इस बात की कोई गारंटी नहीं थी कि यदि केंद्रीय बलों को तैनात किया जाता, तो हिंसा नहीं होती। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा कि यदि संवेदनशील स्थानों पर केंद्रीय (सशस्त्र पुलिस) बलों को तैनात किया जाता, तो इतनी हिंसा नहीं होती तथा लोगों ने बिना किसी भय के स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया होता। उन्होंने कहा, केंद्रीय बलों को जानबूझकर संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात नहीं किया गया। घोष ने आरोप लगाया कि मतदान केंद्रों पर केंद्रीय बलों को तैनात करने के बजाय उनसे राजमार्गों की गश्ती करवाई गई, या उन्हें थानों में रखा गया। उन्होंने दावा किया, जहां कहीं उन्हें तैनात भी किया गया, वहां हिंसा और मतपत्रों की लूट के बाद ऐसा किया गया। उन्होंने कहा, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने उन्हें सभी मतदान केंद्रों पर तैनात करने का आदेश दिया था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इस पर, राज्य में सत्तारूढ़ टीएमसी ने कहा कि इस बात की कोई गारंटी नहीं थी कि यदि केंद्रीय बलों को तैनात किया जाता तो हिंसा नहीं होती। पार्टी के प्रवक्ता कुणाल घोष ने आरोप लगाया कि 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान कूच बिहार में केंद्रीय बलों की गोलीबारी में चार लोगों की जान चली गई थी। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में 61,000 मतदान केंद्रों पर मतदान हुआ तथा हिंसा सिर्फ करीब 60 मतदान केंद्रों पर हुई तथा उनमें से आठ पर ही गंभीर घटनाएं हुईं।
उन्होंने कहा, ज्यादातर मामलों में, हिंसा में तृणमूल कार्यकर्ताओं की ही मौत हुई। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को पश्चिम बंगाल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में हुई हिंसा में 15 लोगों की मौत हुई है।

वास्तविक दिखने की राहुल गांधी की इच्छा हास्यास्पद है : हिमंत विश्व शर्मा

गुवाहाटी।असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी में अचानक पैदा हुई वास्तविक दिखने की इच्छा और उतावलापन हास्यास्पद है। शर्मा शनिवार को राहुल के हरियाणा के सोनीपत जिले के मदीना गांव में अचानक रुकने का जिक्र कर रहे थे, जहां उन्होंने लोगों से बातचीत की और खेतों में काम करने वाले किसानों के साथ समय बिताया। शर्मा ने यह भी दावा किया कि जब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तस्वीरें खिंचवा रहे थे, तब किसानों के साथ धक्का-मुक्की हुई। हरियाणा में कांग्रेस के नेताओं ने बताया था कि राहुल ने धान की बुआई की, ट्रैक्टर चलाया और खेतों में काम करने वाली महिला मजदूरों द्वारा लाया गया खाना खाया। किसानों के साथ राहुल का एक संक्षिप्त वीडियो साझा करते हुए, शर्मा ने ट्वीट किया, राजकुमार में अचानक पैदा हुई वास्तविक दिखने की इच्छा और उतावलापन हास्यास्पद है। लेकिन भगवान के लिए, अपनी फोटो और वीडियो टीम से तस्वीर खिंचवाने के अपने उत्साह में, हमारे अन्नदाताओं की गरिमा से खिलवाड़ न करें। शर्मा ने कहा, खुद को किसान बताने के लिए किसानों से धक्का-मुक्की करना निंदनीय है मिस्टर गांधी। रील जीवन पर ध्यान देने के बजाय वास्तविक बनें।

तुलजा भवानी मंदिर ने 2023-23 में 54 करोड़ की आय अर्जित की

भाषा। उस्मानाबाद

महाराष्ट्र के उस्मानाबाद जिले में स्थित मशहूर तुलजा भवानी मंदिर ने 2021-22 में 29 करोड़ रुपए के मुकाबले 2022-23 में करीब दोगुनी यानी 54 करोड़ रुपए की आय अर्जित की। मंदिर प्रशासन ने यह जानकारी दी। मंदिर संस्थान के अध्यक्ष एवं उस्मानाबाद के जिलाधीश डॉ. सचिन ओमबेस ने शनिवार को कहा कि पिछले वित्त वर्ष में अर्जित 54 करोड़ रुपए में से श्रद्धालुओं द्वारा पैसे देकर किए गए दर्शन से 15 करोड़ रुपए की आय हुई, जबकि श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए दान से 19 करोड़ रुपए मिले। सदियों पुराना तुलजा भवानी मंदिर उस्मानाबाद के तुलजापुर में स्थित है और हर साल लाखों श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं। जिलाधीश ने कहा, हम मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं और इसके कारण आय बढ़ी है। कई लोगों ने पैसे देकर दर्शन करने की सुविधा ली, जिसके लिए मंदिर प्रत्एक व्यक्ति से 500 रुपए का शुल्क लेता है। उन्होंने बताया कि पिछले महीने के अंत तक की गई गणना के अनुसार, 2009 से 2022 के बीच तुलजा भवानी मंदिर में कुल 207 किलोग्राम सोने और 2,570 किलोग्राम चांदी का चढ़ावा आया। जिलाधीश के मुताबिक, तुलजापुर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की अनुमति से बनाया जा रहा मास्टर प्लान आखिरी चरण में है और इसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

विहिप ने लगाया जम्मू-कश्मीर की लड़कियों को आत्मरक्षा का गुर सिखाने के लिए शिविर

भाषा। जम्मू

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) से संबद्ध दुर्गा वाहिनी ने जम्मू-कश्मीर में लड़कियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाने और आतंकवादी हमले के दौरान खुद को सुरक्षित रखने के लिए एक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। दक्षिणपंथी संगठन ने रविवार को यह जानकारी दी। तीन जुलाई को शुरू हुए सप्ताह भर के शिविर में केंद्र शासित प्रदेश के 12 जिलों की लड़कियों ने भाग लिया। विहिप के एक नेता ने कहा कि शिविर का उद्देश्य रक्षा कौशल सिखाने के अलावा लड़कियों को लव जिहाद के बारे में जागरूक करना भी था। दुर्गा वाहिनी की नेता शबनम खजूरिया ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने आत्मरक्षा और व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए तीन जुलाई से सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि इस पहल का प्राथमिक उद्देश्य लड़कियों के आत्मविश्वास को बढ़ाना और उन्हें क्षेत्र में आतंकवाद से लेकर आपदाओं तक सभी प्रकार के खतरों से निपटने के लिए तैयार करना था। शबनम ने कहा, योग के अलावा प्रतिभागियों को राइफल और तलवार चलाने का प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे वे किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपट सकें। मुख्य प्रशिक्षक अंजलि खजूरिया ने कहा कि लड़कियों को प्रशिक्षित किए जाने के बाद, वे अपने क्षेत्र में पहुंचकर नए कौशल को अन्य महिलाओं तक पहुंचाएंगी। प्रशिक्षुओं में से एक अदिति गुप्ता ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, मार्शल आर्ट और हथियार चलाने के प्रशिक्षण ने हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाया है। इसने हमें किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए आत्मविश्वास दिया है।

भाजपा का विरोध करने से तमिलनाडु की द्रमुक सरकार पर खतरा आए तो भी चिंता न करें: स्टालिन

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एम के स्टालिन ने रविवार को कहा कि अगर द्रमुक नीत सरकार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का कड़ा विरोध करने की वजह से खतरा हो तो भी चिंता करने की जरूरत नहीं है। विपक्षी दलों की हाल में पटना में हुई बैठक के बारे में स्टालिन ने कहा कि यह महत्वपूर्ण नहीं है कि सत्ता कौन संभालेगा, बल्कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि मौजूदा शासन जारी नहीं रहना चाहिए। उन्होंने यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार का संदर्भ देते हुए की। इस महीने की 17 और 18 तरीख को कर्नाटक में विपक्षी दलों की होने वाली प्रस्तावित बैठक का संदर्भ देते हुए द्रमुक प्रमुख ने दावा किया कि भाजपा सरकार और खास तौर पर मोदी इस तरह के घटनाक्रम से आक्रोशित हैं।

भाजपा की एक देश, एक दल योजना नहीं की जाएगी स्वीकार: उद्धव ठाकरे

भाषा। मुंबई



उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा कि भाजपा की एक देश, एक दल योजना कभी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का करिश्मा घटता जा रहा है।यवतमाल जिले के दिगरास में एक रैली को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा, एक देश , एक कानून समझा जा सकता है। लेकिन हम भाजपा की एक देश, एक दल योजना कभी स्वीकार नहीं करेंगे। दिगरास शिवसेना विधायक और राज्य के मंत्री संजय राठौड़ का गढ़ है। राठौड़ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खेमे में चले गए हैं।पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने यह भी आरोप लगाया कि पुरानी सहयोगी भारतीय जनता पार्टी ठाकरे नहीं, खाली शिवसेना को चाहती है।उन्होंने कहा, भाजपा अब निरर्थकों की पार्टी बन गई है। उनका इशारा हाल में महाराष्ट्र में शिवसेना-भाजपा सरकार में शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नौ विधायकों के शामिल किए जाने की ओर था।ठाकरे ने कहा कि प्रधानमंत्री का करिश्मा घट गया है जो हाल के कर्नाटक विधानसभा चुनाव से समझ में आ गया है। उन्होंने कहा, उन्होंने (मोदी ने) बजरंग बली की जय का नारा जोरशोर से दिया लेकिन बजरंग बली ने पलटकर अपनी गदा से प्रहार किया तथा भाजपा का कर्नाटक में सफाया हो गया।

अमरावती में उद्धव समर्थकों ने सांसद नवनीत राणा, उनके पति के पोस्टर हटाए

अमरावती(महाराष्ट्र)। शिवसेना (यूबीटी) के कार्यकर्ताओं ने उद्धव ठाकरे की विदर्भ यात्रा से पहले महाराष्ट्र के अमरावती में रविवार को स्थानीय सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा के पोस्टर हटा दिए। रविवार से ठाकरे विदर्भ के दो दिवसीय दौरे पर हैं। राणा दंपति ने कहा था कि वे यहां गर्ल्स हाईस्कूल चौराहे पर सुबह नौ बजे से अपराह्न दो बजे तक हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे और उनके समर्थकों ने इसकी सूचना देने के लिए पोस्टर भी लगाए थे। अमरावती से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके पति रवि राणा को पिछले साल अप्रैल में तत्कालीन मुख्यमंत्री ठाकरे के निजी आवास मातोश्री के सामने हनुमान चालीसा का पाठ करने का आह्वान किए जाने बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। बाद में, उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था।

भुजबल ने शरद पवार पर साधा निशाना

नासिक। महाराष्ट्र के नवनियुक्त मंत्री छगन भुजबल ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार की एवला रैली के उद्देश्य पर सवाल उठाते हुए रविवार को कहा कि पार्टी में विद्रोह उनके परिवार में हुआ था और इसमें उनकी कोई भूमिका नहीं है। शरद पवार ने शनिवार को भुजबल के विधानसभा क्षेत्र नासिक के एवला में एक रैली की थी और भुजबल पर परोक्ष रूप से हमला बोलते हुए कहा था कि उन्होंने कुछ लोगों पर भरोसा करके गलती की है। भुजबल और अजित पवार समेत राकांपा के आठ विधायक दो जुलाई को शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा से बगावत कर महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हो गए थे। भुजबल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, शरद पवार साहब, आप एवला क्यों आए? मैं इसे समझ नहीं सका। मैं विद्रोह के लिए जिम्मेदार नहीं हूं। यह आपके परिवार में हुआ था। भुजबल ने कहा कि वह अन्य पिछड़ा वर्ग के नेता हैं, जो रैलियां करते हैं और भाषण देते हैं। भुजबल ने कहा, पवार साहब सोचते हैं कि यह विद्रोह मैंने किया है, लेकिन मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं है। ऐसा उनके परिवार में हुआ है।

अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए उपयुक्त बाजार तलाश रहे भारतीय स्टार्टअप

भाषा। नई दिल्ली

अंतरिक्ष में अपनी कक्षा में चक्कर लगा रहे उपग्रहों में फिर से ईंधन भरने से लेकर पृथ्वी की सेहत पर नजर रखने तक, भारत के स्टार्टअप इससे वैश्विक वाणिज्यिक सहयोग के बड़े अवसर के द्वार खुलने की उम्मीद के साथ उपयुक्त बाजार तलाश रहे हैं। अंतरिक्ष क्षेत्र की कंपनियों का मानना है कि भारत के आर्टेमिस संधि पर हस्ताक्षर करने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया अमेरिका यात्रा के दौरान अंतरिक्ष क्षेत्र, खास तौर से निर्यात पर नियंत्रण और प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण के मुद्दों की जुड़ी समस्याओं के समाधान पर जोर दिए जाने के बाद निजी क्षेत्र की कंपनियों के लिए अंतरिक्ष के क्षेत्र में अवसर उपलब्ध होंगे। भारत ने 2020 में अंतरिक्ष क्षेत्र के अपने बाजार को निजी क्षेत्र के लिए खोला था, जिसके बाद से 150 स्टार्टअप स्थापित हुए हैं जो रॉकेट और उपग्रह निर्माण, अंतरिक्ष यात्रियों के लिए प्रशिक्षण सुविधाएं मुहैया कराने और अंतरिक्ष पर्यटन की संभावनाएं तलाश रहे हैं। मनस्तु स्पेस के सह-संस्थापक तुषार जाधव ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह अच्छी शुरुआत है क्योंकि 10-15 साल पहले तक अमेरिका द्वारा अंतरिक्ष या रक्षा क्षेत्र की प्रौद्योगिकी साझा किया जाना अनसुनी बात थी। अब हम इन क्षेत्रों में साथ मिलकर काम करने की बात कर रहे हैं। मुंबई की कंपनी मनस्तु उपग्रहों के लिए हरित (पर्यावरण हितैषी) प्रणोदन प्रणाली विकसित करने पर काम कर रही है और अगले साल परीक्षण कर इस तकनीक को मान्यता दिलाना चाहती है। कंपनी अंतरिक्ष में एक ईंधन केन्द्र भी डिजाइन कर रही है ताकि कक्षा में चक्कर ल

ब्रूक और वोक्स ने दिलाई इंग्लैंड को जीत

● तीसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हराया, एशेज श्रृंखला जीवंत रखी

भाषा। लीड्स

हैरी ब्रूक की 75 रन की आकर्षक अर्धशतकीय पारी और क्रिस वोक्स (नाबाद 32) के साथ उनकी सातवें विकेट के लिए 59 रन की साझेदारी की मदद से इंग्लैंड ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद रविवार को यहां तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया पर तीन विकेट से रोमांचक जीत दर्ज करके पांच मैचों की एशेज श्रृंखला को जीवंत बनाए रखा। इंग्लैंड ने इस तरह से हेडिंग्ले में लक्ष्य का पीछा करते हुए रोमांचक जीत दर्ज करने का सिलसिला जारी रखा। उसने 2019 में बेन स्टोक्स की शानदार पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया को हराया था लेकिन इस बार इंग्लैंड का कप्तान नहीं चल पाया। ऐसे में ब्रूक ने अच्छी तरह से जिम्मेदारी संभाली। इंग्लैंड ने 251 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट पर 254 रन बनाकर श्रृंखला को रोमांचक बनाए रखा। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दोनों टेस्ट मैच जीते थे और वह अभी श्रृंखला में 2-। से आगे है। चौथा टेस्ट मैच 19 जुलाई से ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाएगा। नियमित अंतराल में विकेट गंवाने के कारण इंग्लैंड का स्कोर एक समय छह विकेट पर 171 रन था। अपना दसवां टेस्ट मैच खेल रहे हैं ब्रूक को ऐसे में वोक्स के रूप में अच्छा जोड़ीदार मिला। ब्रूक ने मिशेल स्टार्क (78 रन देकर पांच विकेट) की गेंद पर आउट होने से पहले 93 गेंदों का सामना किया तथा नौ चौके लगाए। ब्रूक के आउट होने के बाद क्रीज पर उतरे मार्क वुड ने आठ गेंदों पर 16 रन की नाबाद पारी खेली। वोक्स ने स्टार्क पर विजई चौका लगाया। इंग्लैंड लंच के समय लक्ष्य से 98 रन दूर था जबकि उसके छह विकेट बचे हुए थे। स्टार्क इसके बाद बेन स्टोक्स (13) और जॉनी बेयरस्टो (पांच) को आउट करके ऑस्ट्रेलिया की वापसी करने की उम्मीद जगा दी थी। इंग्लैंड ने सुबह अपनी पारी बिना किसी नुकसान के 27 रन से आगे बढ़ाई। उसने अपने स्कोर में केवल 15 रन जोड़े थे स्टार्क ने बेन डकेट (23) को पगबाधा आउट कर दिया। मोईन अली को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया। यह ऑलराउंडर पहले भी यह भूमिका निभा चुका है लेकिन इस बार ब्रैंडन मैकुलम का यह दांव नहीं चला। मोईन ने 15 गेंदों का सामना करके पांच रन बनाए लेकिन स्टार्क की 90 मील प्रति घंटे की रफ्तार से की गई गेंद का उनके पास कोई जवाब नहीं था जिसे उन्होंने अपने विकेटों पर खेल दिया।

आईसीसी की सालाना बोर्ड बैठक में बीसीसीआई के राजस्व पर लगेगी मुहर

भाषा। नई दिल्ली

● वनडे के भविष्य पर होगी चर्चा

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की सोमवार से होने वाली सालाना बोर्ड बैठक के दौरान इस खेल निकाय के वार्षिक राजस्व में से भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को 231 मिलियन डॉलर (लगभग 19 अरब रुपए) के हिस्से को मंजूरी मिलना लगभग तय है। डरबन में इस चार दिवसीय बैठक के दौरान वनडे के भविष्य (खास कर द्विपक्षीय श्रृंखला) और किसी खिलाड़ी के द्वारा टी20 लीग में भागीदारी की सीमा पर भी चर्चा होगी। इस दौरान सदस्यों को अगले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप की तैयारियों के बारे में अपडेट मिलने की भी उम्मीद है। इस बैठक का सबसे बड़ा मुद्दा राजस्व कर वितरण है। भारत को 2024-2027 के बीच की अवधि के लिए आईसीसी के 600 मिलियन डॉलर (लगभग 49.5 अरब रुपए)के वार्षिक राजस्व से 38.5 प्रतिशत (230 मिलियन डॉलर वार्षिक) का बड़ा हिस्सा मिलने का प्रस्ताव है। पड़ोसी देश पाकिस्तान को इस पर कुछ आपत्ति है लेकिन यह समझा जाता है कि इसे बिना किसी परेशानी के बोर्ड की मंजूरी मिल जाएगी। आईसीसी की वित्तीय और वाणिज्यिक मामलों (एफ एंड सीए) समिति इसकी मंजूरी देगी और इसके बाद निदेशक मंडल की बैठक में यह महज औपचारिकता भर होगा। आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने पीटीआई-भाषा से कहा, अगर कोई प्रतिशत को आधार बना कर देखें तो राजस्व वितरण अनुचित लग सकता है, जिसमें भारत को 38.5 प्रतिशत और ईसीबी (इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड) को 6.89 प्रतिशत और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को 6.25 प्रतिशत मिलेगा। इस राजस्व को प्रतिशत की जगह मात्रा के नजरिए से देखना चाहिए। सदस्य देशों को पिछले आठ वर्षों में जो रकम मिली है यह उसकी तुलना में काफी अधिक है। इंग्लैंड का हिस्सा 41 मिलियन डॉलर (लगभग 3.3 अरब रुपए) है जबकि पिछले चक्र में उसे 16 मिलियन डॉलर (लगभग 1.32 अरब रुपए) मिले थे। इसी तरह एसोसिएट देशों को 22 मिलियन डॉलर की जगह 67 मिलियन डॉलर मिलेंगे। इस प्रतिशत की गणना क्रिकेट रैंकिंग , आईसीसी टूर्नामेंटों में प्रदर्शन और खेल में व्यावसायिक योगदान पर आधारित है।

रक्षिता फाइनल में

पेरिस। कर्नाटक की दृष्टिबाधित धाविका रक्षिता राजू ने रविवार को यहां पैरा एथलेटिक्स विश्व चैम्पियनशिप में महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। कोच राहुल बालाकृष्णा के मार्गदर्शन में 2018 पैरा एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता रक्षिता ने टी11 वर्ग में दूसरी रेस (हीट) में 5:26.47 सेकेंड का समय निकाला जिससे वह सोमवार को होने वाले फाइनल में पहुंचने में सफल रही।रक्षिता सात एथलीट के फाइनल में पांचवे स्थान से शुरुआत करेगी।

राष्ट्रीय दिव्यांग टी20 क्रिकेट आठ अक्टूबर से

नई दिल्ली। दिव्यांगो के लिए राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट आठ अक्टूबर से उदयपुर में आयोजित किया जाएगा जिसमें 400 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। भारतीय राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) ने प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। डीसीसीआई अब भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के तहत काम करता है। इस टूर्नामेंट में कुल 24 टीमें भाग लेंगी जिसमें 400 से अधिक दिव्यांग क्रिकेटर हिस्सा लेंगे।

आईपीएल की तर्ज पर शतरंज लीग का होगा आयोजन

नई दिल्ली।अखिल भारतीय शतरंज महासंघ इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर फ्रेंचाइजी आधारित शतरंज टूर्नामेंट शुरू करेगा जिसकी निविदा प्रक्रिया अगले एक पखवाड़े में शुरू हो जाएगी। इस फ्रेंचाइजी आधारित लीग में छह से आठ टीमें होंगी। इसके शुरूआती सत्र का आयोजन इस साल दिसंबर में होगा।एआईसीएफ आम सभा की रविवार को कानपुर में बैठक हुई थी। जिसमें इस बारे में चर्चा की गई थी। एआईसीफ के अध्यक्ष संजय कपूर ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा, हमें भारतीय शतरंज का चेहरा बदलना होगा। यह आईपीएल जैसा होगा।

महिला जूनियर हैंडबॉल चैंपियनशिप में भारत की चेतना सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर

नई दिल्ली। भारत की चेतना शर्मा को हांगकांग में आयोजित 17वीं एशियन महिला जूनियर अंडर-20हैंडबॉल चैंपियनशिप का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुना गया। गत 30 जून से 9 जुलाई तक आयोजित इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम की ओर से खेल रही हिमाचल प्रदेश की चेतना को साउथ एशियन हैंडबॉल फेडरेशन के महासचिव डाएआनन्देश्वर पाण्डेय ने सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर की ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया।इस अवसर पर चेतना शर्मा को हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटालाए महासचिव एएजगनमोहन राव व कोषाध्यक्ष डाएतेजराज सिंह ने भी बधाई देते हुए चेतना के उज्जवल भविष्य की कामना की।

भारत में शिविर आयोजित करेंगे नीदरलैंड के कोच डि पोल

नई दिल्ली। नीदरलैंड के गोलकीपिंग कोच डेनिस वान डि पोल चीन के हांगझोउ में सितंबर में होने वाले एशियाई खेलों से पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम के गोलकीपरों के लिए बेंगलुरु में दो विशेष शिविर लगाएंगे। भारतीय टीम के साथ वान डि पोल का पहला शिविर 13 से 19 जुलाई तक होगा जबकि वह सात से 14 सितंबर तक एक हफ्ते तक चलने वाले एक अन्य शिविर के लिए फिर भारत आएंगे।

सीआईडी ने जीता टूर्नामेंट

लखनऊ। मैन ऑफद मैच रूद्र प्रताप सिंह 4 विकेट की उपयोगी गेंदबाजी के साथ सीआईडी क्लब ने प्रथम आइरिस क्राउन स्कूल कॉरपोरेट टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब डीएलएस मेथड के सहारे डीएसएस क्लब को 15 रन से हराकर जीता। कॉरियर ग्राउंड पर डीएसएस क्लब पहले बल्लेबाजी करते हुए 63 रन ही बना सका। गौरव सिंह -12 व शाद खान10 ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। सीआईडी क्लब से रूद्र प्रताप सिंह ने चार जबकि अमरदीप सिंह ने दो विकेट चटकाए। जवाब में सीआईडी क्लब ने अपनी पारी की शुरुआत की थी लेकिन बारिश के चलते मैच रोक देना पड़ा। इसके बाद डीएलएल मैथड के सहारे संशोधित लक्ष्य का पीछा करते हुए सीआईडी क्लब ने 10ए4 ओवर में 7 विकेट पर 50 रन बनाकर मैच और खिताब जीत लिया।

श्रीलंका ने नीदरलैंड को 128 रन से रौंदा

● विश्व कप क्वालीफायर का फाइनल

भषा। हरारे

दिलशान मदुशंका (18 रन पर तीन विकेट) और महीश तीक्षणा (31 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर श्रीलंका ने शनिवार को यहां एकदिवसीय विश्व कप क्वालीफायर के फाइनल में नीदरलैंड को 128 रन के बड़े अंतर से शिकस्त देकर इस प्रारूप में लगातार 10वीं जीत दर्ज की। ये दोनों टीमें इस साल पांच अक्टूबर से 19 नवंबर तक भारत में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी हैं। इस जीत से श्रीलंका विश्व कप में क्वालीफायर एक और नीदरलैंड क्वालीफायर दो के रूप में टूर्नामेंट में हिस्सा लेगा। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद श्रीलंका की टीम 47.5 ओवर में 233 रन पर आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड की पूरी पारी 23.3 ओवर में 105 रन पर सिमट गई।श्रीलंका के लिए सहान अराछिगे ने 71 गेंद में सबसे ज्यादा 57 रन बनाए। कुसल मेंडिस (43), चरिथ असलंका (36), वानिंदु हसरंगा (29) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए। अराछिगे ने अपनी पारी के दौरान मेंडिस के साथ तीसरे विकेट के लिए 72 जबकि असलंका के साथ चौथे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी लेकिन 36वें ओवर में उनके आउट होने के बाद टीम की पारी लड़खड़ा गई।नीदरलैंड के लिए विक्रमजीत सिंह, लोगन वैन बीक, रायन क्लाइन और साकिब जुल्फिकार ने दो-दो जबकि आर्यन दत्त ने एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड के लिए मैक्स ओ डाउड ही श्रीलंका के गेंदबाजों का कुछ हद तक सामना कर सके।वह 33 रन बनाकर तीक्षणा का शिकार बने। टीम के लिए उनके अलावा वैन बीक (नाबाद 20) और विक्रमजीत (13) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। मैन ऑफ द मैच मदुशंका और तीक्षणा के अलावा हसरंगा ने भी दो विकेट चटकाए।

मुकेश, उनादकट और सैनी तीसरे तेज गेंदबाज की दौड़ में

● वेस्टइंडीज के खिलाफ कल शुरू होगा टेस्ट

भाषा। रोसीयू (डोमिनिका)

वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए जयदेव उनादकट, मुकेश कुमार और नवदीप सैनी तीसरे तेज गेंदबाज की दौड़ में शामिल हैं और भारतीय टीम प्रबंधन के लिए इनमें से किसी एक का चयन करना आसान नहीं होगा।पहला टेस्ट मैच रोसीयू के विंडसर पार्क में होगा जिसने अभी तक पांच टेस्ट तथा चार वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी की है। इस मैदान पर अंतिम टेस्ट मैच 2017 में खेला गया था जिसमें पाकिस्तान ने तीन दिन के अंदर 101 रन से जीत दर्ज की थी। वेस्टइंडीज ने यहां केवल एक टेस्ट मैच जीता है और वह भी जिंबाब्वे की कमजोर टीम के खिलाफ। ऐसे में क्रेग ब्रेथवेट की अगुवाई वाली टीम अतीत के प्रदर्शन से प्रेरणा नहीं ले सकती। इस मैदान पर जो आखिरी टेस्ट मैच खेला गया था उसमें पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों मोहम्मद आमिर, हसन अली और मोहम्मद अब्बास ने 11 विकेट लिए थे जबकि लेग स्पिनर यासिर शाह ने दोनों पारियों में मिलाकर आठ विकेट हासिल किए थे।भारत का दोनों स्पिनरों रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के साथ उतरना तय है जबकि शार्दुल ठाकुर अपने बल्लेबाजी कौशल और इंग्लैंड में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में शानदार प्रदर्शन के कारण मोहम्मद सिराज के साथ तेज गेंदबाजी विभाग का जिम्मा संभालेंगे। भारत के पास स्पिन विभाग में अक्षर पटेल भी हैं जो जडेजा की तरह ऑलराउंडर हैं। भारत हालांकि तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतर सकता है। भारत के लिए तीसरे तेज गेंदबाज का चयन करना आसान नहीं होगा क्योंकि तीनों तेज गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। नवदीप सैनी ने अपनी लय हासिल कर ली है तथा वह अपनी गति में कटौती किए बिना लंबे स्पेल कर सकते हैं। धीमी पिच पर ड्यूक गेंद से वह उपयोगी साबित हो सकते हैं।

लारा को खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

रोसीयू। वेस्टइंडीज के प्रदर्शन सलाहकार और पूर्व महान बल्लेबाज ब्रायन लारा का मानना है कि उनकी टीम के खिलाड़ी सही दिशा में आगे बढ़ रहे है और उनमें से कुछ भारत के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में अपने मौके का फायदा उठा कर अच्छा प्रदर्शन करेंगे। भारत 12 जुलाई को डोमिनिका में अपना टेस्ट अभियान शुरू करेगा। टीम टेस्ट मैचों के बाद तीन वनडे और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेलेगी। लारा ने कहा, हमें दो बहुत महत्वपूर्ण टेस्ट मैच खेलने हैं। इससे हमारा दो साल का चक्र (विश्व टेस्ट चैंपियनशिप) शुरू होगा। यह भारत के खिलाफ है और भारतीय टीम अपने घर में खेले या बाहर हर जगह दुनिया की शीर्ष टीमों में से एक है।

ग्रैंड शतरंज टूर: आनंद और गुकेश संयुक्त छठे स्थान पर

जगरेब। भारतीय खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद और डी गुकेश 2023 सुपरयूनाइटेड रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट के ब्लिट्ज वर्ग के पहले दिन संयुक्त छठे स्थान पर चल रहे है। यह प्रतियोगिता ग्रैंड शतरंज टूर का हिस्सा है। पांच बार के विश्व चैम्पियन आनंद अपने नौ गेम में से केवल दो में ही जीत दर्ज कर पाए जिसमें से एक जीत उन्हे युवा जीएम गुकेश के खिलाफ ही मिली। इससे नौ दौर में उनके 13 अंक हो गए है जबकि ब्लिट्ज वर्ग में नौ और गेम खेले जाने बाकी है। आनंद ने एक अन्य जीत फैबियानो कारूआना के खिलाफ हासिल की। वही गुकेश ने रोमानिया के रिचर्ड रैपोर्ट के खिलाफ जीत से शुरुआत की लेकिन इसके बाद उन्हे लगातार चार हार का सामना करना पड़ा। उन्होने वापसी करते हुए रोमानिया के कोस्टैंटिन लुपुलेस्कू और पोलैंड के जान क्रिस्तोफ डुडा को हरा दिया। इसके बाद उन्हे क्रोएशिया के इवान सारिच और इयान नेपोमनियाच्ची से हार मिली। आनंद और गुकेश 13-13 अंक लेकर संयुक्त रूप से छठे स्थान पर चल रहे है।

एशियाई खेलों में हंपी शतरंज में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी

नई दिल्ली। दो बार की स्वर्ण पदक विजेता कोनेरू हम्पी और कांस्य पदक विजेता द्रोणावल्ली हरिका 23 सितंबर को हांगझोउ में शुरू होने वाले एशियाई खेलों में 10 सदस्ईय भारतीय शतरंज टीम की अगुवाई करेंगी। पुरुष वर्ग में विदित गुजराती और युवा अर्जुन एरिगैसी और महिला वर्ग में हम्पी और हरिका व्यक्तिगत श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। पुरुष टीम में ग्रैंडमास्टर डी गुकेश, गुजराती, एरिगैसी, पी हरिकृष्णा और आर प्रगानानंद शामिल है जबकि महिला टीम में हंपी, हरिका, आर वैशाली, वंतिका अग्रवाल और सविता श्री टीम स्पर्धा में चुनौती पेश करेंगी।सभी खिलाड़ी हाल ही में ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) में मुश्किल चुनौती का सामना कर के आ रहे है। इस स्पर्धा में उन्हे दुनिया के कुछ महानतम शतरंज खिलाड़ियों से शीर्ष स्तर की प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा, जिसमें नॉर्वे के पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन भी शामिल थे।टीम की घोषणा रविवार को कानपुर में अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) की आम सभा की बैठक के दौरान की गई, जिसकी अध्यक्षता इसके अध्यक्ष संजय कपूर ने की। भारतीय टीम:पुरुषः डी गुकेश, विदित गुजराती, अर्जुन एरीगैसी, पी हरिकृष्णा और आर प्रज्ञानानंद। महिलाएंः कोनेरू हम्पी, डी. हरिका, आर वैशाली, वंतिका अग्रवाल और सविता श्री।

रूस की किशोरी एंड्रीवा चौथे दौर में

● अपने पदार्पण विम्बलडन में जीती

विम्बलडन। पहली बार विम्बलडन में खेल रही रूस की सोलह वर्षीय मीरा एंड्रीवा ने रविवार को इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के चौथे दौर में अपनी जगह पक्की की। एंड्रीवा 2019 में कोको गॉफ के बाद विंबलडन में महिलाओं के चौथे दौर में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। वह इस साल के अपने पहले बड़े टूर्नामेंट फ्रेंच ओपन में तीसरे दौर में पहुंचीं थी। एंड्रीवा ने दूसरे सेट में 4-। से पिछड़ने के बावजूद 22वीं वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पोटापोवा को 6-2, 7-5 से हराया। उन्होंने इस जीत के बाद कहा, मैं।-4 से पिछड़ रही थी, ऐसे में यह जीत शानदार है। एंड्रीवा के सामने अब 25वीं वरीयता प्राप्त अमेरिका की खिलाड़ी मेडिसन कीज की चुनौती होगी। एंड्रीवा की जीत से पहले चेक गणराज्य की मार्केटा वोंड्रेसोवा विम्बलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी बनी। वोंड्रोसोवा ने 32वीं वरीयता प्राप्त मैरी बौजकोवा को 2-6, 6-4, 6-3 से हराया। क्वार्टर फाइनल में वोंड्रोसोवा को जेसिका पेगुला से भिड़ना होगा। चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका की पेगुला ने लेस्या त्सुरेंको 6-।, 6-3 से मात दी। पुरुषों में 21वीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव भी चौथे दौर में पहुंचने में सफल रहे। फ्रांसिस टियाफो के खिलाफ शनिवार को शुरू हुआ उनका मुकाबला रविवार को खत्म हुआ।

युकी-माइनेनी, बोपन्ना-डाब्रोवस्की की जोड़ियां बाहर

लंदन। युकी भांबरी और साकेत माइनेनी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी रविवार को यहां विबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में स्पेन के एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना और फ्रांस के एडियन मन्नारिनो से तीन सेट तक चले मुकाबले में हारकर बाहर हो गई। भांबरी और माइनेनी ने पहला सेट गंवाने के बाद दूसरे सेट में अच्छी वापसी की लेकिन आखिर में उन्हे दो घंटे तक चले मुकाबले में 4-6 6-4 4-6 से हार का सामना करना पड़ा।रोहन बोपन्ना और कनाडा की गैब्रिएला डाब्रोवस्की की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी के 2019 विबलडन चैंपियन इवान डोडिग और लतीशा चान से 7-6 (5), 3-6, 4-6 से हारने के साथ ही भारत की मिश्रित युगल में चुनौती भी समाप्त हो गई।फ्रेंच ओपन में 2017 में खिताब जीतने वाली बोपन्ना और डाब्रोवस्की की जोड़ी ने पहला सेट टाईब्रेकर में जीता लेकिन वह अगले दोनो सेट में लय बरकरार नही रख पाए।भारत के शीर्ष रैंकिंग के युगल खिलाड़ी बोपन्ना ने हालांकि अपने ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू एबडेन के साथ पुरुष युगल में अपनी उम्मीदे बरकरार रखी है।

स्पिनरों और हरमनप्रीत ने दिलाई भारत को जीत

● बांग्लादेश को सात विकेट से हराया

● तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई

भाषा। मीरपुर

कप्तान हरमनप्रीत कौर ने नए अंतरराष्ट्रीय सत्र की शुरुआत अर्धशतक (नाबाद 54 रन) जड़कर की जिससे भारतीय महिला टीम ने रविवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश पर सात विकेट की आसान जीत दर्ज कर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। भारतीय स्पिनरों ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए बांग्लादेश को पांच विकेट पर 114 रन ही बनाने दिए। इसके बाद हरमनप्रीत (35 गेंद, छह चौके, दो छक्के) और उप कप्तान स्मृति मंधाना (34 गेंद में 38 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 70 रन जोड़कर लक्ष्य 16.2 ओवर में ही हासिल कर लिया। हरमनप्रीत ने दो जीवनदान का पूरा फायदा उठाया जो उन्हें बाएं हाथ की स्पिनर नाहिदा अख्तर की गेंदबाजी में मिले। मंधाना ने भी अपनी पारी के दौरान पांच चौके लगाए। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद उसके गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से बल्लेबाजों को यह आसान लक्ष्य हासिल करने में जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा हालांकि अपने खराब फुटवर्क के कारण पगबाधा आउट हुई। जेमिमा रोड्रिग्स (11 रन) सुल्ताना खातून की ऑफ ब्रेक गेंद पर बोल्ड हुईं। जिसके बाद हरमनप्रीत और मंधाना ने टीम को आसान जीत की ओर अग्रसर किया। मंधाना के आउट होने के बाद यास्तिका भाटिया क्रीज पर उतरीं जिन्होंने नाबाद 09 रन बनाए। इससे पहले अनुभवी दीप्ति शर्मा (चार ओवर में 14 रन) की अगुआई वाले स्पिन आक्रमण ने कप्तान हरमनप्रीत कौर की योजना को बहुत अच्छी तरह मैदान पर उतारा। स्पिन विभाग में अनुषा बारेड्डी (चार ओवर में 24 रन) और मीनू मणी (तीन ओवर में 21 रन देकर एक विकेट) ने उनका बखूबी साथ निभाया।

स्कोरबोर्ड

बांग्लादेश पारीः रानी बो वस्त्राकर 22, सुल्ताना का रोड्रिग्स बो मणी 17,मोस्त्री स्टं. भाटिया बो शेफाली 23,सुल्तानारन आउट 02, अख्तर नाबाद 28, मोनी रन आउट 11,अख्तर नाबाद 00,**अतिरिक्तः** (लेग बाईः 02, वाइडः 09) 11,**कुल योगः** 20 ओवर में पांच विकेट पर 114 रन,**विकेट पतनः**।-27, 2-52, 3-57, 4-78, 5-111,**गेंदबाजीः** पूजा वस्त्राकर 4-।-16-।, अमनजोत 2-0-19-0,दीप्ति 4-0-14-0, मीनू 3-0-21-।,अनुषा 4-0-24-0,शेफाली 3-0-18-।

भारत पारी : शेफाली पगबाधा बो मारूफा अख्तर 00,मंधाना स्ट निगार सुल्ताना बो सुल्ताना खातून 38, रोड्रिग्स बो सुल्ताना खातून 11, कौर नाबाद 54,भाटिया नाबाद 09,**अतिरिक्त** : 06,**कुल** : 16.2 ओवर में तीन विकेट पर 118 रन,विकेट पतन :।-0, 2-21, 3-91,गेंदबाजी : अख्तर 3-।-18-।,खातून 3.2-0-32-0,सुल्ताना 4-0-25-2, खान 3-0-22-0,अख्तर 3-0-18-0

सिंधू सेमीफाइनल में यामागुची से हारीं

● कनाडा ओपनः सेन फाइनल में

भाषा। कालगैरी



राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन लक्ष्य सेन ने यहां जापान के केंटा निशिमोटो पर सीधे गेम में जीत दर्ज कर कनाडा ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। सेन ने जापान के 11वीं रैंकिंग के खिलाड़ी को 21-17 21-14 से हराकर अपने दूसरे सुपर 500 फाइनल में जगह बनाई। यह एक साल में उनका पहला बीडब्ल्यूएफ फाइनल भी होगा। सत्र के शुरु में सेन फॉर्म में नहीं थे जिससे रैंकिंग में 19वें नंबर पर खिसक गए। 2021 विश्व चैम्पियनशिप में इस 21 साल के खिलाड़ी ने कांस्य पदक जीता था। अब रविवार को फाइनल में उनका सामना चीन के लि शि फेंग से होगा जिनके खिलाफ उनका जीत का रिकॉर्ड 4-2 का है। सेन ने कहा, काफी खराब शुरुआत हुई, मैं शटल पर अच्छी तरह नियंत्रण नहीं बना पाया। जैसे ही मैं लय में आय तो बेहतर होता गया। परफेक्ट नेटप्ले अहम रहा और हम दोनों ऐसा ही करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा, आखिर में मैंने नेट पर नियंत्रण बना लिया और स्मैश भी अच्छे रहे। तकनीकी रूप से काफी अच्छा मैच खेला। मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। वहीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकीं और महिला एकल के सेमीफाइनल में जापान की नंबर एक खिलाड़ी अकाने यामागुची से 14-21 15-21 से हार गईं। रैंकिंग में छठे स्थान पर रह चुके सेन ने पिछला फाइनल पिछले साल अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों में खेला था। वह यहां सेमीफाइनल के शुरु में 0-4 से पिछड़ रहे थे लेकिन जल्द ही उन्होंने 8-8 से बराबरी हासिल की। ब्रेक तक निशिमोटो 11-10 से बढ़त बनाए थे लेकिन जल्द ही भारतीय खिलाड़ी ने अपने पसंदीदा स्मैश और तेज रिटर्न से वापसी की और अपने प्रतिद्वंद्वी के लांग शॉट से गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में दोनों ने एक दूसरे को बराबरी की टक्कर दी लेकिन सेन की सतर्कता निशिमोटो पर भारी पड़ी। एक समय 2-2 के समान स्कोर के बाद दोनों 9-9 की बराबरी पर थे। ब्रेक तक सेन ने दो अंक की बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद सेन 19-11 से आगे थे और निशिमोटो के फिर से नेट पर शॉट लगाने से भारतीय खिलाड़ी ने मुकाबला जीत लिया।

छेत्री ने एशियाई कप से पहले स्टिमक की चार हफ्ते के शिविर की मांग का समर्थन किया

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल कप्तान सुनील छेत्री ने रविवार को मुख्य कोच इगोर स्टिमक की अगले साल एशियाई कप से पहले कम से कम चार हफ्ते के शिविर की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि टीम को महाद्वीप में सर्वश्रेष्ठ टीमों से भिड़ने की तैयारी के लिए काफी समय की जरूरत है। छेत्री (38 वर्ष) दोहा में (12 जनवरी से 10 फरवरी तक) अपना अंतिम एशियाई कप खेलेंगे और उन्होंने साथ ही इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट से पहले एशिया में शीर्ष सात रैंकिंग पर काबिज टीम जैसे ईरान, जापान या सऊदी अरब के खिलाफ कम से कम एक अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच कराने की भी वकालत की। छेत्री ने मीडिया से वर्चुअल बातचीत में कहा, हम एशियाई कप (ग्रुप मैच) में आस्ट्रेलिया, उज्बेकिस्तान और सीरिया से भिड़ने जा रहे हैं, ।

नेशनल सीरीज अंडर 18 टेनिस टूर्नामेंट में खेलने को प्रणव तैयार

● यूपी के इस खिलाड़ी की शानदार प्रदर्शन का सिलसिला जारी रखने पर निगाह

लखनऊ। हाल ही में हुए दो आइटा टूर्नामेंट में लगातार तीन खिताब जीतने वाले 15 साल के प्रतिभाशाली टेनिस खिलाड़ी प्रणव मिश्रा की निगाह आने वाले समय में अपनी तैयारियों को धार देना और अपने शानदार प्रदर्शन का सिलसिला जारी रखने पर है। प्रणव मिश्रा अब झज्जर ;हरियाणाद्ध में 10 से 15 जुलाई तक होने वाले जॉयगांव नेशनल सीरीज अंडर 18 टेनिस टूर्नामेंट में भाग लेंगे। गोमतीनगर स्थित प्रोफेशनल टेनिस अकादमी के टेनिस कोर्ट पर प्रैक्टिस करने वाले यूपी के उभरते हुए इस टेनिस खिलाड़ी ने तब सुर्खियां बटोरी थी जब उन्होंने हाल ही में खेले गए कुछ अन्य टूर्नामेंट में कई दिग्गज खिलाड़ियों को धूल चटाई थी। वैसे उनका परिवार सीमित संसाधनो के बावजूद प्रणव को पूरा सपोर्ट कर रहा है। हालाकि उनके सामने आर्थिक संकट भी है और उन्हें अपने खेल को आगे बढ़ाने के लिए बड़े स्तर पर आर्थिक मदद की दरकार है। प्रणव मिश्रा ने गत 27 मई से 3 जून तक लखनऊ में आयोजित आइटा सीएस 7 टेनिस टूर्नामेंट में अंडर.16 एकल वर्ग का खिताब जीता। वहीं अंडर.18 डबल्स में कड़ी टक्कर के बाद उन्हें उपविजेता रहकर संतोष करना पड़ा था। इसके बाद प्रणव ने जीरखपुरए चंडीगढ़ पंजाब में आल इंडिया सीएस 7अंडर-16 व अंडर.18द्ध टेनिस टूर्नामेंट में दोहरे खिताब जीत अपनी धाक जमा दी। उन्होंने गत 12 से 16 जून तक आयोजित इस टूर्नामेंट में अंडर-16 एकल और अंडर.18 युगल के खिताब अपने नाम किए।